जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

epaper.rashtradoot.com

उदयपुर

Rashtradoot

फोनः- 2418945 फैक्सः- 0294-2410146 वर्षः 31 संख्याः 174 प्रभात उदयपुर, रविवार 28 अप्रेल, 2024 आर.जे. 7202 पृष्ठ 6 मूल्य 2.50 रु.

## बाड़मेर में कांग्रेस के उम्मेदाराम बेनीवाल के जीतने की भारी संभावना

### यह संभावना पूर्व मु.मंत्री गहलोत को रास नहीं आ रही?

-रेणु मित्तल-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

- ऐसी चर्चा है कि, गहलोत चाहते थे, वैभव तो हार ही रहे हैं जालोर से, अतः अगर पड़ोसी सीट पर बाड़मेर में भी कांग्रेस का उम्मीदवार हार जाये तो हाई कमान को वैभव की हार को समझाना आसान हो जायेगा, क्योंकि केवल जालोर में ही नहीं पूरे मारवाड़ में कांग्रेस हारी है।
- चर्चाओं के अनुसार, इस सोच के तहत ही अशोक गहलोत की टीम बाड़मेर में निर्दलीय उम्मीदवार रविन्द्र सिंह भाटी के पक्ष में काम कर रही थी और इसीलिये बालेन्दु सिंह शेखावत व अमीन खान प्रतीकात्मक तौर पर रविन्द्र सिंह भाटी की मदद कर रहे थे।
- पर, उम्मेदाराम बेनीवाल को जाटों के, अल्पसंख्यकों के तथा एस.सी. के वोट भारी संख्या में मिले हैं। अतः वे जीत के नज़दीक माने जाते हैं।
- हनुमान बेनीवाल, उनके पुराने पार्टी के साथी व सदस्य उम्मेदाराम के पक्ष में प्रचार करने नहीं गये तथा आमसभा में मंच से अपने समर्थकों को कहा, जहां मैं गठबंधन के बावजूद प्रचार करने नहीं जा रहा हूँ, वहां आपको समझ लेना चाहिये कि, मैं उस उम्मीदवार का समर्थन नहीं कर रहा हूँ। उस मंच पर गहलोत भी मौजूद थे।
- चर्चा के अनुसार हाई कमान भी गहलोत की इस तथाकथित विवादास्पद भूमिका से काफी वाकिफ है।

नई दिल्ली, 27 अप्रेल। राजस्थान में मतदान के दूसरे चरण में, जिसमें 13 लोकसभा सीटों के लिए मतदान हुआ, उनमें से बाड़मेर ही ऐसी सीट है जिस पर कांग्रेस को जीत का पूरा विश्वास है। लेकिन, इस संभावित विजय के पीछे और भी बहुत कुछ है। राजस्थान कांग्रेस के सूत्रों का कहना है कि, पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और उनकी टीम ने बाड़मेर में कांग्रेस प्रत्याशी उम्मेदाराम बेनीवाल की हार सुनिश्चित करने के लिए हर तरह के हथकण्डे अपनाए।

सूत्रों का कहना है कि, अपने पुत्र वैभव गहलोत की जीत सुनिश्चित करने के लिए, अशोक गहलोत ने कांग्रेस पार्टी को भारी नुकसान पहुँचाया है, क्योंकि, जोरदार चर्चा यह है कि, वैभव गहलोत बहुत बड़े अंतर से हार रहे हैं। अशोक गहलोत पड़ोसी लोकसभा सीट बाड़मेर के कांग्रेस प्रत्याशी उम्मेदाराम बेनीवाल की हार सुनिश्चित करना चाहते हैं, क्योंकि, तब हाई कमान को वैभव की हार को समझाना आसान हो जाएगा, क्योंकि तब वे कह सकेंगे कि केवल जालोर में ही नहीं, पूरे मारवाड़ में कांग्रेस हारी है।

सूत्रों का कहना है कि, कांग्रेस के नेताओं ने, बाड़मेर में अशोक गहलोत की भूमिका से केन्द्रीय नेतृत्व को अवगत करवा दिया है, और दिल्ली में अशोक गहलोत के अनेक शुभचिंतक होने के बावजूद, पार्टी नेतृत्व बहुत गंभीरता से अशोक गहलोत की भूमिका पर नज़र रखे हुए है।

माना जाता है कि, अशोक गहलोत के नज़दीकी कांग्रेस नेताओं ने, सोशल मीडिया पर छाए, बाड़मेर से निर्दलीय प्रत्याशी रविन्द्र सिंह भाटी के लिए प्रचार करने और उनके लिए वोट मांगने के लिए भारी मेहनत मशक्कत की है। कहा जा रहा है कि, अमीन खान, मेवा राम जैन, मदन प्रजापत, बालेन्दू सिंह शेखावत, अशोक गहलोत टीम के अन्य सदस्यों के साथ मिलकर चुनाव जीतने में भाटी की मदद कर रहे थे।

रोचक बात यह है कि, इन समस्त प्रयासों के बावजूद कांग्रेस प्रत्याशी उम्मेदाराम बेनीवाल, जाटों, अनुसूचित जाति तथा अल्पसंख्यकों के अच्छे खासे वोट लेने में सफल रहे और ये लोग भारी संख्या में उम्मेदाराम के लिए वोट डालने आए। बेनीवाल की जीत की संभावना अच्छी लग रही है। रोचक यह भी है कि, आर.एल.पी. के हनुमान बेनीवाल, जिन्हें नागौर में कांग्रेस ने समर्थन दिया और जिनको समर्थन देने के लिए अशोक गहलोत ने नई दिल्ली में एड़ी-चोटी का जोर लगा दिया था, ने एक जनसभा में घोषणा की कि, उनके समर्थकों को यह समझ लेना चाहिए कि, गठबंधन होने के बावजूद भी अगर कहीं वो नहीं जा रहे हैं, इसका मतलब है कि वो उस प्रत्याशी का समर्थन नहीं कर रहे हैं।

गहलोत उस मंच पर उपस्थित थे, जहाँ से हनुमान बेनीवाल ने यह वक्तव्य दिया। बाद में यह स्पष्ट किया गया कि, हनुमान बेनीवाल और उनकी पार्टी भाजपा प्रत्याशी कैलाश चौधरी को समर्थन दे रहे थे क्योंकि वो कांग्रेस प्रत्याशी से खुश नहीं थे। असल में उम्मेदाराम पूर्व में आर.एल.पी में ही थे। वे हाल ही में कांग्रेस में आए थे।

ऐसे में अशोक गहलोत और हनुमान बेनीवाल के प्रति उनके प्रेम के बारे में क्या ही कहा जाए। अपनी स्वयं की पार्टी के प्रत्याशी को हराने के लिए पार्टी के आदरणीय नेता इस तरह व्यवहार करते हैं। इस कहानी की अगली कड़ी अगले कुछ दिनों में आएगी।

## भूखंड का कब्जा नहीं दिया, जे.डी.ए. पर 25 हजार रूपए का जुर्माना

जयपुर, 27 अप्रेल (का.सं.)। जिला उपभोक्ता आयोग, जयपुर-प्रथम ने 14 साल में भी अमृत कुंज योजना की लॉटरी में निकले आवासीय भूखंड का कब्जा आवंटी को नहीं देने को गंभीर सेवादोष करार दिया है। आयोग ने भूखंड का कब्जा नहीं देने पर जे.डी.ए. पर 25 हजार रुपए का जुर्माना लगाते हुए कहा कि विपक्षी के सेवादोष के कारण परिवादी अपनी बड़ी जमा राशि के उपयोग से भी वंचित रहा है।

- जिला उपभोक्ता आयोग जयपुर प्रथम ने कहा कि, अमृत कुंज योजना में लॉटरी में निकला भूखंड 14 साल में भी आवंटी को नहीं दिया जाना जे.डी.ए. का गंभीर सेवादोष है।

उपभोक्ता आयोग ने जे.डी.ए. को जमा राशि 9,87,800 रुपए 16 जून 2021 से 6 प्रतिशत ब्याज सहित लौटाने का निर्देश दिया है। आयोग के अध्यक्ष सूबेसिंह यादव व सदस्य नीलम शर्मा ने यह आदेश मनफूल बैरवा के परिवाद पर फैसला सुनाते हुए दिया।

परिवाद में कहा गया है कि, जे.डी.ए. ने वर्ष 2010 में कालवाड़ रोड पर आवासीय योजना अमृत कुंज में भूखंड आवंटन के लिए आवेदन मांगे। इसमें परिवादी ने भी आवेदन किया और 8 सितम्बर, 2010 को लॉटरी से उसे 225 वर्गमीटर का भूखंड

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## अजमेर में भाजपा के भागीरथ चौधरी का पलड़ा भारी, शानदार जीत की ओर अग्रसर

### गहलोत की ज़िद ने अजमेर सीट भाजपा की झोली में डाली

- गहलोत ने इस गुर्जर बहुल सीट से जानबूझकर अपने करीबी और 5 बार चुनाव हार चुके रामचन्द्र चौधरी को टिकट दिलवाया, पर वे अपनी कोई छाप नहीं छोड़ पाए।
- गहलोत ने क्षेत्र से सचिन पायलट को दूर रखने में कोई कसर नहीं छोड़ी। पायलट की उपेक्षा से क्षेत्र के गुर्जर पहले से ही नाराज हैं, इसलिए उन्होंने भाजपा के प्रति अपना रूझान दर्शाया।
- मतदान प्रतिशत कम होना भी कांग्रेस की मुश्किलें बढ़ा रहा है, क्योंकि ग्रामीण क्षेत्रों में ही कम मतदान हुआ है। शहरी क्षेत्र में मतदान अच्छा हुआ।

अजमेर, 24 अप्रेल (कासं)। राजस्थान में दूसरे चरण का मतदान शुक्रवार को सम्पन्न हुआ। दूसरे चरण में अजमेर लोकसभा क्षेत्र से 14 उम्मीदवार चुनावी मैदान में थे लेकिन सीधा मुकाबला भाजपा के भागीरथ चौधरी व कांग्रेस के रामचन्द्र चौधरी के बीच था।

अजमेर की नसीराबाद व अजमेर उत्तर ऐसी विधानसभा सीटें हैं जहां कई गांव गुर्जर बाहुल्य हैं और सचिन पायलट की वजह से वो लोग कांग्रेस को वोट करते हैं। लेकिन वर्तमान लोकसभा चुनाव में पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने पांच बार चुनाव हारने वाले, अजमेर डेयरी के अध्यक्ष रामचन्द्र चौधरी को उम्मीदवार बनाया। इसे अशोक गहलोत की हठधर्मिता ही कही जाएगी कि, अशोक गहलोत ने सचिन पायलट को अजमेर में प्रचार के लिए आने नहीं दिया। सचिन पायलट के नहीं आने के कारण कांग्रेस अपने जीत के दावे से दूर होती हुई नज़र आ रही है। वैसे अजमेर के गुर्जर मतदाता परम्परागत रूप से भाजपा के पक्ष में रहते हैं लेकिन सचिन पायलट के कारण गुर्जर वोटरों ने 2018 के विधानसभा चुनाव में एक तरफा कांग्रेस को मतदान किया था। इसके बाद जब कांग्रेस संगठन द्वारा सचिन पायलट की अनदेखी की जाने लगी तो गुर्जर कांग्रेस से दूर होते हुए नज़र आने लगे हैं।

दूसरी ओर भाजपा द्वारा जिले के गुर्जर नेता ओमप्रकाश भडाणा को देवनारायण बोर्ड का अध्यक्ष बनाने के बाद भडाणा ने गुर्जरों को भाजपा के समर्थन में लाकर खड़ा करने में खासी सफलता हासिल की है। कांग्रेस ने भाजपा के राजपूत और रावत वोट बैंक में सेंधमारी के जतन भी किए, लेकिन पुष्कर विधायक सुरेश रावत को केबिनेट मंत्री बनाने के कारण रावत वोटर्स का रूख भी भाजपा की और नज़र आ रहा है।

अजमेर लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस व भाजपा दोनों के प्रत्याशी जाट समुदाय के हैं। साथ ही कांग्रेस का दावा था कि, जाट मतदाता उनके पक्ष में मतदान करेंगे। लेकिन, जाट मतदाता भी हवा का रूख भांपते हुए भाजपा की ओर नज़र आ रहे हैं। 2019 के लोकसभा चुनाव में पुष्कर विधानसभा क्षेत्र के बलवंता से कांग्रेस को बढ़त मिली थी लेकिन पिछले लम्बे समय से वहाँ पेयजल की समस्या के चलते ग्रामीणों ने शुकवार को मतदान का बहिष्कार कर दिया था, पूरे गांव में मात्र 37 वोट ही डाले गए। वहाँ भी कांग्रेस को नुकसान होता हुआ नज़र आ रहा है।

पिछले लोकसभा चुनाव में हुए 67 प्रतिशत मतदान के मुकाबले इस बार करीब 8 प्रतिशत मतदान कम हुआ है। कम मतदान प्रतिशत भी कांग्रेस के माथे पर चिंता की लकीरें बढ़ा रहा है। क्योंकि एस.सी. व एस.टी. बाहुल्य दूदू विधानसभा सीट पर पिछली बार के मुकाबले करीब 10 प्रतिशत मतदान घटा है। एस.सी. व एस.टी. वर्ग को कांग्रेस के पक्ष का माना जाता है। दूदू, वर्तमान भाजपा सरकार में उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचन्द्र बैरवा का विधानसभा क्षेत्र भी है। गुर्जर बाहुल्य नसीराबाद विधानसभा क्षेत्र में भी 10 प्रतिशत मतदान घटा है।

ज्ञातव्य है कि, सन् 2018 में पूर्व केन्द्रीय मंत्री सांवरलाल जाट के निधन के बाद रिक्त हुई अजमेर लोकसभा सीट

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## एक बार फिर ममता बनर्जी चुनाव से पूर्व गिरकर घायल हुई!

### इतनी बार ऐसा हादसा हुआ है ममता जी के साथ कि, चर्चा है कि, यह शगुन है। इस बार वे उस हैलीकॉप्टर में ही गिरीं, जिसमें वे यात्रा कर रही थीं

-अंजन रॉय-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

- दूसरी ओर संदेशखाली में शेख शाहजहां के सहयोगी के घर से एन.आई.ए. ने हथियारों का जखीरा प्राप्त किया है, जिसमें विदेश में निर्मित पिस्तौल, बंदूकें, आदि शामिल हैं।
- ऐसी चर्चा है कि, यह जखीरा एन.आई.ए. की प्रथम "रेड" के समय उनके घर में मौजूद था और इसीलिये एन.आई.ए. की टीम पर हमला बोला गया था तथा मार पिटाई की गयी थी, जिससे एन.आई.ए. की टीम शेख शाहजहां के घर तक न पहुंच जाये।

नई दिल्ली, 27 अप्रेल। तृणमूल कांग्रेस आदतन अपराधियों को शरण दे रही है। एक के बाद एक अपराध सामने आ रहे है, जिनके नेता लिप्त है और जनता के पैसे का गबन कर रहे हैं, यही नहीं नियुक्तियों में हुए फ़जीवाड़े को ढकने में लगे हैं।

भ्रष्टाचार और अपराधिक कारनामे ही पर्याप्त नहीं थे, अब तो हथियारों और अस्ले का जखीरा भी एक तृणमूल नेता के घर से मिला है जिसे शेख शाहजहाँ का करीबी माना जाता है।

केन्द्रीय एजेंसियों ने एन.आई.ए. के साथ मिलकर विदेश में बनी पिस्तौलें, बंदूकें व अन्य हथियार संदेशखाली से बरामद किये हैं। राज्य सरकार ने कोर्ट के एक ऑर्डर का भी विरोध किया है जिसमें तृणमूल के कार्यकर्ताओं द्वारा ज़मीन हड़पने, यौन उत्पीड़न व हफ्ता वसूली जैसे आरोपों की जाँच करने का निर्देश दिया गया है।

माना जाता है कि जब सी.बी.आई. और ई.डी. ने पहली बार संदेशखाली में रेड की थी तब हथियारों का यह जखीरा शेख शाहजहाँ के घर में था और इसीलिए उसने जाँच दल पर सुनियोजित तरीके से हमला करवाया ताकि वह हथियारों

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## सिख समाज की एक हजार प्रमुख हस्तियों ने भाजपा जॉइन की

नई दिल्ली 27 अप्रैल (वार्ता) दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधन समिति के सदस्यों और सिख समुदाय के प्रमुख नेताओं सहित लगभग 1,000 से अधिक प्रतिष्ठित हस्तियों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की।

- दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधन कमेटी के सदस्य भूपेन्द्र सिंह गिन्नी, रमनदीप सिंह थापर, परविंदर सिंह लक्की, मंजीत सिंह औलख, रमनज्योत सिंह, जैस्मीन सिंह नौनी और हरजीत सिंह पप्पा ने भाजपा जॉइन की।

भाजपा के केन्द्रीय कार्यालय में एक कार्यक्रम में पार्टी अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा जी के समक्ष भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

## ममता, केजरीवाल पर भाजपा का निशाना

नई दिल्ली 27 अप्रैल (वार्ता) भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर आतंकवादियों एवं अपराधियों को संरक्षण देने तथा आम आदमी पार्टी पर दिल्ली के सरकारी स्कूलों को बरबाद करने एवं बच्चों के भविष्य से खिलवाड़ करने का आरोप लगाया है।

भाजपा के प्रवक्ता प्रेम शुक्ला और शहजाद पूनावाला ने आज पार्टी के केन्द्रीय कार्यालय में एक संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में ये आरोप लगाये। प्रेम शुक्ल ने पश्चिम बंगाल सरकार पर प्रहार करते हुए कहा कि बनर्जी के राज में संदेशखाली के गुंडे महिलाओं का मंगलसूत्र नोच रहे हैं और शाहजहां शेख जैसे बलात्कारियों को तृणमूल सरकार से संरक्षण प्राप्त है। जो शाहजहां शेख पुलिस की हिरासत में शहंशाह की तरह अदाएं पेश कर रहा था, कल सीबीआई की हिरासत में विलाप कर रहा था। शेख शाहजहां के विलाप का कारण है कि कल संदेशखाली में एनएसजी कमांडो ने सीबीआई के साथ संयुक्त छापेमारी की और बड़ी मात्रा में हथियार बरामद किए। बंगाल पुलिस के हथियार भी शाहजहां शेख के गुर्गों के पास से बरामद हुए हैं। संदेशखली से इतनी अधिक मात्रा में हथियारों का बरामद होना इस बात को स्पष्ट करता है कि बंगाल पुलिस स्वयं आतंकवाद को शरण दे रही थी। एनएसजी को हथियारों का जखीरा बरामद होने के बाद भी बंगाल सरकार सीबीआई की जांच को रोकने के लिए उच्चतम न्यायालय तक जाती है। ममता सरकार द्वारा आतंकवाद को दिए जा रहे संरक्षण को देखकर स्पष्ट है कि किस तरह पश्चिम बंगाल अराजकता के मुहाने पर बैठा है।

भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि ममता बनर्जी की ममता आतंकवादियों, बलात्कारियों और भ्रष्टाचारियों के साथ है, लेकिन जैसे ही केन्द्रीय एजेंसियां एनआईए, ईडी या सीबीआई किसी भी आतंकवादी या भ्रष्टाचारी पर कार्रवाई करती है तो ममता बनर्जी की निर्ममता प्रकट होती है। ममता बनर्जी बार-बार यह सवाल उठाती है कि एनआईए रात के समय क्यों कार्रवाई कर रही है, ईडी के अधिकारियों पर हमला करने वालों के समर्थन में ममता बनर्जी खड़ी होती है। सीबीआई के अधिकारियों द्वारा लाखों की नकदी बरामद की जाती है तो ममता दीदी भ्रष्टाचारियों के साथ खड़ी जो जाती हैं, लेकिन एक बार भी सीबीआई का समर्थन नहीं करती हैं। ममता बनर्जी के राज में न तो मां सुरक्षित है, न ही माटी सुरक्षित है और न ही मानुष सुरक्षित है। बंगाल में शाहजहां जैसे बलात्कारी, आतंकवादी और ईडी पर हमला करने वाले गुंडे सुरक्षित हैं।

शुक्ल ने कहा कि एनएसजी के कमांडो द्वारा हथियारों की बरामदी के बाद भी तृणमूल सरकार को सीबीआई जांच को रोकने और न्यायालय में जाने का नैतिक अधिकार है? क्या राजनीतिक निर्देश पर शाहजहां शेख के गुर्गों को पश्चिम बंगाल की पुलिस सुरक्षा दे रही है? जिस बंगाल में सुभाष चंद्र बोस का शौर्य प्रदर्शित होता था, गुरु रवीन्द्र का संगीत लोगों के कानों में गूंजता था और अरविंदो घोष का दर्शन प्रचलित था, आज वह बंगाल बम धमाकों की गूंज सुनाई दे रही है। पश्चिम बंगाल की जनता चरण दर चरण बढ़-चढ़कर मतदान में भाग ले रही है और आगामी 4 जून को अपना जनादेश स्पष्ट कर देगी। इंडी अलायंस के नेता छोटे-छोटे मुद्दों पर भी ट्वीट और टिप्पणी करते हैं, लेकिन संदेशखाली जैसे संवेदनशील मुद्दे पर ममता की निर्ममता पर राहुल, स्टालिन, उद्धव और अखिलेश चुप क्यों है?

भाजपा प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने कहा कि उच्च न्यायालय दिल्ली की सरकार को लिखित में अनेक संदेश दे रहा है। जिस प्रकार बंगाल में ना मां, ना माटी और ना मानुष सुरक्षित है, सुरक्षित केवल शाहजहां है ठीक उसी प्रकार दिल्ली में भी ना लाखों बच्चे और ना उनका भविष्य सुरक्षित है यदि सुरक्षित है तो सिर्फ शराब घोटाले में लिप्त सरगना है। रामलीला मैदान में कुछ लोग सियासत बदलने आए थे. परन्तु इसी रामलीला मैदान में बदलते हुए और सियासी रूप से अपना धर्मांतरण करते हुए कुछ लोगों का चेहरा हमने लगातार देखा है। किस प्रकार झाडू से दारू तक, स्वराज से शराब तक, अन्ना हजारे से लालू तक और इंडिया अगेन्स्ट करप्शन से जिन्होंने शुरूआत की, वो लोग इंडी अलायंस आफ करप्शन तक पहुंच गए। जो लोग ये नारा लगाया करते थे कि लालू, सोनिया, राहुल और अखिलेश को जेल भेजना है। आज उन्ही लालू, सोनिया, राहुल और अखिलेश के साथ खड़े होकर कहते हैं कि हमें जेल भेज दिया, तब भी हम सरकार जेल से ही चलाएंगे। यह जो सियासी धर्मांतरण हुआ है इस पर केवल भाजपा ही नहीं, बल्कि आज दिल्ली के उच्च न्यायालय भी आज मोहर लगा रहा है।

## जालोर-सिरोही लोकसभा सीट से हार रहे हैं वैभव गहलोत

### करोड़ों रूपए खर्च करके भी मतदाता को बूथ तक नहीं ला पाए अशोक गहलोत

- पूर्व मुख्यमंत्री ने बेटे के लिए प्रचार में करोड़ों रूपए खर्च किए, पर उनके प्रचार में शो ऑफ "ज्यादा" रहा, जबकि भाजपा ने बूथ स्तर पर सुव्यवस्थित प्रचार किया और मतदाताओं को घर से निकलकर मतदान केन्द्र तक पहुंचाया।
- वैभव के प्रचार में गहलोत को अपने धन बल पर भरोसा इतना ज्यादा था कि, उन्होंने सचिन पायलट के जालोर आने में भी रोड़ा अटकाया, जबकि कहा जा रहा है कि, अगर पायलट आते तो वैभव को कुछ फायदा हो सकता था।
- जालोर-सिरोही लोकसभा सीट में 8 विधानसभा क्षेत्र आते हैं, इनमें से मात्र जालोर सीट पर ही वोट प्रतिशत बढ़ा है। बाकी जगहों पर वोटिंग कम रही। जालोर में ज्यादा वोटिंग की भाजपा के लिए फायदे का सौदा है।

जालोर, 27 अप्रेल (कासं)। जालोर - सिरोही लोकसभा क्षेत्र पर प्रदेशभर की नजरें गड़ी हुई हैं। इस सीट पर पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के पुत्र वैभव गहलोत कांग्रेस प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ रहे हैं। लेकिन इस लोकसभा सीट पर पूर्व मुख्यमंत्री का जादू चल नहीं पाया है। गत चुनाव की तुलना में इस बार मत प्रतिशत घटा है। लेकिन प्रवासियों ने मत प्रतिशत को बढ़ाने का प्रयास किया है। हाल ही में हुए विधानसभा चुनावों की तुलना में लोकसभा चुनाव में जालोर - सिरोही की आठों विधानसभा सीटों में से मात्र एक, जालोर विधानसभा सीट पर ही मत प्रतिशत बढ़ा है। शेष जगह मत प्रतिशत कम रहा है। गहलोत ने प्रचार प्रसार में करोड़ों रुपए खर्च किये, लेकिन वे मतदाताओं को मतदान केन्द्र पर पहुंचने में विफल रहे। जालोर -सिरोही में साठ प्रतिशत से अधिक मतदान होना भाजपा प्रत्याशी के लिए राहत की खबर है।

जालोर - सिरोही लोकसभा सीट पर गत चुनाव की तुलना में करीब तीन प्रतिशत कम मतदान हुआ है। 2019 में 65.74 प्रतिशत मतदान हुआ था, उसकी तुलना 2024 में 62.89 प्रतिशत मतदान हुआ। जालोर में दोपहर 1 बजे तक मत प्रतिशत 41.47 प्रतिशत था, उसके बाद पांच घंटों में मत प्रतिशत 62.89 हो गया।

पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने जालोर- सिरोही सीट पर करोड़ों रूपये प्रचार में खर्च किये, लेकिन उनके प्रचार में दिखावा ज्यादा रहा। दूसरी तरफ भाजपा ने बूथ लेवल से लेकर जमीनी स्तर पर मतदाताओं को मतदान केन्द्रों तक पहुंचाने का कार्य किया। यह सीट चौधरी बाहुल्य है और शादी का सीज़न होने के कारण बड़ी संख्या में प्रवासी जालोर -सिरोही पहुंचे हैं। इसमें से अधिकतर चौधरी, देवासी, राजपुरोहित जाति के मतदाता हैं। जो भाजपा के

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## आई.सी.आई.सी.आई. बैंक का मुनाफा 17 प्रतिशत बढ़ा

मुंबई 27 अप्रैल (वार्ता) निजी क्षेत्र के सबसे बड़े बैंक आईसीआईसीआई बैंक ने वित्त वर्ष 2023-24 की अंतिम तिमाही में 10707.53 करोड़ रुपये का मुनाफा कमाया है जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि के 9122 करोड़ रुपये की तुलना में 17 प्रतिशत अधिक है।

बैंक ने शेयर बाजार को सूचित किया कि मार्च 2024 को समाप्त इस तिमाही में उसकी शुद्ध ब्याज आय 19093 करोड़ रुपये रही जो मार्च 2023 में समाप्त तिमाही के 17667 करोड़ रुपये की आय की तुलना में 8 प्रतिशत अधिक है। उसने कहा कि इस तिमाही में उसका सकल एनपीए 2.16 प्रतिशत रहा है जबकि वित्त वर्ष 2022-23 की अंतिम तिमाही में यह 2.81 प्रतिशत रहा था। इसी तरह से शुद्ध एनपीए मार्च 2023 की तिमाही के 0.48 प्रतिशत से घटकर 0.42 प्रतिशत पर आ गया। बैंक के निदेशक मंडल ने मार्च 2024 में समाप्त वित्त वर्ष के लिए 10 रुपये प्रति शेयर लाभांश देने का प्रस्ताव किया है।

## पहले चरण के मतदान के बाद कांग्रेस के घोषणा पत्र को मिला नया स्तर : चिदंबरम

### चिदम्बरम ने कहा कि, पहले चरण के चुनाव के बाद अपनी हार सुनिश्चित देखकर प्रधानमंत्री मोदी ने कांग्रेस के घोषणा पत्र को महत्व देना शुरु किया है

नई दिल्ली 27 अप्रैल (वार्ता) कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पी. चिदंबरम ने पार्टी के घोषणा पत्र की लगातार आलोचना करने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर आज तंज कसा और कहा कि पहले चरण के मतदान में अपनी हार सुनिश्चित देखते हुए मोदी ने कांग्रेस के घोषणा पत्र को महत्व देना शुरू किया है।

चिदंबरम ने कहा कि, मोदी द्वारा लगातार की जा रही आलोचना से कांग्रेस के घोषणा पत्र को नया स्तर मिला है और इसको लेकर जनता में जो चर्चा शुरू हुई है उससे कांग्रेस की बात लोगों के बीच पहुंची है और इसके लिए वह मोदी का धन्यवाद करते हैं।

कांग्रेस के वरिष्ट नेता ने एक्स प्लेटफॉर्म पर लिखा , गौर करने वाली बात यह है कि गत 05 अप्रैल से 19 अप्रैल के बीच मोदी कांग्रेस के घोषणापत्र को बराबर नजरअंदाज करते रहे लेकिन 19 अप्रैल को पहले चरण के मतदान की बाद वह लगातार कांग्रेस के घोषणा पत्र पर कड़ी प्रतिक्रिया कर रहे हैं।

पूर्व वित्त मंत्री ने इसके लिए प्रधानमंत्री को धन्यवाद देते हुए कहा कि 19 अप्रैल को पहले चरण के मतदान के बाद अपनी हार सुनिश्चित देखी हुई है उन्होंने जो आलोचना शुरू की है उससे घोषणापत्र को एक नया कद मिला है।

उन्होंने तंज करते हुए कहा मोदी सरकार चली गयी। कुछ दिनों के लिए बीजेपी सरकार थी कल से कल से एनडीए सरकार है। क्या आपने 19 अप्रैल के बाद से हुए नाटकीय बदलाव पर ध्यान दिया है। पहले चरण के मतदान के बाद 19 अप्रैल से घोषणापत्र को एक नया कद मिल गया है। धन्यवाद, प्रधान मंत्री।

उन्होंने आगे कहा जिन राज्यों में 26 अप्रैल को मतदान हुआ, वहां से खबरें कांग्रेस के लिए बेहद उत्साहजनक हैं। केरल में यूडीएफ के 2019 का शानदार प्रदर्शन दोहराने की उम्मीद है। कर्नाटक की 14 सीटों पर कल मतदान हुआ और कांग्रेस 2019 के अपने स्कोर में काफी सुधार करेगी। राजस्थान में कांग्रेस कई सीटें जीतेगी। सभी 25 सीटें भाजपा के पास हैं और अच्छे स्कोर के साथ कांग्रेस वहां वापसी करेंगी।

## विचार बिन्दु

जिस तरह घोंसला सोती हुई चिड़िया को आश्रय देता है उसी तरह मौन तुम्हारी वाणी को आश्रय देता है। –रवींद्रनाथ ठाकुर

# पुराने वनों का संरक्षण सबसे बड़ा प्राकृतिक जलवायु समाधान है

ऐसे वन जो विकास के उन्नत चरण में हैं या जहाँ विविध प्रजातियों के पुराने, मोटे और बड़े वृक्षों की बहुतायत है उन्हें दुनिया प्राइमरी फॉरेस्ट्स या ओल्ड-ग्रोथ फॉरेस्ट्स के नाम से जानती है। ऐसे वनों के पारिस्थितिक, सामाजिक और आर्थिक महत्त्व पर विश्व भर में बड़ी शोध हुई है। ओल्ड-ग्रोथ फॉरेस्ट्स की अभी भी कोई एक मानक परिभाषा नहीं है। फिर भी इन वनों में प्रमुख प्रजातियों की लंबी उम्र, प्राकृतिक गड़बड़ी का कम से कम होना, मानव हस्तक्षेप का कम होना, छाया-सहिष्णुता या छाया में भी उग सकने वाली प्रजातियों की बहुलता, विशिष्ट संरचनाओं, जैसे बड़े-बड़े पेड़, खोखलों में घोंसले बनाने वाले पक्षियों की उपस्थिति और बहुतायत, भारी-भरकम पुराने वृक्षों के यत्र तत्र गिरे-पड़े संचित सूखे तने, मिट्टी के ऊपर पत्तियों और सूखी टहनियों की मोटी परत आदि लक्षणों के संदर्भ में पहचाना और परिभाषित किया जाता है। इन क्षेत्रों में मिलने वाले बड़े वृक्षों में मधुमक्खियों के छत्ते भी प्राय: देखे जाते हैं। इसके अलावा बड़े वृक्षों के मुख्य तने में छाल में निवास करने वाले विविध प्रजातियों के कीड़े-मकोड़े पाये जाते हैं। सैप्रोजायलिक कवक, लाइकेन तथा कीड़ों की प्रजातियां बड़ी संख्या में सूखी गिरी पड़ी लकड़ी पर निर्भर होती हैं।

ओल्ड-ग्रोथ फॉरेस्ट के नीचे की मिट्टी की सबसे बड़ी खासियत यह है कि इसमें पोषक तत्वों की प्राय: कोई कमी नहीं पाई जाती। नाइट्रोजन, फास्फोरस और पोटेशियम के साथ सूक्ष्म पोषक तत्व भी प्रचुर मात्रा में मिलते हैं क्योंकि यदि आग, चराई और कटान नहीं हो रहा है तो बायोजियोकेमिकल चक्र सुचारु रुप से चलते हैं। ऐसा संभव है ओल्ड-ग्रोथ फॉरेस्ट्स के आसपास कोई नदी नाला या नम भूमि इत्यादि हो। प्राय: यह भी देखा गया है कि ओल्ड ग्रोथ फॉरेस्ट्स में पौधों और प्राणियों की जो प्रजातियां मिलती हैं वे समीपवर्ती वन क्षेत्रों से कुछ भिन्न हो सकती हैं। इन क्षेत्रों में प्राय: बड़े बीजों वाली प्राणी-विकीर्णित वृक्ष प्रजातियों का बाहुल्य होता है।

उष्णकटिबंधीय वनों में जहां प्रजातियों की विविधता और प्राकृतिक वातावरण पर मानव दबाव दोनों ही अधिक हैं, भूमि-उपयोग परिवर्तन जैव-विविधता को गंभीर खतरे में डालते हैं। कृषि, लकड़ी के लिये कटान, उद्योगों की स्थापना और अन्य उपयोगों के लिये उष्णकटिबंधीय वनों के तेजी से बदलाव उष्णकटिबंधीय जैव-विविधता को नष्ट कर देते हैं। एक शोध जो 138 अध्ययनों की मेटा-एनालिसिस का उपयोग कर की गयी, के परिणाम उष्णकटिबंधीय जंगलों में मानवीय दखल के कारण विक्षोभ और भूमि रूपांतरण से जैव-विविधता पर पड़ने वाले प्रभाव का वैश्विक मूल्यांकन प्रदान करते हैं (देखें, एल. गिब्सन इत्यादि, नेचर, 478(7369):378-381, 2011)। इस अध्ययन में प्राथमिक वनों जिनमें कोई मानवीय दखल नहीं था और बिगड़े वनों जिनमें मानवीय दखल था, में जैव-विविधता का तुलनात्मक विश्लेषण किया गया। यह पाया गया अवक्रमित या बिगड़े वनों में जैव-विविधता की स्थिति तमाम कारणों से बहुत ख़राब थी। यह वैश्विक शोध निर्विवाद रूप से सिद्ध करती है की वन-विनाश के विविध कारणों का उष्णकटिबंधीय जैव-विविधता पर अत्यंत हानिकारक प्रभाव पड़ता है। उपरोक्त एवं अन्य शोध के परिणाम स्पष्ट रूप से इंगित करते हैं कि जब उष्णकटिबंधीय जैव-विविधता को बनाये रखने की बात आती है, तो प्राथमिक वनों का कोई विकल्प नहीं है (देखें, जे. बार्लो इत्यादि, प्रोसीडिंग्स ऑफ़ द नेशनल अकैडमी ऑफ़ साइंसेज यूनाइटेड स्टेट्स ऑफ़ अमेरिका, 104(47):18555-18560, 2007)।

संपूर्ण विश्व के कुल 23 से 26 प्रतिशत वन ही अब प्राइमरी या ओल्ड ग्रोथ फॉरेस्ट्स के रूप में बचे हैं। राजस्थान में कई जिलों में ओल्ड ग्रोथ फॉरेस्ट्स अभी भी बचे हुये हैं, हालांकि ऐसे वन उष्णकटिबंधीय शुष्क क्षेत्रों में विशेष रुप से संकटापन्न हैं। संकट के मुख्य कारण आसपास रहने वाली मानव आबादी के पालतू मवेशियों द्वारा चराई, जलाऊ लकड़ी के लिये कटाई और घर बनाने के लिये इमारती लकड़ी की कटाई इत्यादि हैं। ऊपर से प्राकृतिक और मानव-जनित कारणों से आग भी ओल्ड-ग्रोथ फॉरेस्ट्स को बड़ी हानि पहुँचती है। कई क्षेत्रों में बड़े वृक्षों की शाखाओं को काट कर साल दर साल चारे के रूप में भी प्रयोग किया जाता है। उदाहरण के लिये पुराने वनों से अर्जुन (कहुआ, कोहड़ा) के बड़े वृक्षों की शाखाओं को काटकर भैंसों के चारे के रूप में उपयोग होता है। हर साल शाखा कटान के कारण इन वृक्षों में फूल, फल और बीज लगने की प्रक्रिया भी बाधित होती है। बीजों का उत्पादन और विकीर्णन नहीं होने से प्राकृतिक पुनरुत्पादन बाधित होता है। जिन क्षेत्रों में बीजों का उत्पादन होता भी है वहां बीज विकीर्णन करने वाली वन्य-प्राणी प्रजातियां ना होने से अब केवल बड़े वृक्ष ही बचे हैं क्योंकि प्राकृतिक पुनरुत्पादन नहीं के बराबर है। जो भी थोड़ा बहुत पौधे उगते हैं वे भी बड़े होने के पहले ही चर लिये जाते हैं। आग का भी प्रकोप होता है, हालांकि उष्णकटिबंधीय शुष्क वनों में पिछले 30 वर्षों वनों में प्राय: सतही आग ही लगी है। इससे बड़े वृक्षों को भले ही हानि ना होती हो, किंतु बीजों, बिजौलों व प्राकृतिक पुनरुत्पादन को बड़ी हानि पहुंचती है। क्लाइमेट चेंज की दशा में आर्द्र तराई क्षेत्रों के वनों में हर जगह पुराने जंगलों में जमीन के ऊपर के जैवभार (बायोमास) में कमी आने की भारी आशंका है। उष्ण कटिबंध में वर्ष 2081-2100 के मध्य तक तापमान बढ़ने के कारण इस कमी का अनुमान 41 प्रतिशत और विश्व स्तर पर 29 प्रतिशत है (देखें, एम. लर्जावारा इत्यादि, कार्बन बैलेंस एंड मैनेजमेंट, 16(1):31, 2021)।

**प्राकृतिक और मानव-जनित कारणों से आग भी ओल्ड-ग्रोथ फॉरेस्ट्स को बड़ी हानि पहुँचती है। कई क्षेत्रों में बड़े वृक्षों की शाखाओं को काट कर साल दर साल चारे के रूप में भी प्रयोग किया जाता है। हर साल शाखा कटान के कारण इन वृक्षों में फूल, फल और बीज लगने की प्रक्रिया भी बाधित होती है। बीजों का उत्पादन और विकीर्णन नहीं होने से प्राकृतिक पुनरुत्पादन बाधित होता है।**

पुराने वनों का संरक्षण और प्रबंध प्राकृतिक जलवायु समाधान के रूप में विशेष महत्व रखता है। कार्बन सीक्वेस्ट्रेशन और भंडारण के साथ ही इन वनों के अनगिनत लाभ हैं। वनानुभव व पारिस्थितिक पर्यटन, मानव के मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य हेतु संसाधन, जैव-विविधता व आनुवंशिक संसाधन का संरक्षण, भौम-जलस्तर में बढ़त व जल-धाराओं, झरनों व नदियों के रूप में पानी की उपलब्धता, देववनों के रूप में स्थानीय सांस्कृतिक मूल्यों के वाहक होते हैं। ऐसे वनों के संरक्षण को बढ़ावा देने वाली रणनीतियाँ केवल इन वनों को केन्द्रित कर बनाये जाने के बजाय सम्पूर्ण भू-परिदृश्य के स्तर पर बनाना आवश्यक होता है। पहली बात इनमें बड़े वृक्षों की बहुतायत के कारण बड़ी मात्रा में कार्बन जमा होता है और सैकड़ों साल तक होता रहता है, इसीलिये ओल्ड-ग्रोथ फॉरेस्ट्स को विश्व के कार्बन भण्डार के रूप में जाना जाता है। क्लाइमेट चेंज मिटीगेशन के लिए यह भण्डार अति महत्वपूर्ण है (देखें, एस. लुस्स्येर्ट इत्यादि, नेचर, 455(7210):213-215, 2008)। दूसरी बात यह है कि पुराने पेड़ों में अपेक्षाकृत स्थिर विकास दर होती है, जो ग्लोबल वार्मिंग के विरुद्ध उल्लेखनीय प्रतिरोध देती है (देखें, एम. कोलेंगेलो इत्यादि, साइंस ऑफ़ द टोटल एनवायरनमेंट, 801,149684, 2021)। इसके साथ ही सर्वाधिक महत्वपूर्ण बात यह है कि ऐसे वन अन्य क्षेत्रों में वनों के पुनर्स्थापन के लिये उन प्रजातियों के बीजों और जैव-विविधता के सबसे महत्वपूर्ण स्त्रोत हैं जो लोगों के सामाजिक-सांस्कृतिक जीवन में महत्वपूर्ण स्थान रखती हैं किन्तु उष्णकटिबंधीय वनों के अन्य क्षेत्रों से स्थानीय रुप से विलुप्त हो चुकी हैं (देखें, डी.एन. पाण्डेय, कन्जर्वेशन बायोलॉजी, 17(2):633-635, 2003)।

इसी बात को ध्यान में रखते हुये देश के विभिन्न राज्यों में सभी ओल्ड-ग्रोथ फॉरेस्ट्स को चिन्हित कर संरक्षण व संवर्धन एवं सतत विकास किया जाना आवश्यक है। इन क्षेत्रों के अंदर पुराने और बड़े वृक्षों का संरक्षण और साथ में संपूर्ण क्षेत्र का संरक्षण दोनों को ही ध्यान रखना आवश्यक है। यहाँ चराई और कटाई से बचाव के साथ-साथ यहां सूखी गिरी पड़ी लकड़ी को भी बाहर निकालने से रोकना आवश्यक है। जैसा कि ऊपर बताया गया है सूखे गिरे पड़े वृक्ष भी तमाम प्रजातियों के संरक्षण के लिये आवश्यक हैं।

यदि इन क्षेत्रों में प्राकृतिक पुनरुत्पादन नहीं हो रहा है तो वनों के वितान में जहां खुले स्थान मिल रहे हैं वहां पर उसी प्रकार की प्रजातियों का रोपण आवश्यक है जो ओल्ड-ग्रोथ फॉरेस्ट में पाई जाती हैं। ऐसी प्रजातियां प्राय: बड़े बीजों वाली और चौड़ी पत्ती वाली होती हैं। बड़े बीज होने से इनका विकीर्णन बड़े शरीर वाले प्राणियों द्वारा ही हो सकता है परंतु चूंकि अनेक क्षेत्रों से बड़े शरीर वाले प्राणी विलुप्त हो चुके हैं इसलिए हमें वृक्षारोपण, सीधी बुवाई और डंडारोपण करना आवश्यक हो जाता है। उदाहरण के लिए राजस्थान में बड़े बीजों वाली प्रजातियों में आम, महुआ, जामुन, अर्जुन, बहेड़ा, सादड़, कणज, घटबोर, लिसोड़ा, बीजासाल, खाखरा, कड़ाया, सीताफल, बेल, नीम, कचनार, तेंदू, बिस्तेंदू, गोदल, ऊंबिया, इमली, सागवान, बेर, खजूर, अचार या चारोली, कुसुम, हिंगोट, अरीठा, आदि शामिल हैं। कुछ ऐसी प्रजातियाँ भी उगाना चाहिये जो फलों के लिये प्रसिद्ध हैं, भले ही वे छोटे बीज वाली हों। आँवला, बरगद, कैंथगूलर, पीपल, कैर, लिसोड़ा, जाल, खेजड़ी आदि फल के लिये जानी जाती हैं (देखें, डी.एन. पाण्डेय, अरावली के वन्य वृक्ष: वनवर्धन एवं पौधशाला प्रबंध, पृष्ठ 1-24, 1992)।

चूंकि ओल्ड-ग्रोथ फॉरेस्ट्स का दायरा धीरे-धीरे बढ़ाना आवश्यक है। इसके लिए सबसे उपयोगी यह है कि ऐसे क्षेत्रों को फॉरेस्ट रेस्टोरेशन के लिये चयनित किये जा रहे बड़े क्षेत्रों के अंदर लेकर बड़े दायरे में बीजारोपण व बहुत आवश्यक हो तो वृक्षारोपण करना चाहिये। बाहर के दायरे में जहां प्रजाति विविधता कम है या क्षेत्र खाली हो गये हैं वहां पर अर्ली-सक्सेशनल, मिड-सक्सेशनल, और लेट-सक्सेशनल प्रजातियों के मिश्रण की मृदा व जल संरक्षण के साथ सीधी बुवाई किया जाना उपयोगी रहेगा। साथ ही थोड़ी-बहुत वनस्पति जो उस क्षेत्र में हो उसका संरक्षण करना उपयोगी रहेगा। ऐसा करने से धीरे-धीरे ओल्ड-ग्रोथ फॉरेस्ट का दायरा बढ़ने लगेगा। इस रणनीति का एक लाभ यह भी है कि क्षेत्र में पक्षियों द्वारा विकीर्णित होने वाले बीजों का विकीर्णन भी पूरे वृक्षारोपण क्षेत्र में बढ़ेगा। सुरक्षित क्षेत्र में होने वाला अंकुरण और पनपने वाले पौधों के सुरक्षित बड़े पौधों के रूप में विकसित होने की संभावना बढ़ जाती है।

प्राचीन, विशालकाय वृक्षों वाले उष्णकटिबंधीय वन जैव-विविधता की जीती-जागती अनमोल विरासत हैं। इनका संरक्षण वैश्विक प्राथमिकता है। उष्णकटिबंधीय वनों और जैव-विविधता से मानवता को प्राप्त होने वाले सामाजिक, आर्थिक और पर्यावरणीय लाभ हेतु पुराने प्राथमिक वनों का कोई विकल्प नहीं है। प्राकृतिक जलवायु समाधान के रूप में इन वनों के प्रमाण-आधारित प्रबंध में निवेश अनिवार्य है।

**–अतिथि सम्पादक,**
**डॉ. दीप नारायण पाण्डेय**
**( भारतीय वन सेवा से सेवानिवृत्त; वर्तमान में अनेक विश्वविद्यालयों में विजिटिंग प्रोफेसर )**
**( यह लेखक के निजी विचार हैं और 'सार्वभौमिक कल्याण के सिद्धांत' से प्रेरित हैं )**

# सेल थेरेपी: कैंसर के खिलाफ लड़ाई में एक नया हथियार



प्रो. अशोक कुमार

भारत में कैंसर एक प्रमुख स्वास्थ्य समस्या है। 2022 में, भारत में कैंसर के मामलों की अनुमानित संख्या 14,61,427 थी, जो दुनिया में कैंसर के मामलों का लगभग 20 है। कैंसर से होने वाली मृत्यु दर भी भारत में उच्च है, 2018 से 2022 के दौरान 8,08,558 लोगों की मृत्यु हुई। कैंसर एक गंभीर बीमारी है, लेकिन समय पर पता लगाने और इलाज के साथ, कई लोगों को कैंसर से ठीक होने में मदद मिल सकती है।

दशकों से, कैंसर के इलाज की नींव सर्जरी, कीमोथेरेपी और विकिरण थेरेपी रही है। ये उपचार के महत्वपूर्ण मुख्य आधार बने हुए हैं, लेकिन उपचार की नई श्रेणियों ने हाल ही में कैंसर से पीड़ित लोगों के लिए उपचार की तस्वीर बदलने में मदद की है।

पिछले एक दशक में, इम्यूनोथेरेपी – ऐसी थेरेपी जो ट्यूमर पर हमला करने के लिए रोगी की प्रतिरक्षा प्रणाली की शक्ति को बढ़ाती है और मजबूत करती है – तेजी से बन गई है जिसे कई लोग कैंसर के उपचार का 'पांचवां स्तंभ' कहते हैं। ऐसा इसलिए है क्योंकि प्रतिरक्षा प्रणाली-बढ़ाने वाली दवाओं ने उन्नत कैंसर वाले कुछ लोगों में ट्यूमर को कम करने और यहां तक कि खत्म करने की क्षमता दिखाई है। रोगियों के एक छोटे से प्रतिशत में, ये उपचार प्रतिक्रियाएँ वर्षों तक बनी रह सकती हैं।

उदाहरण के लिए, इम्यून चेकपॉइंट इनहिबिटर नामक दवाएं मेलेनोमा, फेफड़े, किडनी, मूत्राशय और लिम्फोमा सहित कई प्रकार के कैंसर से पीड़ित लोगों के इलाज के लिए पहले से ही व्यापक उपयोग में हैं।

**कार टी-सेल थेरेपी: एक 'जीवित दवा'**

सीएआर टी कोशिकाएं 'मरीज़ों को एक जीवित दवा देने' के बराबर हैं! जैसा कि उनके नाम से पता चलता है, टी कोशिकाएं – जो प्रतिरक्षा प्रतिक्रिया को व्यवस्थित करने में मदद करती हैं और रोगजनकों से संक्रमित कोशिकाओं को सीधे मारती हैं – सीएआर टी-सेल थेरेपी की रीढ़ हैं।

**कार टी सेल थेरेपी**

रक्त कैंसर के लिए नवीनतम, सबसे आशाजनक उपचारों में से एक काइमेरिक एंटीजन रिसेप्टर (सीएआर)-टी सेल थेरेपी है। ये उपचार कैंसर से लड़ने में मदद के लिए आपके शरीर की अपनी प्रतिरक्षा प्रणाली का उपयोग करते हैं।

**कार टी सेल थेरेपी क्या है?**

सीएआर टी सेल थेरेपी एक प्रकार का कैंसर इम्यूनोथेरेपी उपचार है जो टी कोशिकाओं नामक प्रतिरक्षा कोशिकाओं का उपयोग करता है जिन्हें प्रयोगशाला में आनुवंशिक रूप से बदल दिया जाता है ताकि उन्हें कैंसर कोशिकाओं को अधिक प्रभावी ढंग से नष्ट करने में सक्षम बनाया जा सके।

लेकिन, सीएआर टी सेल थेरेपी से किन बीमारियों का इलाज किया जाता है? सीएआर टी उपचार कुछ प्रकार के कैंसर के खिलाफ बहुत प्रभावी हो सकता है, तब भी जब अन्य उपचार काम नहीं कर रहे हों। वर्तमान में, सीएआर टी थेरेपी कई प्रकार की हेमटोलॉजिकल विकृतियों के इलाज के लिए एफडीए-अनुमोदित है, जिनमें शामिल हैं: लेकिमिया, लिंफोमा, एकाधिक मायलोमा

**कार टी सेल थेरेपी कैसे काम करती है?**

टी कोशिकाएं श्वेत रक्त कोशिकाएं हैं जो पूरे शरीर में बीमारी और संक्रमण का पता लगाती हैं और उनसे लड़ती हैं। प्रत्येक टी कोशिका में एक रिसेप्टर होता है जो एंटीजन (प्रोटीन या अणु जो प्रतिरक्षा प्रणाली द्वारा पहचानने योग्य होते हैं) को पहचान सकता है। जब प्रतिरक्षा प्रणाली विदेशी या असामान्य एंटीजन को पहचानती है, तो यह उन्हें नष्ट करने का काम कर सकती है।

लेकिन कैंसर कोशिकाओं में कभी-कभी एंटीजन होते हैं जिन्हें शरीर असामान्य नहीं पहचान पाता है। परिणामस्वरूप, प्रतिरक्षा प्रणाली कैंसर कोशिकाओं से लड़ने के लिए टी कोशिकाओं को नहीं भेज सकती है। अन्य मामलों में, टी कोशिकाएं कैंसर कोशिकाओं को साफ़ करने में सक्षम नहीं हो सकती हैं।

काइमेरिक एंटीजन रिसेप्टर टी कोशिकाएं वे कोशिकाएं हैं जिन्हें प्रयोगशाला में आनुवंशिक रूप से इंजीनियर (परिवर्तित) किया जाता है। उनके पास एक नया रिसेप्टर होता है जिससे वे कैंसर कोशिकाओं से जुड़ सकते हैं और उन्हें मार सकते हैं।

विभिन्न प्रकार के कैंसर में अलग-अलग एंटीजन होते हैं। प्रत्येक प्रकार की सीएआर टी सेल थेरेपी एक विशिष्ट प्रकार के कैंसर एंटीजन से लड़ने के लिए बनाई जाती है। इसलिए एक प्रकार के कैंसर के लिए बनाई गई सीएआर टी सेल थेरेपी दूसरे प्रकार के कैंसर के खिलाफ काम नहीं करेगी।

**सीएआर टी थेरेपी प्रक्रिया:** सीएआर टी सेल थेरेपी एक जटिल प्रक्रिया है जिसे व्यापक अनुभव वाले विशेषज्ञों द्वारा किया जाना चाहिए।

**इस प्रक्रिया में कुछ सप्ताह लगते हैं, और चरणों में आम तौर पर शामिल होते हैं:**

**टी कोशिकाओं को एकत्रित करना:** हम आपकी बांह की नस से रक्त निकालते हैं। रक्त एक ट्ययूब के माध्यम से एफेरेसिस मशीन में प्रवाहित होता है, जो टी कोशिकाओं को हटा देता है। मशीन शेष रक्त को एक अलग ट्ययूब के माध्यम से आपके शरीर में वापस लौटा देती है।

**टी कोशिकाओं की इंजीनियरिंग:** एक प्रयोगशाला में, वैज्ञानिक एक निर्मित सीएआर जोड़कर टी कोशिकाओं की इंजीनियरिंग करते हैं। फिर लैब सीएआर टी कोशिकाओं को गुणा और बढ़ने देती है।

**सीएआर टी कोशिकाओं को शामिल करना:** एक बार जब प्रयोगशाला में पर्याप्त सीएआर टी कोशिकाएं हो जाती हैं, तो हम उन्हें वापस आपकी बांह में इंजेक्ट कर देते हैं।

**कार टी सेल थेरेपी साइड इफेक्ट्स**

सीएआर टी सेल थेरेपी कुछ दुष्प्रभाव या जटिलताएँ पैदा कर सकती है।

सीएआर टी सेल थेरेपी की एक गंभीर जटिलता साइटोकिन रिलीज सिंड्रोम (सीआरएस) है। सीएआर टी कोशिकाएं साइटोकिन्स नामक रसायन छोड़ सकती हैं, जो प्रतिरक्षा प्रणाली से प्रतिक्रिया का कारण बनता है। संकेत और लक्षणों में शामिल हो सकते हैं: बुखार और ठंड लगना, चक्कर आना, चक्कर आना या सिरदर्द, थकान, मांसपेशियों या जोड़ों में दर्द, मतली, उल्टी या दस्त, तेज धड़कन, कम रक्तचाप, सांस लेने में दिक्क्त! सीएआर टी थेरेपी तंत्रिका तंत्र पर भी नकारात्मक प्रभाव डाल सकती है। इन संकेतों और लक्षणों में शामिल हो सकते हैं: भ्रम, झटके (कंपकंपी) या दौरे, बोलने या समझने में परेशानी होना, संतुलन या चेतना की हानि! अन्य गंभीर दुष्प्रभाव जिनके लिए चिकित्सकीय ध्यान देने की आवश्यकता हो सकती है उनमें शामिल हैं: रक्त में महत्वपूर्ण खनिजों का असामान्य स्तर एलर्जी संक्रमण, चोट लगने या रक्तस्त्राव का खतरा।

**–प्रो. अशोक कुमार**
**पूर्व कुलपति कानपुर, गोरखपुर विश्वविद्यालय ,**
**अध्यक्ष आईएसएलएस, प्रिसिडेंट सोशल रिसर्च फाउंडेशन, कानपुर**

# 24 घंटे पानी देने वाले हैंडपंप आज शो पीस बनकर खड़े हैं



किशनगढ़बास में हनुमान मंदिर के पीछे चौक में लगा हैंडपंप शो-पीस बनकर रह गया है।

**किशनगढ बास,** (निसं)। 24 घंटे पानी देकर लोगों की जरूरत को पूरा करने वाले हेडपंप देख-रेख के अभाव में आज शो पीस बनकर खड़े हैं। लोग हैंड पंप की अहमियत को भूल गए हैं। चलते हुए राहगीर भी हेड पंप का पानी पीकर अपने कंठों की प्यास बुझा लिया करते थे।

नगर पालिका जन अभियंत्रिक विभाग पानी की समस्या ग्रस्त इलाकों में पानी की आपूर्ति करने के लिए हजारों लाखों रुपए टैंकरों से पानी पहुंचाने पर खर्च कर देता है लेकिन 24 घंटे लोगों को पानी देने वाले वीरान पडे हेडपंपो पर किसी अधिकारी का ध्यान नहीं गया है। इतना ही नहीं हेड पंपों को जनप्रतिनिधि भूल से गए हैं और कोई नहीं जो ठीक कराने के लिए आवाज उठाए।

नगर पालिका किशनगढ बास में 25 वार्ड है और हर वार्ड के गली मोहल्लों के साथ सार्वजनिक पार्क मंदिर स्कूल हॉस्पिटल बस स्टैंड आदि स्थानों पर हेड पंप लगे हैं। इन हेड पंपों को लगाने पर सरकार का लाखों करोडों रुपया खर्च हुआ होगा। कहीं भूजल स्तर नीचे चले जाने से हेड पंप पानी देना छोड गए हैं तो कहीं तकनीकी खराबी के कारण पानी नहीं दे पा रहे हैं। सालों से हेड पंप सार्वजनिक एवं सरकारी स्थानों पर शोपीस बनकर खड़े हैं। कुछ साल पहले तक लोग हेड पंप लगवाने के लिए तरसते थे नेताओं और अधिकारियों के चक्कर लगाया करते थे। हेड पंप लगाने के लिए मिन्नत किया करते थे अब लगता है लोगों की नजरों में हेड पंप का महत्व घट गया है।

**■ प्रधानमंत्री की हर घर नल से पानी पहुंचाने की योजना ने हेड पंप की अहमियत को खत्म किया**

हेडपंप लगने पर आसपास के कॉलोनी मोहल्ले के खुश होते थे। पानी भरने वालों की लाइन लगा करती थी। आज कोई खराब पड़े हेड पंप को ठीक कराने के लिए आवाज उठाने वाला तक नहीं रहा है। लोगों का मानना है कि हेड पंप ठीक हो जाए और फिर से पानी देने लगे तो पानी की जरूरत को पूरा किया जा सकता है। टैंकरों से पानी पहुंचाने पर होने वाले खर्च से बचा जा सकता है। वहीं चलते राहगीर भी हेड पंप का पानी पीकर अपनी प्यास को बुझा सकते हैं लेकिन यह बात ना तो अधिकारियों को समझ में आ रही है और ना ही लोग समझ पा रहे हैं। हर किसी व्यक्ति का केवल बोरिंग पर ध्यान केंद्रित होकर रह गया है। हेड पंपों को लोग भूल सा गए हैं। इसमें दोष किसी का नहीं है क्योंकि अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हर घर तक नल से पानी पहुंचाने की बात कर रहे हैं। ऐसे में अधिकारी जनप्रतिनिधियों का ध्यान हर घर तक पानी पहुंचाने में लगा है। लेकिन हेड पंप की अहमियत को अगर समझा जाए तो अलग है। हेड पंप वह व्यवस्था है जो कभी भी आदमी पानी की प्यास बुझाने के लिए काम में ले सकता है।

# देश की दूसरी महिला रेस्क्यू टीम का गौरव भी हिन्दुस्तान ज़िंक को



रामपुरा आगुचा माइंस में महिला टीम ने पूर्ण प्रशिक्षण किया

**भीलवाड़ा,** (निसं)। हिन्दुस्तान जिंक की राजपुरा दरीबा माइंस के देश के पहली महिला रेस्क्यू टीम का गौरव हासिल करने बाद रामपुरा आगुचा माइंस में महिला रेस्क्यू टीम ने अपना प्रशिक्षण पूर्ण कर देश में दूसरी महिला माइंस रेस्क्यू टीम की उपलब्धी प्राप्त की हैं। रामपुरा आगुचा खदान का सुरक्षा में समावेशिता और उत्कृष्टता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

माइन रेस्क्यूएनस्टेशन, वेस्टर्न कोल फील्ड लिमिटेड, नागपुर के विशेषज्ञ मार्गदर्शन एवं खान सुरक्षा महानिदेशालय के निर्देशों के अनुपालन में, रामपुरा आगुचा खदान की महिला इंजीनियर ने 18 दिनों का गहन प्रशिक्षण कार्यक्रम पूर्ण किया।

अंडरग्राउंड माइन ऑपरेशंस एंड मेंटेनेंस की 8 प्रतिभाशाली महिला इंजीनियरों को भूमिगत खदान बचाव तकनीकों में सावधानीपूर्वक प्रशिक्षित किया गया। प्रशिक्षण में टीम को महत्वपूर्ण जीवन-रक्षक कौशल, जिसमें सीपीआर, स्व-निहित क्लोज्ड सर्किट ब्रीदिंग उपकरण का उपयोग, पुनर्जीवित उपकरण, और

**■ राजपुरा दरीबा के बाद रामपुरा आगुचा माइंस में महिला टीम ने पूर्ण प्रशिक्षण किया**

**■ हिन्दुस्तान जिंक की राजपुरा दरीबा माइंस के देश के पहली महिला रेस्क्यू टीम का गौरव पहले ही हासिल हो चुका है**

हताहतों को बचाने के लिए घनी आग और धुएं वाले क्षेत्रों में नेविगेट करना शामिल है। इसके अलावा, उन्हें जमीन ढहने परिस्थिति में फंसे व्यक्तियों को बचाने का विशेष प्रशिक्षण दिया गया। अत्याधुनिक तकनीकों और बचाव उपकरणों का उपयोग करते हुए, टीम सभी कार्यों में सुरक्षा और दक्षता के उच्चतम मानकों को सुनिश्चित करते हुए, फंसे हुए खनिकों को खोजने और बचाने में भी दक्ष है।

## राशिफल रविवार 28 अप्रेल, 2024



पंडित अनिल शर्मा


वैशाख मास, कृष्ण पक्ष, चतुरथी तिथि, रविवार, विक्रम संवत 2081, मूल नक्षत्र रात्रि 4:49 तक, शिव योग रात्रि 4:05 तक, बालव करण प्रात: 8:22 तक, चन्द्रमा आज धनु राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य-मेष, चन्द्रमा-धनु, मंगल-मीन, बुध-मीन, गुरू-मेष, शुक्र-मेष, शनि-कुम्भ, राहु-मीन, केतु-कन्या राशि में।

आज सर्वार्थ सिद्धि योग सूर्योदय से रात्रि 4:49 तक है।


**श्रेष्ठ चौघड़िया:** चर 7:32 से 9:10 तक, लाभ-अमृत 9:10 से 12:24 तक, शुभ 2:02 से 3:39 तक।

**राहूकाल:** 4:30 से 6:00 तक। सूर्योदय 5:55, सूर्यास्त 6:54




**मेष**

परिवार में शुभ-मांगलिक संदेश प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। महत्वपूर्ण कार्यों में उचित सफलता मिलेगी। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी। चलते कार्यों में प्रगति होगी।




**वृष**

चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। शुभ कार्यों में व्यवधान सामने आ सकते हैं। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। आज नवीन कार्यों को टालना ठीक रहेगा। आर्थिक मामलों में परेशानी आ सकती है।




**मिथुन**

परिवार में धार्मिक-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। परिवार में आपसी सहयोग-समन्वय बना रहेगा। व्यावसायिक कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। व्यावसायिक कार्य सुगमता से बनने लगेंगे।




**कर्क**

व्यक्तिगत परेशानियों से राहत मिलेगी। दिनचर्या में सुधार होगा। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। मन का भय दूर होगा। विवादित मामलों से राहत मिल सकती है।




**सिंह**

परिजनों के व्यवहार के कारण मन खिन्न हो सकता है। महत्वपूर्ण मामलों में दुविधा बनी रहेगी। स्वास्थ्य संबंधित परेशानी हो सकती है। आज धार्मिक स्थान की यात्रा संभव है।




**कन्या**

घर-परिवार में अतिथियों का आगमन बना रहेगा। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। परिवार में धार्मिक-सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा।




**तुला**

परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। मित्रों, परिजनों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। महत्वपूर्ण कार्यों से संबंधित वार्ता सफल रहेगी।




**वृश्चिक**

आर्थिक कारणों से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। संभावित स्त्रोत से धन प्राप्त होगा। परिवार में अतिथियों का आगमन रहेगा। आज खान-पान के कारण स्वास्थ्य खराब हो सकता है।




**धनु**

वर्तमान में चल रहा मानसिक तनाव से राहत मिलेगी। मनोबल-आत्मविश्वास बढ़ेगा। आवश्यक कार्य योजनानुसार बनने लगेंगे। आज रचनात्मक कार्यों में समय व्यतीत होगा।




**मकर**

अनर्गल कार्यों में समय खराब हो सकता है। अनावश्यक धन खर्च होगा। परिवार में अतिथियों के आगमन से दिनचर्या अस्त-व्यस्त हो सकती है। आज मन में असंतोष बना रहेगा।



**कुंभ**

आर्थिक/वित्तिय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। संभावित स्त्रोत से धन प्राप्त होगा। व्यक्तिगत प्रयासों से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। आज नचे-पुराने मित्रों से मुलाकात हो सकती है।



**मीन**

अपने अति आवश्यक और महत्वपूर्ण कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। आवश्यक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। आर्थिक मामलों में संतुलन बना रहेगा। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा।

# ‘राजस्थान स्वच्छ भारत मिशन में देश में प्रथम स्थान प्राप्त करेगा’



वरिष्ठ जन सम्मान समारोह को स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) राजस्थान सरकार के समन्वयक के.के. गुप्ता ने संबोधित किया।

**■ राजस्थान पेंशनर समाज डूंगरपुर और वरिष्ठ नागरिक संस्थान उदयपुर के संयुक्त तत्वाधान में वरिष्ठ जन सम्मान समारोह आयोजित**

**उदयपुर/डूंगरपुर,** (निसं)। राजस्थान के सभी शहर और गांव स्वच्छ भारत मिशन में प्रधानमंत्री मोदी के सपने को साकार करेंगे और राज्य का प्रत्येक गांव और शहर स्वच्छ भारत मिशन में सभी लक्ष्य प्राप्त करते हुए अग्रणी पंक्ति में खडा रहेगा। इसको सम्मिलित करते हुए हमारा प्रदेश स्वच्छ भारत मिशन में देश भर में प्रथम स्थान प्राप्त करेगा। राजस्थान का परम सौभाग्य है कि देश के प्रधानमंत्री की तरह राजस्थान के मुख्यमंत्री भी धरातल से जुडे हुए व्यक्तित्व के धनी हैं।

यह वक्तव्य स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) भारत सरकार एन.एन.एस.सी. के गैर सरकारी सदस्य और स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) राजस्थान सरकार के समन्वयक केके गुप्ता ने स्थानीय भोगीलाल पंड्या सभागार में राजस्थान पेंशनर समाज डूंगरपुर और वरिष्ठ नागरिक संस्थान उदयपुर के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित वरिष्ठ जन सम्मान समारोह में व्यक्त किए।

गुप्ता ने कहा कि मुख्यमंत्री का एक विजन है कि राजस्थान को भ्रष्टाचार से मुक्त करेंगे। गुप्ता ने कहा कि उदयपुर में स्थित तारा संस्थान द्वारा वृद्ध जन की सेवा में अनुकरणीय कार्य किया जा रहे हैं। मैं स्वयं भी कुछ महीने पूर्व इस संस्था से जुड़ा हूं और मैंने यहां पर देखा है कि इस संस्थान द्वारा वृद्ध लोगों की सेवा करके जो पुण्य का कार्य किया जा रहा है इसमें हम सब की भी भागीदारी और कुछ सहयोग रहना चाहिए। संस्थान के प्रतिनिधियों द्वारा एक बार मुझे अवगत कराया गया कि नए भवन का निर्माण किया जा रहा है तो मेरे द्वारा एक हॉल निर्माण की राशि वहन करते हुए अपना अंशदान प्रदान किया गया। गुप्ता ने कहा कि उनके सभापति कार्यकाल के दौरान नगर परिषद द्वारा वसुंधरा विहार क्षेत्र में एक वृद्ध आश्रम का निर्माण कराया गया। लेकिन, यहां वर्तमान नगर निकाय द्वारा उस भवन को पुलिस विभाग को सौंप दिया गया है।

गुप्ता ने कहा कि कुछ दिन पूर्व प्रदेश के मुख्यमंत्री डूंगरपुर शहर के दौरे पर पधारे थे। इस दौरान मुख्यमंत्री ने विभिन्न संगठन के प्रतिनिधियों से औपचारिक मुलाकात की थी। डूंगरपुर जिले के सबसे बडे व्यापारिक संगठन का प्रमुख होने के नाते और डूंगरपुर की जनता का स्नेह है उसको ध्यान में रखते हुए नगर की वर्तमान में देखी जा रही पेयजल किल्लत समस्या को माननीय मुख्यमंत्री के सम्मुख अवगत कराया गया। मुख्यमंत्री ने तुरंत ही गंभीरता से विचार करते हुए यह स्पष्ट आश्वासन दिया है कि डूंगरपुर सहित पूरे प्रदेश की जनता की मूलभूत समस्याओं का त्वरित गति के साथ समाधान किया जाएगा और डूंगरपुर नगर में हो रही पेयजल किल्लत समस्या के समाधान के लिए भी कार्य योजना बना दी गई है।

समारोह के दौरान मेडिकल कॉलेज डूंगरपुर को मरणोपरांत देहदान की घोषणा करने वाले डूंगरपुर निवासी दंपति नागेंद्र मोदी और उनके धर्म पत्नी सुशील मोदी का अभिनंदन किया । इसके सहित 200 से अधिक पेंशनर का सम्मान किया गया।

## देश की दूसरी महिला रेस्क्यू टीम का गौरव हिन्दुस्तान जिंक को

**उदयपुर,** (निसं)। हिन्दुस्तान जिंक की राजपुरा दरीबा माइंस के देश के पहली महिला रेस्क्यू टीम का गौरव हांसिल करने बाद रामपुरा आगुचा माइंस में महिला रेस्क्यू टीम ने अपना प्रशिक्षण पूर्ण कर देश में दूसरी महिला माइंस रेस्क्यू टीम की उपलब्धी प्राप्त की हैं। रामपुरा आगुचा खदान का सुरक्षा में समावेशिता और उत्कृष्टता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

माइन रेस्क्यूएनस्टेशन,वेस्टर्न कोल फील्ड लिमिटेड, नागपुर के विशेषज्ञ मार्गदर्शन एवं खान सुरक्षा महानिदेशालय के निर्देशों के अनुपालन में, रामपुरा आगुचा खदान की महिला इंजीनियर ने 18 दिनों का गहन प्रशिक्षण कार्यक्रम पूर्ण किया। अंडरग्राउंड माइन ऑपरेशंस एंड मेंटेनेंस की 8 प्रतिभाशाली महिला इंजीनियरों को भूमिगत खदान बचाव तकनीकों में सावधानीपूर्वक प्रशिक्षित किया गया। प्रशिक्षण में टीम को महत्वपूर्ण जीवन-रक्षक कौशल, जिसमें सीपीआर, स्व-निहित क्लोज्ड सर्किट ब्रीदिंग उपकरण का उपयोग, पुनर्जीवित उपकरण, और हताहतों को बचाने के लिए घनी आग और धुएं वाले क्षेत्रों में नेविगेट करना शामिल है। इसके अलावा, उन्हें जमीन ढहने परिस्थिति में फंसे व्यक्तियों को बचाने का विशेष प्रशिक्षण दिया गया। अत्याधुनिक तकनीकों और बचाव उपकरणों का उपयोग करते हुए, टीम सभी कार्यों में सुरक्षा और दक्षता के उच्चतम मानकों को सुनिश्चित करते हुए, फंसे हुए खनिकों को खोजने और बचाने में भी दक्ष है।

## प्राचीन पाषाण से निर्मित मूर्तियों की जानकारी दी

**उदयपुर,** (निसं)। महाराणा मेवाड़ चैरिटेबल फाउण्डेशन, उदयपुर की ओर से सिटी पैलेस, उदयपुर के ऐतिहासिक जनाना महल में विश्व प्रतिमा दिवस पर कार्यशाला आयोजित हुई। जिसमें सिटी पेलेस संग्रहालय में रखी मूर्तियों के बारे में स्कूल एवं विश्वविद्यालयों के विद्यार्थियों को प्राचीन पाषाण निर्मित मूर्तियों की विभिन्न जानकारियों से अवगत करवाया गया।

सुखाड़िया विश्वविद्यालय के विजुअल आर्ट में अध्ययनरत विद्यार्थियों और पेसिफिक कॉलेज ऑफ फाइन आर्ट्स के विद्यार्थियों को सिटी पैलेस की स्कल्पचर गैलेरी का भ्रमण करवाया गया। इस दौरान सिटी पैलेस के क्यूरेटर डॉ. हंसमुख सेठ ने पाषाण मूर्तियों के बारे में सविस्तार से जानकारियां दी। वहीं कार्यशाला में जयपुर की मूर्तिकार दीपिका रावजानी द्वारा महाराणा मेवाड़ पब्लिक स्कूल के बच्चों को मूर्तिकला की जानकारी के साथ उन्हें क्ले द्वारा मूर्ति निर्माण की कला सिखलाई।

महाराणा मेवाड़ चैरिटेबल फाउण्डेशन, उदयपुर के मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. मयंक गुप्ता ने बताया कि अन्तर्राष्ट्रीय प्रतिमा दिवस अप्रैल के अन्तिम शनिवार को मनाया जाता है। यह दिवस मूर्तिकला के प्रति जागरूकता बढ़ाने और कलाकारों को प्रोत्साहित करने का एक महत्वपूर्ण अवसर हमें प्रदान करता है। जो मूर्तिकला के महत्व और उनकी विविधता को प्रदर्शित करते हुए हमारी धरोहरों के प्रति सम्मान को दर्शाता है।

## सार-समाचार

### दो शीतल जल मंदिर की स्थापना



**उदयपुर,** (निसं)। उदयपुर जिला अग्रवाल सम्मेलन संस्थान की ओर से भीषण गर्मी से त्रस्त आमजन के लिए शहर के दो व्यस्ततम क्षेत्र में शीतल जल मंदिर की स्थापना कर उनके लिए ठंडे पानी की व्यवस्था की गई। कार्यक्रम संयोजक सुरेश अग्रवाल ने बताया कि संस्थान द्वारा आनंद प्लाजा एवं शास्त्री सर्कल स्थित लोढ़ा कॉम्प्लेक्स के बाहर श्री अग्रसेन जल मंदिर की स्थापना की गई। पश्चिमी राजस्थान अग्रवाल सम्मेलन प्रदेश के वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रकाशचंद्र अग्रवाल एवं प्रदेश उपाध्यक्ष मदनलाल अग्रवाल, जिलाध्यक्ष ओम प्रकाश अग्रवाल द्वारा इन दोनों जल मंदिर का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर महामंत्री चंचल अग्रवाल, कोषाध्यक्ष विवेक अग्रवाल, कैलाश अग्रवाल सुशील कागदी,रमेश तायलिया, जगदीप मंगल ओम प्रकाश अग्रवाल, राधेश्याम अग्रवाल, महिला समिति जिलाध्यक्ष सुधा अग्रवाल, नीतू गुप्ता, शीला अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

### जांच, ऑपरेशन शिविर आज से

**उदयपुर,** (निसं)।अग्रवाल वाइब्रेंट व पेसिफिक मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पीटल के साझे में उदयपुर शहर में पहली बार सबसे बडा निशुल्क जांच, भर्ती और ऑपरेशन की सुविधाओं वाला चिकित्सा शिविर 28 अप्रैल को आरएमवी स्कूल के सभागार में सुबह 9.300से दोपहर 1.30 बजे तक होगा। शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक उदयपुर योगेश गोयल करेंगे। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि उद्यमी जितेंद्र तायलिया पीएमसीएच के कार्यकारी निदेशक अमन अग्रवाल, उद्यमी गोपाल अग्रवाल, डॉ. एम.एम मंगल वीसी पीएमसीएच होंगे। अध्यक्षता राहुल अग्रवाल चेयरमैन पेसिफिक ग्रुप करेंगे। ग्रुप अनिल अग्रवाल ने बताया कि आरएमवी के केंद्रीय सभागार में होने वाले खास शिविर में अपने क्षेत्र के विशेषज्ञ चिकित्सक डॉ. अतुलाभ वाजपेयी, डॉ. हनुवंत सिंह राठौड, डॉ. नीलेश पतीरा, डॉ. शिव कौशिक, डॉ. मनीषा वाजपेयी आदि का परामर्श मिलेगा। साथ ही ईसीजी, शुगर, बीपी की जांच, नाक, कान, गला के ऑपरेशन व मोतियाबिंद के लैंस भी निशुल्क उपलब्ध कराए जाएंगे। अनिल अग्रवाल ने बताया कि हमारा लक्ष्य यह है कि शहर के अधिक से अधिक लोग निरोगी रहे इसी सोच के साथ सभी सुविधाओं के साथ शिविर लगाया जा रहा है। शिविर में पंजीकृत आमजन को 10 मई तक निशुल्क चिकित्सा का लाभ मिल सकेगा।

### चोरी करने वाला भतीजा गिरफ्तार

**उदयपुर,** (निसं)। कर्ज उतारने के लिए भुआ के घर से जेवरात चुराने वाले भतीजे को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। प्रकरण के अनुसार पीडित प्रकरण के अनुसार नोजी बाई पत्नी रामक्ष सुथार निवासी हिरणमगरी सेक्टर 4 ने गत दिनों हिरणमगरी पुलिस थाने में प्रकरण दर्ज करवाया। जिसमें उसने बताया कि पांच माह पूर्व मेरे घर से 3 तोला सोने के व 46 तोला चांदी के जेवर चोरी हो गए। इसका पता चलने पर पडताल की लेकिन जेवरात नहीं मिली। शंका के आधार पर अपने भतीजे विजेन्द्र कुमार सुथार पुत्र पुरूषोत्तम लाल निवासी दरोली डबोक के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया था। मामले में जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश पर चलाए जा रहे तलाशी अभियान के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश ओझा, पुलिस उप अधीक्षक छगन पुरोहित के सुपरविजन में हिरणमगरी थानाधिकारी दर्शनसिंह के नेतृत्व में हेडकांस्टेबल राजेन्द्रसिंह मय टीम ने अनुसंधान में मिले साक्ष्यों के आधार पर आरोपी विजेन्द्र कुमार को गिरफ्तार कर इसके कब्जे से चोरी किए जेवरात बरामद किए। प्रारंभिक पूछताछ में उसने उक्त जेवरात कर्ज चुकाने के लिए चोरी करना स्वीकार किया।

### हज ट्रेनिंग प्रोग्राम आयोजित

**उदयपुर,** (निसं)। हज कमेटी ऑफ इंडिया द्वारा इस वर्ष हज पर जाने वाले हाजियो के लिए एक दिवसीय हज ट्रेनिंग प्रोग्राम शनिवार को सुबह 9 बजे से रजा गार्डन अलीपुरा हॉल में रखा गया। यह ट्रेनिंग राजस्थान हज कमेटी उदयपुर एवं अलीपुरा इंतजामिया कमेटी के सयुक्त तत्वाधान मे आयोजित किया गया , इसमें आलिम, ओलेमा द्वारा हज की जानकारी दी गई , स्टेट हज कमेटी के ट्रैनर्स द्वारा सरकार द्वारा जारी गाइड लाइन के बारे मे जानकारी दी गई , जिसमे जिला उदयपुर, राजसमंद, डूंगरपुर से हाजीत तररीफ ला कर जानकारी हासिल की,इस अवसर पर कमेटी के सदस्य, इसरार मोहम्मद, फिरोज अहमद शेख, मुस्ताक अहमद, हनीफ शैख, नासिर खान, रईस खान, सुल्तान बक्श, सरफराज खान, बाबू खान, अशफाक भाई,सरफराज गुमानी अलि असगर डॉ, फारूक ने अपनी खिदमत दी । यह जानकारी जिला हज सयोंजक मोहम्मद अयूब ने दी।

### वर्ल्ड वेटरनरी डे पर सेमिनार

**उदयपुर,** (निसं)। पशुपालन प्रशिक्षण संस्थान मे वर्ल्ड वेटरनरी डे पर सेमिनार का आयोजन हुआ। संस्थान के उपनिदेशक डॉ. सुरेन्द्र छंगाणी ने वर्ल्ड वेटरनरी डे के उद्देष्य पर प्रकाश डाला और कहा कि पशु चिकित्सा विज्ञान का अनुप्रयोग न केवल पशु स्वास्थ्य और कल्याण में बल्कि यह मनुष्यों के शारीरिक, मानसिक और सामाजिक कल्याण में भी योगदान देता है। इस अवसर पर संस्थान की डॉ. पदमा मील, पन्नालाल शर्मा एवं पशुपालन डिप्लोमा के विद्यार्थियों ने भी अपने विचार रखे।

### कवि जैन पुरस्कृत

**बांसवाडा,** (निसं)। स्वर्णिम दर्पण हिन्दी मासिक पत्रिका संस्थान अजमेर की ओर से अन्तर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कवि उत्सव जैन नौगामा को मतदाता जागृति का व्यापक प्रचार-प्रसार करने पर पुरस्कृत किया गया। संस्थापक सौरभ पाण्डेय ने बताया कि बेटियों एवं युवाओं को मतदान के लिये कविताओं एवं पोस्टर संभाग स्तर पर विमोचन कर विभिन्न विभागों, विद्यालयों में वितरित कर अधिक से अधिक मतदान के लिये प्रेरित करने पर प्रशंसा पत्र दिया गया।

### राव को मिला प्रथम स्थान

**उदयपुर,** (निसं)। राजस्थान उच्च न्यायालय जोधपुर की प्लेटिनम जुबली के उपलक्ष में आयोजित 2 कि . मी दौड में उदयपुर सम्भाग का प्रतिनिधित्व करते हुए उदयपुर के एडवोकेट करण प्रताप सिंह राव ने राज्य स्तरीय प्रतियोगिता जोधपुर में प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रदेश मीडिया प्रभारी राव गोपाल सिंह आसोलिया ने यह जानकारी दी।

## सेमिनार में 105 प्रतिभागियों ने भाग लिया

**उदयपुर,** (निसं)। विधि संकाय, भूपाल नोबल्स विवि उदयपुर में एक दिविसीय राष्ट्रीय सेमिनार ‘चैलेंजस इन दी प्रमोशन एंड प्रोटेक्शन ऑफ ह्यूमन राइट्स इन इंडिया’ विषय पर आयोजित किया जिनमे 105 प्रतिभागियों ने भाग लिया । उक्त प्रतिभागीयों ने देश के विभिन्न राज्यों के प्रसिद्ध विश्वविद्यालयों, महाविद्यालयो, एवं संथाओ का प्रतिनिधित्व किया।

सेमिनार में दो टेक्निकल सेशन सहित कुल चार सेशन आयोजित हुए। जिसमे इनोग्रल सेशन में न्यायाधिपति रामचंद्र सिंह झाला, अध्यक्ष, राजस्थान मानवाधिकार आयोग एवं प्रवीण वर्मा, अतिरिक्त जिला एवं सेशन न्यायाधीश ने उद्घाटन किया। अतिथियों का स्वागत अधिष्ठाता डॉ आशुतोष पितलिया ने किया। न्यायाधीपति झाला ने मानवाधिकार आयोग के गठन एवं महत्व पर प्रकाश डालते हुए मानवाधिकार आयोग को प्राप्त शिकायतो की निवारण प्रक्रिया को समझाया। विशिष्ट अतिथि प्रवीण वर्मा ने न्याय पालिका की भूमिका को समझाया। विद्या प्रचारिणी सभा के कार्यवाहक अध्यक्ष प्रो. कर्नल शिव सिंह सारंगदेवोत ने पुरातन समय से ही भारत में चले आ रहे मावनाधिकारो के रक्षार्थ किये जाने वाले प्रयासो एवं वेदो में मानवाधिकार के महत्व को समझाया। विद्या प्रचारिणी सस्थांन सचिव प्रो. महेंद्रसिंह राठौड ने समाज की अन्तिम पंक्ति में खडे व्यक्ति तक न्याय पहुँचाने के महत्व को समझाया। प्रबंधनिदेशक मोहब्बत सिंह राठौड ने ऐसी सर्गोष्ठियो के आयोजन के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम में कार्यकारिणी सदस्य डॉ युवराज सिंह बेमला, एडवोकेट कमलेश्वर सिंह कच्छेर एवं विवि के सभी संकायो के डीन डाइरेक्टर उपस्थित रहे। प्रथम टेक्निकल सेशन जो की ऑफ लाइन आयोजित किया जिसमे 31 प्रतिभागियों ने मानवाधिकारों के विभिन्न आयामों पर अपने शोध पत्र का वाचन किया।

## जिला प्रशासन का आभार जताया

**राजसमंद,** (निसं)। राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय जिला शाखा ने संसदीय चुनाव व्यवस्था को लेकर जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ भंवरलाल को धन्यवाद ज्ञापित किया।

शिक्षक संघ राष्ट्रीय के जिला मीडिया प्रभारी राजेंद्रसिंह चारण, सतीश आचार्य, जिला संयोजक शंकर माली, सहसंयोजक सुजीत त्रिपाठी, मधु पालीवाल, वीणा वैष्णव, राजेश सोनी सहित सभी कार्यकर्ताओं ने जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ भंवरलाल के नवाचार के लिए आभार व्यक्त किया है। बता दे कि चुनाव में जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ भंवरलाल ने चुनाव प्रशिक्षण स्थान पर ही चुनाव सामग्री उपलब्ध करवाना एवं जमा करने से चुनाव ड्यूटी में लगे शिक्षकों को अनावश्यक कठिनाई का सामना नहीं करना पडा। इस नवाचार के लिए शिक्षक संघ राष्ट्रीय के कार्यकर्ताओं ने हर्ष व्यक्त किया कि इस बार के नवाचार से शिक्षकों को काफी राहत मिली है। साथ प्रशासन से आगामी चुनाव में भी इस व्यवस्था को जारी रखा जाने की उम्मीद जताई है।

## वार्षिक महोत्सव 2024 का रंगारंग समापन



पेसिफिक वि.वि. में वार्षिक महोत्सव 2024 का रंगारंग समापन हुआ।

**उदयपुर,** (निसं)। पेसिफिक विवि के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संकाय, कला संकाय और स्नातकोत्तर अध्ययन विभाग द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित वार्षिक महोत्सव 2024 का समापन एक रंगारंग कार्यक्रम के साथ हुआ। स्नातकोत्तर अध्ययन विभाग के डीन प्रो. हेमंत कोठारी, साइंस कॉलेज के डीन ऑफ एमिनेंस प्रो एस. सी. आमेटा, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संकाय के अध्यक्ष प्रो. दिलेन्द्र हिरेन और पेसिफिक कला एवं मानविकी महाविद्यालय के डॉ. सौरभ त्यागी द्वारा संयुक्त रूप से किया गया।

कार्यक्रम में कई प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं, जिनमें एकल नृत्य, समूह नृत्य, एकल गायन, समूह गायन और रैंप वॉक शामिल थीं। बडी संख्या में छात्रों ने प्रतियोगिताओं में भाग लिया। प्रतियोगिता के अंत में प्रथम और द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को स्मृति चिन्ह प्रदान किए गए। महोत्सव में देव अरोरा ‘मि. एनुअल फेस्ट और पायल मलिक ‘मिस एनुअल फेस्ट चुनी गई। विवि अध्यक्ष प्रो. के.के. दवे और स्नातकोत्तर अध्ययन विभाग के डीन प्रो. हेमंत कोठारी ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम कॉलेज जीवन में बहुत उपयोगी होते हैं, क्योंकि इससे छात्रों में छिपी प्रतिभा को निखारने का अवसर मिलता है। कार्यक्रम में प्रो. दिलेन्द्र हिरेन ने कहा कि सांस्कृतिक कार्यक्रम छात्रों को अपनी रचनात्मकता और व्यक्तित्व को व्यक्त करने का अवसर प्रदान करते हैं। संयोजन डॉ. रितु खन्ना और प्रवीण जागेटिया ने किया। डॉ. सौरभ त्यागी ने धन्यवाद ज्ञापित किया। मंच का संचालन डॉ. देवनिता पोली और डॉ शिखा वर्मा ने किया। कार्यक्रम में डॉ दिव्या शेखावत, डॉ अक्षत सिंह झाला, डॉ सीमा कोठरी ने प्रतियोगिताओं के विजेताओं की घोषणा की ।

## 30 जून तक हाई सिक्योरिटी नम्बर प्लेट लगाना अनिवार्य

**उदयपुर,** (निसं)। एक अप्रेल 2019 से पहले खरीदे गए समस्त प्रकार के वाहनों में हाई सिक्योरिटी नम्बर प्लेट लगाने के लिए अंतिम तिथि 30 जून है।

प्रादेशिक परिवहन अधिकारी नेमीचन्द पारीक ने बताया कि वाहन स्वामियों अभी भी 1 अप्रेल 2019 से पहले खरीदे गए वाहनों में बड़ी संख्या में हाई सिक्योरिटी नम्बर प्लेट नहीं लगवाई है। अभी भी वाहन स्वामी पुराने वाहनों पर हाई सिक्योरिटी नम्बर प्लेट लगवाने के लिए एसआईएएम के पोर्टल पर ऑनलाईन आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि अप्रेल 2019 से पहले उपलब्ध नम्बर प्लेटों के साथ आसानी से छेड़छाड़ की जा सकती थी या उन्हें आसानी से हटाया जा सकता था। ऐसे में पुलिस एवं परिवहन अधिकारियों को किसी अपराध में संलिप्त वाहनों को ट्रेक करना मुश्किल हो जाता था। अब हाई सिक्योरिटी नम्बर प्लेट लग जाने से वाहनों की चोरी एवं अन्य अपराधों में कमी आएगी क्योंकि ये केवल एक बार ही प्रयोग की जा सकती है और वाहन में लगने के बाद खुलती नहीं है, बल्कि इनके हिंज को काटना पड़ता है।

उन्होंने बताया कि वाहन मालिक इस पोर्टल पर वाहन का रजिस्ट्रेशन नम्बर, इंजन नम्बर, चैसिस नम्बर डाल कर प्लेट लगवाने के लिए डीलर और डेट बुक करा सकते हैं। ऑनलाईन फीस जमा कर बुकिंग कन्फर्म हो जाएगी तथा वाहन स्वामी निर्धारित तिथि पर डीलर के कार्यालय में जाकर नम्बर प्लेट लगवा सकते है।

पारीक ने बताया कि हाई सिक्योरिटी नम्बर प्लेट के लिए परिवहन विभाग ने दरें निर्धारित कर दी है। डीलर्स को इन दरों के आधार पर ही नम्बर प्लेट लगानी होगी। निर्धारित दर से अधिक राशि वसूल करने पर डीलर के विरूद्ध कार्यवाही की जावेगी।

हाई सिक्योरिटी नम्बर प्लेट लगाने के लिए विभाग ने समय सीमा निर्धारित कर दी थी। विभागीय परिपत्र के अनुसार अंतिम तिथि 30 जून है। इस अवधि के बाद जिन वाहनों पर हाई सिक्योरिटी नम्बर प्लेट नहीं लगी पाई गई उनके विरूद्ध मोटर वाहन अधिनियम के तहत दण्डनीय कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने वाहन स्वामियों का आव्हान किया कि अब भी अपनी पुरानी वाहनों पर हाई सिक्योरिटी नम्बर प्लेट लगवा कर विभागीय कार्यवाही एवं अन्य असुविधाओं से बचे।

## होटल में खाना खाने गए युवक की बाइक चोरी

**डूंगरपुर,** (निसं)। कोतवाली थाना क्षेत्र में बस पुलिस चौकी के ठीक सामने एक होटल के बाहर खडी बाइक चोरी हो गई। वारदात का एक सीसीटीवी भी सामने आया है। जिसमें एक युवक बाइक चोरी कर ले जाते दिखाई दे रहा है। पुलिस अब चोर की तलाश में जुट गई है।

कोतवाली थाना क्षेत्र में नया बस स्टैंड के ठीक सामने सागर होटल के बाहर से बाइक चोरी की वारदात हुई। वसी निवासी भूपेश पंड्या गत रात को खाना खाने के लिए होटल आया था। होटल के बाहर ही बाइक खडी कर खाना खाने अंदर गया। करीब आधे घंटे बाद वह होटल से बाहर आया तो बाइक नहीं मिली। आसपास कई जगह पर बाइक की तलाश की,लेकिन कोई पता नहीं लगा। होटल पर लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज चैक किए तो एक चोर बाइक ले जाते दिखाई दिया। जो होटल की तरफ से आता है और सीधे बाइक पर बैठकर उसे लेकर चला जाता है। चोर ने करीब 25 सेकेंड में वारदात को अंजाम दे दिया। पीडित की रिपोर्ट पर कोतवाली पुलिस ने फुटेज के आधार पर चोर की तलाश शुरू कर दी है।

## लोकतंत्र के महायज्ञ में आहुति देने में महिलाएं आगे रही

**■ 65.36 प्रतिशत पुरूष और 68.01 प्रतिशत महिलाओं ने किया मतदान**

**उदयपुर,** (निसं)। लोकसभा आम चुनाव 2024 के द्वितीय चरण के तहत शुक्रवार सम्पन्न मतदान में कुल पंजीकृत 2230971 मतदाताओं में से 1487268 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग कर फर्ज निभाया। लोकतंत्र के इस महायज्ञ में आहुति देने में महिलाएं पुरूषों से आगे रही। यहां महिलाओं का मतदान प्रतिशत 68.01 रहां, वहीं पुरूषों की भागीदारी 65.36 रही। सिर्फ उदयपुर शहर एवं ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र में महिलाओं की अपेक्षा पुरूषों का मतदान प्रतिशत अधिक रहा।

जिला निर्वाचन अधिकारी अरविंद पोसवाल ने बताया कि उदयपुर संसदीय क्षेत्र में विधानसभावार आंकड़ों के अनुसार गोगुन्दा विधानसभा में कुल 267029 मतदाताओं में से 174498 मतदाताओं ने वोट डाला। यहां हुए कुल 65.35 प्रतिशत मतदान में 64.16 प्रतिशत पुरूष व 66.59 प्रतिशत महिला मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। झाड़ोल में कुल 276509 मतदाताओं में से 207532 मतदाताओं ने वोट डाला। यहां हुए कुल 75.05 प्रतिशत मतदान में 74.68 प्रतिशत पुरूष व 75.45 प्रतिशत महिला मतदाताओं ने वोट डाला। यहां 3 मे से 2 ट्रांसजेंडर मतदाता ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। खेरवाड़ा में कुल 299934 मतदाताओं में से 191008 मतदाताओं ने वोट डाला। यहां हुए 63.68 प्रतिशत मतदान में 59.97 प्रतिशत पुरूष व 67.55 प्रतिशत महिला मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। उदयपुर ग्रामीण विधानसभा में कुल 290922 मतदाताओं में से 202265 मतदाताओं ने वोट डाला। यहां हुए 69.53 प्रतिशत मतदान में 70.96 प्रतिशत पुरुष व 68.07 प्रतिशत महिला मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

इसी प्रकार उदयपुर शहर विधानसभा में कुल 249915 मतदाताओं में से 162881 मतदाताओं ने वोट डाला। यहां हुए 65.17 प्रतिशत मतदान में 67.08 प्रतिशत पुरूष व 63.25 प्रतिशत महिला मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। यहां 10 मे से 1 ट्रांसजेंडर मतदाता ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। सलूंबर विधानसभा में कुल 296443 मतदाताओं में से 186415 मतदाताओं ने वोट डाला। यहां हुए कुल 62.88 प्रतिशत मतदान में 61.39 प्रतिशत पुरुष व 64.43 प्रतिशत महिला मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। धरियावद विधानसभा में कुल 277482 मतदाताओं में से 192444 मतदाताओं ने वोट डाला।

## वैदिक स्त्रोत भारतीय ज्ञान परम्परा के सबसे बड़े स्त्रोत : प्रो. सारंगदेवोत



व्याख्यान माला को कुलपति कर्नल प्रो. शिवसिंह सारंगदेवोत ने संबोधित किया।

**■ विद्यापीठ में प्रो. के.एस. गुप्ता स्मृति व्याख्यान माला के तहत विस्तार भाषण का आयोजन**

**उदयपुर,** (निसं)। इतिहास एवं संस्कृति विभाग जनार्दनराय नागर राजस्थान विद्यापीठ उदयपुर द्वारा प्रो. के.एस. गुप्ता की 93 वीं जयंती के अवसर पर प्रो. के.एस. गुप्ता स्मृति व्याख्यान माला के तहत विस्तार भाषण का आयोजन रखा गया।

मुख्य वक्ता कुलपति कर्नल प्रो. शिवसिंह सारंगदेवोत ने प्रो.के.एस गुप्ता के इतिहास विषय के प्रति त्याग व समर्पण को याद कर उनकी स्मृति में उनके व्यक्तित्व एवं इतिहास लेखन पर जोर देते हुए भारतीय राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में भारतीय ज्ञान परंपरा की महत्ता, उपयोगिता, प्रमुख सिद्धांत, क्षेत्रीय मूल्य, सभ्यता एवं संस्कृति आदि पर विचार व्यक्त करते हुए कहा कि हमें यह मिथक तोडना होगा कि भारतीय इतिहास का निर्माण यूरोपीय इतिहासकारों ने किया है। हमारे प्राचीन भारतीय इतिहास में ऋग्वेद से लेकर अनेक ग्रंथो की रचना हम भारतीयों ने कर दी थी। आजादी के बाद जब शिक्षा नीति का निर्माण किया गया तब इन सब स्त्रोतों में प्राचीन ज्ञान परंपरा को गौण कर अलग दिशा में इतिहास को लागू किया गया, जिसके परिणामस्वरुप हमारे पास जो पीढी है वह भारतीय सभ्यता, संस्कृति के अनुरूप नहीं है।

नई भारतीय राष्ट्रीय शिक्षा नीति में इस कमी को अनुभव किया गया तथा भारतीय सभ्यता संस्कृति, परंपराओं से ओत-प्रोत भारतीय ज्ञान परंपरा को आने वाली पीढी में संवाहित करने के लिए शिक्षा नीति, पाठ्यक्रम बनाए जा रहे हैं। प्रो. सारंगदेवोत ने अपने विषय को पूर्णता प्रदान करने के लिए प्राचीन भारतीय इतिहास के अनेक स्त्रोतों के उदाहरण देते हुए प्राचीन ज्ञान परंपरा, मूल्य, नैतिकता, मनुष्यता, भारतीय दर्शन, विज्ञान, कृषि, चिकित्सा, रसायन विज्ञान, योग आदि से संबंधित हमारी ज्ञान परंपरा को मजबूती के साथ प्रस्तुत किया, साथ ही आज की पीढी में ज्ञान परंपरा की आवश्यकता को कैसे पूर्णता के साथ समाहित की जाए इसके तरीकों व परिणामों पर चर्चा की।

प्रारम्भ में उदयपुर शहर के इतिहासकारों ने प्रो. के. एस. गुप्ता को पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। विभागाध्यक्ष डॉ. हेमेंद्र चौधरी ने प्रो. के. एस. गुप्ता के व्यक्तित्व पर चर्चा करते हुए सभी अतिथियों का स्वागत किया। विशिष्ट अतिथि छगन बोहरा ने प्रो. गुप्ता को याद करते हुए राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर उद्बोधन दिया। अधिष्ठाता प्रो. मलय पानेरी ने अपने विचार रखते हुए सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में प्रो. मीना गौड़, प्रो. गिरीशनाथ माथुर, प्रो. राजेंद्र पुरोहित, डॉ. जे.के.ओझा, डॉ. विवेक भटनागर, प्रो. दिग्विजय भटनागर, प्रो. प्रतिभा, प्रो. नीलम कौशिक, डॉ. अनुराग कश्यप, मदन मोहन टांक, जय किशोर चौबे, इंद्रसिंह राणावत, डॉ. विमल शर्मा, डॉ. हरीश जी, डॉ. ममता पूर्बिया, डॉ. मीणा, डॉ. पारस जैन आदि इतिहासकार एवं प्रबुद्धजन उपस्थित थे।


SBI भारतीय स्टेट बैंक State Bank of India

शाखा कार्यालय: खेरवाड़ा, आजाद चौक, खेरवाड़ा उदयपुर, राजस्थान-313803, शाखा कोड- 31220 ई-मेल: sbi.31220@sbi.co.in

**प्रतिभूतिहित (प्रवर्तन) नियम, 2002, परिशिष्ट IV [नियम 8(1) देखें] कब्जा सूचना (अचल सम्पत्तियों के लिए)**

जबकि

निम्नहस्ताक्षरकर्ता भारतीय स्टेट बैंक के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन और प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (2002 का अधिनियम संख्यांक 54) के अंतर्गत और धारा 13(12) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में, प्रतिभूतिहित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 3 के साथ पठित, ऋणी मैसर्स वेलकम ओम स्टोर प्रोपराईटर श्री ओमप्रकाश भदावत जैन पुत्र श्री नाथू लाल भदावत एवं जमानतदार श्रीमती वीना भदावत जैन पत्नी श्री ओमप्रकाश भदावत जैन पर मांग सूचना दिनांक 12.02.2024 पर उस सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के भीतर दिनांक 01.02.2024 को बकाया राशि रू. 19,91,385.11 (रूपये उन्नीस लाख इक्यानवे हजार तीन सौ पचासी एवं पैसे ग्यारह मात्र) एवं इससे आगे का ब्याज व अन्य खर्च व लागतों का पुनर्भुगतान करने के लिए मांग सूचना जारी की गई।

ऋणी द्वारा राशि का पुनर्भुगतान करने में असफल होने पर एतद्वारा सूचना ऋणी और आम जनता को दी जाती है कि निम्नहस्ताक्षरकर्ता ने दिनांक 22, माह अप्रेल, वर्ष 2024 को उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के अंतर्गत, उक्त अधिनियम की उपधारा 8 के साथ पठित उसमे प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में एतस्मिन नीचे वर्णित सम्पत्तियों को कब्जे में ले लिया है।

ऋणी को विशेष एवं आम जनता को एतद्वारा सम्पत्तियों के साथ कोई संव्यवहार नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और सम्पत्तियों के साथ किया गया कोई भी संव्यवहार दिनांक 01.02.2024 को बकाया राशि रू. 19,91,385.11 (रूपये उन्नीस लाख इक्यानवे हजार तीन सौ पचासी एवं पैसे ग्यारह मात्र) एवं इससे आगे का ब्याज व अन्य खर्च व लागतों का पुनर्भुगतान करने के लिए भारतीय स्टेट बैंक, खेरवाड़ा शाखा, आजाद चौक, खेरवाड़ा, उदयपुर, राजस्थान-313803 के प्रभार के अधीन होगा।

कर्जदार का ध्यान, प्रतिभूत आस्तियों को छुड़ाने के लिए, उपलब्ध समय के संबंध में, अधिनियम की धारा 13(8) के प्रावधान की ओर आकृष्ट किया जाता है।

**अचल सम्पत्तियों का वर्णन**

1. सम्पत्ति के सभी अभिन्न अंग गठित होते हैं जो कि श्री ओमप्रकाश भदावत जैन पुत्र श्री नाथू लाल भदावत के नाम भूमि एवं उस पर निर्माण जो दुकान नं. 03, धन लक्ष्मी मार्केट, राष्ट्रीय राजमार्ग 08, गांव खेरवाड़ा छावनी, तहसील खेरवाड़ा, उदयपुर, राजस्थान, खसरा नं. 1207 पर स्थित है, जिसका क्षेत्रफल 0.01 हेक्टेयर आबादी भूमि कुल 649 वर्ग फीट आबादी प्लॉट एवं मकान है। सीमाएं- उत्तर: श्रीमती वीना देवी जैन का मकान, दक्षिण: श्री आनन्द शाह पुत्र श्री बाबू लाल शाह की दुकान, पूर्व: 7 फीट चौड़ा कॉलोनी का सार्वजनिक रास्ता, पश्चिम: नियमानुसार दूरी के बाद राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 08

2. सम्पत्ति के सभी अभिन्न अंग गठित होते हैं जो कि श्रीमती वीना भदावत जैन पत्नी श्री ओमप्रकाश भदावत जैन के नाम भूमि एवं उस पर निर्माण जो दुकान नं. 04, धन लक्ष्मी मार्केट, राष्ट्रीय राजमार्ग 08, गांव खेरवाड़ा छावनी, तहसील खेरवाड़ा, उदयपुर, राजस्थान, खसरा नं. 1207 पर स्थित है, जिसका क्षेत्रफल 0.01 हेक्टेयर आबादी भूमि कुल 649 वर्ग फीट आबादी प्लॉट एवं मकान है। सीमाएं- उत्तर: श्रीमती रक्षा देवी पत्नी श्री संजय पंचोली, निवासी छाणी (बीच की दिवार शामलाती है।), दक्षिण: प्रथम पक्षकार का स्वयं का मकान, पूर्व: 7 फीट चौड़ा कॉलोनी का सार्वजनिक रास्ता बाद में विक्रेता स्वयं का मकान, पश्चिम: नियमानुसार दूरी के बाद उदयपुर से अहमदाबाद जाने वाला राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 08

स्थान: खेरवाड़ा
दिनांक: 22.04.2024

हस्ता.
(विजय सिंह तंवर)
मुख्य प्रबंधक एवं प्राधिकृत अधिकारी

# बालोतरा में एस.पी. कार्यालय के सामने जमा हुए रविन्द्र सिंह भाटी के समर्थक

## बाड़मेर में लोकसभा चुनाव के बाद बवाल, पुलिस आश्वासन के बाद मामला शांत हुआ



निर्दलीय प्रत्याशी रविन्द्र सिंह भाटी ने हजारों समर्थकों के साथ बालोतरा में धरना प्रदर्शन किया।

**बालोतरा,** (निसं)। राजस्थान की सबसे हॉट सीट बाडमेर जैसलमेर लोकसभा क्षेत्र में वोटिंग के दौरान बायतु इलाके में हुई मारपीट की घटना तूल पकड़ गई है। चुनाव संपन्न होने के बाद यह मामला और उलझता जा रहा है। इस मामले को लेकर आज निर्दलीय प्रत्याशी रविन्द्र सिंह भाटी हजारों समर्थकों के साथ बालोतरा पहुंचे।

उन्होंने वहां पुलिस अधीक्षक कार्यालय के बाहर धरना दे दिया। भाटी के साथ आई कार्यकर्ताओं की फौज को देखकर पुलिस प्रशासन के हाथ-पांव फूल गए और वहां भारी पुलिस फोर्स तैनात कर दी गई। बाद में निर्दलीय प्रत्याशी रविन्द्र सिंह भाटी और पुलिस के बीच सहमति बनी।

जानकारी के अनुसार शुक्रवार को मतदान के दौरान बाडमेर-जैसलमेर लोकसभा क्षेत्र में बायतु विधानसभा क्षेत्र में विवाद हो गया था। बताया जा रहा है कि रविन्द्र सिंह भाटी के कुछ समर्थक वहां से निकलते समय अकदडा गांव में एक बूथ पर गए थे। वहां उनका कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ किसी बात को लेकर विवाद हो गया था। इस पर वहां कांग्रेस के कुछ कार्यकर्ताओं ने भाटी के समर्थकों से मारपीट कर दी। उनकी गाड़ियां तोड़ दी। उसके बाद सूचना पर पहुंची पुलिस ने वहां मामला शांत करवाया।

**रविन्द्र भाटी ने लगाए पुलिस पर गंभीर आरोप:-** पुलिस इस मामले में 13 लोगों को शांतिभंग के आरोप में गिरफ्तार कर लिया था। इनमें भाटी समर्थक घायल कार्यकर्ता भी थे। बाद में भाटी ने थाने पहुंचकर पुलिस अधिकारियों से बातचीत की। भाटी ने पुलिस पर एकतरफा कार्रवाई करने के गंभीर आरोप लगाए। उनका आरोप था कि पुलिस ने उनके घायल कार्यकर्ताओं को मेडिकल सुविधा उपलब्ध नहीं होने दी। वेवजह थाने में रखा, लेकिन पुलिस ने उनकी शिकायत को गंभीरता से नहीं लिया। भाटी ने कहा जो लोग वोट देने घर आ रहे थे उनके साथ मारपीट भी हुई और उन्हें गिरफ्तार भी किया गया।

**जोधपुर से भी पुलिस अधिकारियों को बुलाया गया:-** उसके बाद शनिवार को सुबह भाटी ने बालोतरा पुलिस अधीक्षक कार्यालय का घेराव करने की चेतावनी दे डाली फिर वे दोपहर करीब 12 हजारों कार्यकर्ताओं के साथ बालोतरा एसपी ऑफिस पहुंचे। वहां उन्होंने एसपी कार्यालय का घेराव कर दिया। हालात देखकर वहां अतिरिक्त जाब्ता तैनात किया गया। जोधपुर से भी पुलिस अधिकारियों को बुलाया गया। भाटी की फिलहाल एसपी कुंदन कुंवरिया से वार्ता चल रही है। उन्होंने चेतावनी दी है कि अगर उनके मांगों को नहीं माना गया तो वे जोधपुर में आईजी ऑफिस का घेराव करेंगे।

4 दिन में कार्रवाई के आश्वासन के बाद धरना समाप्त हुआ। चुनावों के दौरान पकड़ी गई गाड़ियां पुलिस ने तुरंत छोड़ी। भाटी के समर्थकों के साथ मारपीट करने वालों पर पुलिस कार्रवाई करेगी। पुलिस द्वारा पकड़े गये समर्थकों को पुलिस ने रिलीज किया, पुलिस अधीक्षक के साथ वार्ता और आश्वासन के बाद धरना समाप्त हुआ।

# कार पेड़ से टकराई, तीन की मौत, दो गंभीर घायल



कलिंजरा-बागीदौरा मार्ग पर अनियंत्रित कार पेड़ों से टकराकर कार क्षतिग्रस्त हो गई।

**बांसवाड़ा,** (निसं)। कलिंजरा-बागीदौरा मार्ग पर एक कार अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई जिससे तीन युवाओं की मौत हो गयी वहीं दो युवक गंभीर रुप से घायल हो गये।

जानकारी के अनुसार शुक्रवार देर रात बजाज फाइनेंस कंपनी के कार्मिक कलिंजरा-बागीदौरा मार्ग से कार में सवार होकर आ रहे थे कि कार अनियंत्रित होकर पेडों से जा टकराई जिससे तीन युवाओं की दर्दनाक मौत हो गयी वहीं दो अन्य गंभीर रुप से घायल हो गये। जिनका जिला मुख्यालय के महात्मा गांधी चिकित्सालय में प्राथमिक उपचार कर उदयपुर के लिये रेफर किया गया। इस हादसे में बांसवाडा शहर निवासी कुलदीप कंसारा, जिले के टांडी महुडी निवासी अजय मईडा एवं अब्दुल्ला पीर निवासी शेयांग युसुफ ने मौके पर ही दम तोड़ दिया वहीं कार में ही सवार मोईन निजामुद्दीन व आयुष पांडे रतलाम के गंभीर रुप से घायल होने पर जिला मुख्यालय पर प्राथमिक उपचार के बाद उदयपुर रेफर किया गया।

# 60 घंटे बाद भी शव लेने नहीं पहुंचे माता-पिता

- दोनों में चल रही है लड़ाई, तबीयत खराब होने से हुई थी मासूम की मौत

**डूंगरपुर,** (निसं)। वरदा थाना क्षेत्र के डोजा गांव में 4 साल के एक बच्चे की बीमारी से मौत हो गई। बच्चे की मौत के 60 घंटे से ज्यादा का समय हो चुका है। शव डूंगरपुर अस्पताल के मोर्चरी में पड़ा है, लेकिन माता और पिता में अनबन के चलते दोनों ही शव लेने को तैयार नहीं हैं। पुलिस दोनों ही पक्ष से समझाइश के प्रयास कर रही है।

वरदा थानाधिकारी ने बताया कि डोजा गांव में बच्चे की मौत की घटना हुई। मसानिया भागेला फला निवासी कांतिलाल डोडियार मीणा का 4 साल का बेटा मौलिक डोडियार अपने मामा जुमकलाल के घर रहता था। साल भर पहले माता-पिता में अनबन के बाद से मौलिक अपनी मां के साथ ही अपने मामा के घर था। 25 अप्रेल की रात के समय 4 साल के मौलिक की तबीयत खराब हो गई। इस पर उसे अस्पताल लेकर गए। जहां से तबीयत ज्यादा खराब होने पर डूंगरपुर अस्पताल लेकर आए।

डॉक्टर ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर आंतरी चौकी से हेड कांस्टेबल संतोष कुमार मौके पर पहुंचे। शव को मॉर्चुरी में रखवाया। शव 60 घंटे से मोर्चरी में रखा है, लेकिन माता और पिता ने अनबन के चलते दोनों ही पक्ष बेटे का शव लेने तक नहीं आए। वहीं बेटे की मौत के बाद मां और पीहर पक्ष के लोग वोट डालने भी गए थे। शनिवार शाम तक पुलिस की समझाइश के बाद परिजन नहीं माने और शव लेने के लिए माता और पिता में से कोई नहीं आया है। फिलहाल पुलिस घटना को लेकर जांच कर रही है।

# मारपीट कर युवक की हत्या

**उदयपुर,** (निसं)। मौसी के घर मेहमान आए भतीजे की बदमाशों ने मारपीट कर हत्या कर लाश को नाले में फैंक दी। डूंगरपुर जिले के अगडिया फला बलवाड़ा निवासी लोकेश (22) पुत्र भुरालाल गरासिया की अज्ञात हमलावरों ने मारपीट कर हत्या कर दी तथा लाश को नाले में फैंक दिया। 24अप्रेल को लोकेश उदयपुर जिले के पाटिया गांव निवासी अपनी मौसी के यहां पर आया था। 25 अप्रेल को रात में परिवारजनों के साथ खाना खाया एवं 26 अप्रेल सवेरे उसका शव गमेतीफला खेडा घाटी नाले में पड़ा मिला। जिसके सिर पर चोट के निशान पाए गए है। सूचना पर पाटिया थानाधिकारी देवेन्द्रसिंह राव ने मौके पर पहुंच मृतक के शव को मोर्चरी में रखवाया। जिसका 27 अप्रेल को पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंपा। इस मामले में मृतक के भाई भुराराम ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ लोकेश की हत्या कर लाश को नाले में फैकने का प्रकरण दर्ज करवाया है।

# भागकर की शादी, फिर प्रेमी पर दुष्कर्म का मामला दर्ज

- पुलिस ने मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार भी किया

**हनुमानगढ़,** (निसं)। परिजनों की मर्जी के खिलाफ विवाह करने वाले प्रेमी युगल के अपहरण व मारपीट मामले में नया मोड़ आ गया है। युवती ने कथित प्रेमी के खिलाफ महिला थाने में दुष्कर्म का मामला दर्ज कराया है। वहीं इससे पहले प्रेमी युवक के पर्चा बयान पर टाउन पुलिस ने बुधवार रात युवती के परिजनों पर एससीएसटी एक्ट, अपहरण, छीनाझपटी, मारपीट आदि धाराओं में मामला दर्ज किया था।

इस मामले में टाउन पुलिस ने शुक्रवार को दो आरोपियों को गिरफ्तार भी कर लिया। जांच अधिकारी एससीएसटी सैल सीओ रणवीर साईं ने बताया कि इमीलाल नायक ने पर्चा बयान से मामला दर्ज कराया था कि उसे व उसकी पत्नी को मंगलाराम वगैरह कोलायत से अपहरण कर लाए तथा अपनी ढाणी के पास ले जाकर मारपीट की। इस संबंध में एफआईआर दर्ज कर जांच की जा रही है तथा आरोपी मंगलाराम भाट निवासी वार्ड आठ, 26 एसएसडब्लू फतेहगढ़ हाल जोड़कियां तथा कृष्ण भाट निवासी सालीवाला को गिरफ्तार किया गया है।

दोनों आरोपियों को कोर्ट में पेश किया। कृष्ण भाट को जेल भिजवा दिया तथा मंगलाराम का पीसी रिमांड मंजूर करवाया गया। वहीं युवती ने महिला थाने में मामला दर्ज कराया कि संदीप उर्फ इमीलाल निवासी जोड़कियां, पुष्पा पत्नी ओमप्रकाश व ओमप्रकाश निवासी रोड़ांवाली उसे नशीली वस्तु खिलाकर ले गए। संदीप ने उससे दुष्कर्म किया। सीओ साईं ने बताया कि दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज करवाने वाली पीड़िता के बयान करवा दिए गए हैं। दोनों प्रकरणों की जांच एससीएसटी सैल सीओ रणवीर साईं कर रहे हैं।

# एसीबी के तहसील कार्यालय पर छापे की कार्रवाई

## जिला कलेक्टर एवं हल्का पटवारी पर पीसी एक्ट में मुकदमा दर्ज

- भूमि परिवर्तन के लिए 25 लाख रुपए की रिश्वत मांगने का आरोप

**दूदू,** (निसं)। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) के निर्देशन पर जिला कलेक्टर एवं हल्का पटवारी द्वारा भूमि परिवर्तन के लिए मांगी गई 25 लाख रुपए की रिश्वत के प्रकरण में पीसी एक्ट में मुकदमा दर्ज कर दूदू डाक बंगला जो वर्तमान में जिला कलेक्टर आवास है में देर रात को तहसील कार्यालय पर छापे की कार्रवाई की गई।

ब्यूरो के उपमहानिरीक्षक डॉ रवि के निर्देशन अनुसार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुरेंद्र सिंह की टीम ने पहुंचकर कार्रवाई शुरू की। बताया कि परिवादी द्वारा दर्ज शिकायत में आरोप लगाया था कि फर्म के नाम से अजमेर रोड पर 204 बीघा जमीन में से कुछ खसरे तालाब पाल क्षेत्र में होने के कारण परिवर्तन करने की बात को लेकर शिकायत जिला कलेक्टर के यहां की गई थी। जिसके बदले में जिला कलेक्टर हनुमानमल ढाका एवं हल्का पटवारी हंसराज चौधरी द्वारा 25 लाख रुपए की मांग रखी गई। इसके बाद भी परेशान किया गया। परिवादी द्वारा 21 लाख में सौदा तय कर लिया लेकिन परिवादी ने दोबारा सोच कर यह राशि अधिक बताकर 15 लाख में फाइनल कर लिया।

इसके बाद मोबाइल से रिकॉर्डिंग के बाद डाक बंगला दूदू जो वर्तमान में कलेक्टर आवास है पर पर सात लाख पचास हजार रूपए मंगवाए गए ब्यूरो द्वारा प्रारंभिक जांच में जिला कलेक्टर हनुमानमल ढाका एवं पटवारी हंसराज चौधरी द्वारा रिश्वत की मांग करने का सत्यापन कर दोनों के विरुद्ध पीसी एक्ट की धाराओं में प्रकरण दर्ज कर लिया। न्यायालय भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो जयपुर से सर्च वारंट प्राप्त कर जिला कलेक्टर आवास, तहसील कार्यालय दूदू में तलाशी की जाकर रिकॉर्ड खंगाला गया। शनिवार की सुबह जिला कलेक्टर आवास सूना नजर आया।

# विधायक ने बीएसएफ के जवान और बीएलओ को धमकाया

## शेरगढ़ विधायक बाबूसिंह राठौड़ का वीडियो वायरल होने से चला घटना का पता

**जोधपुर,** (कासं)। शेरगढ़ विधायक बाबूसिंह राठौड़ का एक वीडियो आज सामने आया है। इस वीडियो के सार्वजनिक होने के बाद पुलिस ने मामला दर्ज किया है।

दरअसल शुक्रवार को लोकसभा के चुनाव को लेकर मतदान हो रहा था। इस बीच नाथडाऊ में एक सरकारी विद्यालय पर चल रहे मतदान प्रक्रिया के समय शेरगढ़ विधायक बाबूसिंह राठौड़ वहां पहुंचे तो लोगों ने उन्हें फर्जी मतदान होने एवं महिलाओं से आधार कार्ड बदलने की बात को लेकर शिकायतें की । इस पर विधायक बाबूसिंह गुस्से से भर उठे। चुनावी बूथ पर ड्यूटी पर तैनात बीएसएफ के जवान को धमकाने के साथ बूथ के अंदर बैठे बीएलओ को धमकाया। जिसका वीडियो आज वायरल हो गया। वीडियो वायरल होने के साथ ग्रामीण पुलिस हरकत में आई और विधायक बाबूसिंह राठौड़ के खिलाफ इस्तगासा सीआरपीसी में 189 में दर्ज किया है। जिसकी जांच की जाएगी।

वीडियो में साफ तौर पर देखा जा सकता है कि विधायक राठौड़ बूथ स्थल के बाहर बीएसएफ के एक जवान को बंदूक दिखाने की बात को लेकर धमका रहे है साथ ही वे बूथ के अंदर एक बीएलओ को भी धमकाते नजर आ रहे है। घटनाक्रम का वीडियो आज वायरल होने पर पुलिस हरकत में आई और इस्तगासा सीआरपीसी की धारा 189 में दर्ज किया गया।

ग्रामीण पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्रसिंह यादव ने बताया कि मुकदमा नहीं हुआ है, 189 में इस्तगासा दर्ज हुआ है। जिसको जांच में रखा गया है। जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। बता दें वीडियो में यह पता लगा कि राठौड़ ने बीएसएफ जवान का बंदूक नहीं दिखाने के लिए धमकाया है साथ ही बूथ के अंदर बीएलओ से भी उनकी गर्म बहस हुई थी। बाद में लोगों ने बहसबाजी के बीच में राठौड़ को बाहर लेकर गए। वहीं राठौड़ का इसमे कहना था कि बीएसएफ का जवान शराब पीए हुए था। हालांकि बाद में उसे ड्यूटी से हटा दिया गया था।

# उदयपुर में हुआ 66.66 प्रतिशत मतदान, पिछले चुनाव से 3.4 प्रतिशत कम रहा

## कांग्रेस-भाजपा में सीधा मुकाबला, हार-जीत का अंतर हो सकता है कम

**उदयपुर,** (कासं)। उदयपुर लोकसभा सीट के दूसरे चरण में हुए मतदान में 66.66 प्रतिशत मतदान हुआ जोकि पिछले चुनाव से 3.4 प्रतिशत कम है। मतदान के इन आंकड़ों ने नेताओं की चिंता बढ़ा दी है। पिछले चुनाव में 69.99 प्रतिशत मतदान हुआ था। यहां सीधा मुकाबला कांग्रेस और भाजपा के बीच है। नया राजनीतिक दल भारतीय आदिवासी पार्टी इस सीट पर कोई खास जोड़-तोड़ नहीं कर पाया क्योंकि कांग्रेस और बाप के बीच हुए समझौते के तहत यहां कांग्रेस को समर्थन करना है।

उदयपुर लोकसभा सीट के दूसरे चरण में हुए मतदान को लेकर नेताओं, कार्यकर्ताओं से लेकर जनता में उत्साह और जोश था लेकिन शनिवार को मतदान के अधिकृत आंकड़े सामने आए तो कम वोटिंग ने नेताओं की चिंता बढ़ा दी। सबसे अधिक मतदान झाडोल विधानसभा क्षेत्र में 75.05 जबकि सबसे कम आसपुर विधानसभा क्षेत्र में 62.41 प्रतिशत मतदान हुआ। असल में तीनों दलों की सक्रियता और जिला प्रशासन के जागरूकता अभियान से यह समझ आ रहा था कि मतदान प्रतिशत तो बढ़ेगा लेकिन ऐसा नहीं हुआ।

नेता और आमजन मतदान प्रतिशत कम होने के सब अपने अपने मायने निकाल रहे हैं। परिणाम चार जून को आने के बाद तस्वीर साफ हो जाएगी कि सांसद किस पार्टी का बनेगा।अधिकृत प्राप्त आंकड़ों के अनुसार गोगुन्दा में 63.35, झाडोल में 75.05, खेरवाडा 63.68, उदयपुर ग्रामीण 69.53, उदयपुर शहर 65.17, सलूम्बर 62.88, धरियावाद 69.35, आसपुर 62.41 प्रतिशत मतदान हुआ ।

पिछले दो चुनावों पर नजर डाले तो यहां वोटिंग कम-ज्यादा रही लेकिन चुनाव भाजपा जीती। 2014 में 65 प्रतिशत वोट पड़े तब भाजपा यहां से करीब 2.36 लाख से जीती थी। वहीं 2019 में 70 प्रतिशत से ज्यादा वोटिंग हुई तब भी भाजपा जीती। भाजपा के अर्जुनलाल मीणा 4.37 लाख वोट से जीतकर दूसरी बार संसद पहुंचे थे। वहीं 2009 के चुनाव में मतदान बहुत कम हुआ था। यहां पर कांग्रेस के रघुवीर सिंह मीणा ने भाजपा के महावीर भगोरा को 1.64 लाख वोट से हराया था।

इस बार वोटिंग 66.66 प्रतिशत रहा जो कि पिछले आंकड़े से भी कम है। वोटिंग कम होने को लेकर दोनों दलों के प्रत्याशी और कार्यकर्ता अलग-अलग कारण मानते है। झाड़ोल में ज्यादा वोटिंग से कांग्रेसी यह कयास लगा रहे हैं कि कांग्रेस उम्मीदवार ताराचंद मीणा ने कलेक्टर रहते मिशन कोटड़ा अभियान चलाया था, उसका फायदा होगा जबकि भाजपा का मानना है कि वहां की जनता ने ज्यादा वोटिंग कर जवाब दिया है।

चुनाव बूथ से 200 मीटर दूर भाजपा के पोलिंग एजेंटों की कुर्सियां जहां दुपहरी में भी भरी होने के साथ भीड़भाड़ दिखाई दी। वहीं कांग्रेस एजेंटों वाली कुर्सियों में सन्नाटा दिखाई दिया। कुछ बूथ तो ऐसे थे वहां एक या दो जने बूथ संभाल रहे थे और बूथ खाली होने से वहां कोई मतदाता भी नहीं दिखे। कांग्रेस कार्यकर्ताओं में उत्साह नहीं दिखा। शहर जिलाध्यक्ष फतह सिंह राठौड़ ने कई बूथ देखे थे।भाजपा में जमीनी स्तर के कार्यकर्ताओं में भी जोश था। पार्टी के युवा मोर्चा की टीम सक्रिय थी। भाजपा के बूथ पर कार्यकर्ताओं की फौज इतनी थी कि बैठने की जगह भी नहीं मिल रही थी। सबसे अहम हर कार्यकर्ता को अलग अलग टास्क दे रखा था। भाजपा ने पूरे प्रबंधन के साथ मतदान के दिन काम किया। जब शाम चार से छह बजे का समय था तब भाजपा के घर से बूथ तक वोटर लाने के लिए बड़े स्तर पर काम किया गया। कई बूथ पर छह बजने से पांच मिनट पहले तक कई मतदाताओं को वोट कराने भेजा।

चुनाव विश्लेषकों के अनुसार चुनाव कोई भी जीते लेकिन इस बार जीत का अंतर कम होगा। इसके पीछे वे बताते हैं कि वोट तीन जगह भाजपा, कांग्रेस और बीएपी में डायवर्ट हुआ है। वे कहते हैं कि बीएपी डूंगरपुर के आसपुर और प्रतापगढ़ के धरियावद में इनके विधायक हैं तो उसका फायदा तो उन्हें होगा। पिछले चुनाव में मतदान का प्रतिशत सबसे ज्यादा होने के पीछे मुख्य कारण राष्ट्रवाद का मुद्दा था, जिसका सीधा असर था और लोग घरों से स्वत: वोट करने निकले थे। अभी इस लोकसभा क्षेत्र में शामिल 8 में से 5 भाजपा के खाते में हैं। एक कांग्रेस और बीएपी के यहां से दो विधायक हैं। विधानसभा चुनाव के दौरान भाजपा ने कन्हैया लाल हत्याकांड को मुद्दा बनाया था। अभी यहां आए केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने भी इस मामले को उठाया था।

# मतपेटी जमा कराने के दौरान कार्मिक की तबियत बिगड़ी

**डूंगरपुर,** (निसं)। लोकसभा चुनाव 2024 के बाद मतपेटी जमा कराने जाने के दौरान एक कार्मिक कूरीचंद की तबियत बिगड़ गई। जिसे आनन फानन में जिला अस्पताल में भर्ती करवाया गया। जहां इलाज के दौरान कार्मिक की मौत हो गई। जिसका शव जिला अस्पताल के मोर्चरी में रखवाया गया। जिसके बाद पीएम की कार्यवाही के बाद शव परिजनों को सुपुर्द किया। मृतक शिक्षा विभाग प्रारंभिक में प्रशासनिक अधिकारी के रूप में कार्यरत था। शनिवार सुबह मृतक के परिजन मोर्चरी पहुंचे तथा मृतक बड़े भाई ने पुलिस का रिपोर्ट देकर बताया कि देवल निवासी 56 वर्षीय कुरीचंद पुत्र मूलचंद कलाल जो कि जिला शिक्षा अधिकारी प्रारंभिक में प्रशासनिक अधिकारी के पद पर नियुक्त था।


# नौकरी दिलाने का झांसा देकर युवती से किया दुष्कर्म

**भीलवाड़ा,** (निसं)। एक युवती को अच्छी नौकरी दिलाने और बढ़िया सैलरी का झांसा देकर चित्तौड़ से बुलाकर नशीला जूस पिलाकर एक युवक ने उसका दुष्कर्म किया और अश्लील वीडियो बना उसे वायरल करने की धमकी देकर लगातार पीड़िता से दुष्कर्म करता रहा। इतना ही नहीं युवक ने अपने दोस्तों से रिलेशन बनाने के लिए जब महिला पर दबाव बनाया तो परेशान पीड़िता ने कोर्ट इस्तगासा के द्वारा थाने में आरोपित के खिलाफ केस दर्ज करवाया।

मामला शहर के प्रताप नगर थाना क्षेत्र से जुड़ा हुआ है। थाना प्रभारी सुगन सिंह ने बताया कि कोर्ट इस्तगासा के बाद मामला दर्ज हुआ है। पीड़िता द्वारा दी रिपोर्ट में बताया कि 4 साल पहले वो चित्तौड़ में रहती थी और उसे जॉब की तलाश थी। महिला ने सोशल मीडिया पर अपना एक रिस्यूम पोस्ट किया जिसे देखकर भीलवाड़ा में रहने वाले कुंदन झा ने उसे जॉब और अच्छी सैलरी का झांसा दिया और भीलवाड़ा बुलाया। यहां कुंदन एक मकान में ले गया जहां उसे नशीला पदार्थ मिला जूस पिला दिया और वो बेहोश हो गई। उसकी बेहोशी का फायदा उठाकर युवक ने उसके साथ दुष्कर्म किया, जब उसे होश आया तो कुंदन उसके पास ही बैठा था। पीड़िता के नाराज होने पर युवक ने उसका अश्लील वीडियो बताया और किसी को भी इस बारे में बताने पर उसे वीडियो वायरल करने की धमकी दी। उसके बाद कुंदन ने पीड़िता को लगातार इस वीडियो को दिखाकर ब्लैकमेल किया और उसका दुष्कर्म करता रहा। इसके बाद उसने अपने कुछ दोस्तों को युवती के पास लेकर आया और उनसे भी फिजिकल होने का दबाव दबाव बनाया। परेशानी युवती ने कुंदन के खिलाफ इस्तगासा से मामला दर्ज करवाया है। प्रताप नगर पुलिस ने कुंदन के खिलाफ दुष्कर्म का मामला दर्ज कर जांच शुरू की।

# ट्रोले ने ट्रैक्टर को टक्कर मारी, गेहूं से भरा ट्रैक्टर खाई में गिरा

## ट्रैक्टर में सवार तीन युवक गंभीर रूप से घायल हुए



पाटन में टक्कर के बाद गेहूं से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली खाई में जा गिरी।

**पाटन,** (निसं)। दो दिन पहले घटी घटना के बाद भी पुलिस को अभी तक कोई सबक नहीं मिला है ,उसी का नतीजा आज फिर देखने को मिला है। घटना नीमकाथाना रोड जीर की चौकी की है, जहां एक तेज गति से जा रहे ट्रॉले ने गेहूं से भरे हुए ट्रैक्टर को टक्कर मार दी, जिससे गेहूं से भरा हुआ ट्रैक्टर ट्रॉली सहित खाई में जा गिरा।

ट्रैक्टर में सवार तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए, घायलों को एंबुलेंस के द्वारा जिला अस्पताल नीमकाथाना में भर्ती करवाया गया। घायल मोनू, चंदगीराम व जयकिशन नीमकाथाना के पास हीरा काली के रहने वाले बताए जा रहे हैं, जो रायपुर से गेहूं लेकर अपने गांव जा रहे थे। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची सदर पुलिस ने ट्रॉले को हिरासत में ले लिया है और उसके खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। लोगों ने बताया कि 24 अप्रैल को पाटन क्षेत्र में एक ओवरलोड ट्रोले ने पुलिस की गाड़ी को टक्कर मार दी थी जिससे तीन पुलिस कर्मियों की मौके पर मौत हो गई थी। इतनी बड़ी घटना घट जाने के बाद भी क्षेत्र में ओवरलोड वाहन तेज गति से दौड़ रहे हैं। लोगों ने बताया कि अधिकांश वाहन चालक अनुभवहीन है जिस कारण आए दिन दुर्घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। पुलिस प्रशासन अगर वाहन चालकों की बारीकी से जांच करें तो अधिकांश वाहनों में अनुभवहीन चालक देखने को मिल सकते हैं।

# दूदू कलेक्टर के ऑफिस से लेपटॉप व कई दस्तावेज जब्त किए ए.सी.बी.ने

## दूदू जिला कलेक्टर व पटवारी द्वारा भू-रूपांतरण के बदले पच्चीस लाख रुपये की घूस मांगने का मामला

- राज्य सरकार ने कलेक्टर ढाका को शनिवार देर रात एपीओ किया।
- एसीबी ने शुक्रवार देर रात को कलेक्टर और पटवारी हंसराज के सरकारी आवास और तहसील में तलाशी अभियान चलाया था।
- एसीबी की टीम ने कलेक्टर और पटवारी के मोबाइल फोन लेपटॉप व कंप्यूटर जब्त किए।

**जयपुर।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) की टीम ने भू-रूपांतरण के बदले पच्चीस लाख रुपये की घूस मांगने के मामले में शनिवार को दूदू जिला कलेक्टर हनुमान मल ढाका के ऑफिस और तहसील से अहम सबूत जब्त किए है। वहीं इस बीच मामले में राज्य सरकार ने कलेक्टर ढाका को एपीओ कर दिया है।

एसीबी के एडीजी हेमंत प्रियदर्शी ने बताया कि मामले में आरोपी दूदू जिला कलेक्टर हनुमान मल ढाका के ऑफिस में सर्च कर कई स्टेटमेंट और दस्तावेज एसीबी की टीम ने जब्त किए है। शुक्रवार देर रात को मामले में कलेक्टर हनुमान मल ढाका और पटवारी हंसराज के सरकारी आवास और तहसील में तलाशी अभियान चलाया था। उन्होंने बताया कि केस का नेचर देखते हुए कलेक्टर के निजी आवास पर सर्च की कार्रवाई नहीं की गई। एसीबी की टीमें सबूतों की जांच और अनुसंधान में जुटी हुई है।

सूत्रों के अनुसार एसीबी की टीम ने शनिवार को कलेक्टर हनुमान मल ढाका और पटवारी हंसराज के मोबाइल फोन जब्त किए है। इनकी एफएसएल से जांच करवाई जा रही है। वहीं आज एसीबी की एक टीम सुबह दूदू तहसील कार्यालय पहुंची। जहां एसीबी के अधिकारियों ने पटवारी के कमरे की तलाशी लेकर वहां से कम्प्यूटर व कुछ जरूरी दस्तावेज जब्त किए। वहीं दूसरी टीम ने कलेक्टर हनुमान मल ढाका के ऑफिस में भी सर्च किया। इस दौरान उनका लेपटॉप व दस्तावेज जब्त किए। इससे पहले शुकवार देर रात करीब एक बजे शुरू हुई सर्च की कार्रवाई शनिवार सुबह आठ बजे तक चली।

उधर, एसीबी ने कलक्टर हनुमान मल ढाका और पटवारी हंसराज को मामले में अभी तक गिरफ्तार नहीं किया है। एसीबी दोनों से एसीबी पूछताछ कर रही है।

सूत्रों के अनुसार अब तक की जांच में सामने आया कि कलेक्टर व पटवारी घूस लेने के लिए व्हाट्सअप कॉल का इस्तेमाल करते थे। ताकी कभी पकड़े नहीं जा सके और कॉल हिस्ट्री से भी बचा जा सके। लेकिन एसीबी को मालूम चल गया था कि व्हाट्स अप कॉल से यह सारा खेल खेला जा रहा है। इसलिए एसीबी कॉल रिकॉर्डिंग कर रही थी। एसीबी ने कलेक्टर का एक और पटवारी के दो मोबाइल बरामद कर लिए है। अब दोनों के मोबाइल से कई राज खुलेंगे। इसके बाद एसीबी दोनों को नोटिस जारी कर मुख्यालय में पूछताछ के लिए फिर बुला सकती हैं

गौरतलब है कि एसीबी ने दूदू कलेक्टर हनुमान मल ढाका और पटवारी हंसराज के यहां शुक्रवार देर रात करीब 12 बजे छापेमारी की। आरोप है कि भू-रूपांतरण के बदले 25 लाख रुपए घूस मांगी गई थी।

### यह था मामला...

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो डीआईजी डॉ. रवि ने बताया कि एसीबी को पीड़ित ने शिकायत दी कि दूदू में उसकी फर्म के नाम से 204 बीघा जमीन है। इसके कुछ खसरे तालाब-पाल क्षेत्र में होने के कारण कन्वर्जन करवाए जाने की शिकायत कलेक्टर के पास की गई थी। उनके खिलाफ कार्रवाई नहीं करने के बदले दूदू कलेक्टर हनुमान मल ढाका और पटवारी हंसराज ने 25 लाख रुपए मांगे थे। पैसे के लिए परिवादी को परेशान किया जा रहा था। हालांकि पीड़ित ने पैसा नहीं होने का हवाला दिया तो 15 लाख रुपए देने के बदले कार्रवाई नहीं करने का आश्वासन दिया गया था। एसीबी के सत्यापन के दौरान पीड़ित के साथ रिकॉर्डर भी भेजा गया था। जिसमें यह साबित हो गया कि दूदू कलेक्टर ढाका ने रिश्वत के करीब साढ़े सात लाख रुपए डाक बंगला स्थित अपने आवास पर मंगाए थे। उन्होंने बताया कि पीसी एक्ट के तहत कलेक्टर और पटवारी के खिलाफ भ्रष्टाचार का केस दर्ज कर छापेमारी की गई है। एसीबी ने कलेक्टर के डाक बंगला स्थित आवास और तहसील कार्यालय दूदू में भी तलाशी ली।

# नई शिक्षा नीति के आलोक में शिक्षण रुचिकर बने : राज्यपाल



राज्यपाल कलराज मिश्र

- नेशनल बोर्ड आफ एग्जामिनेशन इन मेडिकल साइंस द्वारा फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम आयोजित

**जयपुर,** (का.सं.)। राज्यपाल कलराज मिश्र ने कहा है कि फैकल्टी डेवलपमेंट के अंतर्गत शिक्षण की बोझिलता को दूर करने के लिए कार्य किए जाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि चिकित्सा शिक्षा में जो नवीनतम परिवर्तन हो रहे हैं, उनको सम्मिलित करते हुए नई शिक्षा नीति के आलोक में शिक्षण को प्रभावी किया जाए।

मिश्र शनिवार को महात्मा गांधी चिकित्सा विज्ञान एवं टेक्नोलॉजी विश्वविद्यालय में नेशनल बोर्ड आफ एग्जामिनेशन इन मेडिकल साइंस द्वारा आयोजित फैकल्टी डवलपमेंट प्रोग्राम में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि संकाय विकास कार्यक्रम का उद्देश्य शिक्षकों को पढ़ाना नहीं, उन्हें समय-संदर्भो से जोड़ते हुए शिक्षण को रुचिकर बनाना होना चाहिए। उन्होंने कहा कि सीखना और सीखाना सतत प्रक्रिया है। ऐसे कार्यक्रमों के जरिए यह प्रयास किया जाए कि शिक्षण विद्यार्थियों को भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार कर सके। उन्होंने कहा कि सक्षम और प्रभावी शिक्षक ही विद्यार्थियों को भविष्य की नई दिशाएं प्रदान कर सकता है।

मिश्र ने कहा कि चिकित्सा शिक्षा में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और अन्य तकनीक का समावेश करते हुए चिकित्सा प्रशासन, शोधकर्ता की भूमिका आदि से जुड़े कौशल विकसित करने की ओर भी ध्यान दिया जाए। उन्होंने देश की नई शिक्षा नीति के आलोक में भी फैकल्टी डेवलपमेंट को अद्यतन किए जाने पर जोर दिया। राज्यपाल ने कहा कि शिक्षा वही सार्थक है जिसमें नएपन पर जोर हो। शैक्षिक नवाचारों को जितना अधिक हम अपनाएंगे उतना ही हर क्षेत्र में आगे बढ़ने के रास्ते खुलते चले जाएंगे। उन्होंने कहा कि ज्ञानार्जन के साथ-साथ शिक्षा जनोपयोगी तभी बनेगी, जब युगीन संदर्भो का समावेश करते हुए उसमें नवाचारों को अपनाया जाए।

इससे पहले राज्यपाल ने उपस्थितजनों को संविधान की उद्देशिका का वाचन करवाया और मूल कर्तव्य पढ़कर सुनाए। उन्होंने दीप प्रज्ज्वलित कर संकाय विकास कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इससे पहले नेशनल बोर्ड आफ एग्जामिनेशन इन मेडिकल साइंस के अध्यक्ष डॉ. अभिजीत सेठ ने इस कार्यक्रम की उपादेयता के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उपाध्यक्ष डॉ. सी. मल्लिकार्जुन ने संकाय विकास के लिए राज्यवार किए जा रहे कार्यक्रमों के बारे में बताया। उपाध्यक्ष डॉ. शिवकांत मिश्र ने सभी का आभार जताया।



**सिटी पैलेस में उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी को हरि ओम जन सेवा समिति राजस्थान द्वारा जीव दया सम्मान पत्र भेंट किया गया। यह सम्मान लघु उद्योग भारती सरना के अध्यक्ष सुमेर सिंह शेखावत, हरि ओम जन सेवा समिति के प्रदेश अध्यक्ष पंकज गोयल, सौर ऊर्जा वाले चिरंजी लाल कुमावत, पार्षद सुरेश जांगिड़ द्वारा प्रदान किया गया। उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि समिति द्वारा किए जा रहे सेवा कार्य प्रशंसा के योग्य है। बेजुबान जानवरों व पक्षियों की सेवा करना सबसे बड़ा पुण्य और धर्म का कार्य है। समिति द्वारा पिछले 7 सालों से प्रतिदिन जरूरतमंद लोगों के लिए मां अन्नपूर्णा भंडारा भी चलाया जा रहा है।**

# नेट-थियेट पर भजनों की स्वर गंगा बही



**जयपुर,** (का.सं.)। नेट-थियेट कार्यक्रमों की श्रृंखला में आज भजन की स्वर गंगा कार्यक्रम में भजन कलाकार गौरव भट्ट ने अपनी मधुर वाणी से भजन की ऐसी सरिता प्रवाहित कि की लोग भक्ति रस में हिलोरे लेने लगे।

नेट-थियेट के राजेन्द्र शर्मा राजू ने बताया कि कलाकार गौरव ने अपने कार्यक्रम की शुरूआत सुरदास के भजन प्रभु मेरे अवगुण चित्त ना धरो, समदर्शी प्रभु नाम तिहारो,चाहो तो पार करो सुनाकर भजन की शुरुआत की। इसके बाद मीराबाई का भजन दरस बिना दुखन लागै नैन और फिर गुरुनानक की वाणी काहे रे बन खोजने जाई, सख निवासी सदा अलेपा तोही संगि समाई जैसे भजनों को बड़े ही सुरीले अंदाज में प्रस्तुत कर सभी को मंत्रमुग्ध किया और अंत में तुम मेरी लाखों लाज हरि, तुम जानत सब अंतर्यामी, करनी कछु ना करी, सुनाकर श्रोताओं को भजनों की स्वर्गंगा में डुबकी लगवाई।

इनके साथ सितार पर हरिहर शरण भट्ट और तबले पर विजय बानेत ने असरदार संगतकर भजनों की इस सुरीली शाम को भक्तिमय बना दिया कार्यक्रम का संचालन सुप्रसिद्ध उद्घोषक आर डी अग्रवाल ने किया। संयोजक नवल डांगी तथा प्रकाश एवं कैमरा मनोज स्वामी एवं संगीत सागर गढवाल ने किया।

# अब तक 932 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य की अवैध सामग्री पकड़ी

## आचार संहिता लागू होने के बाद से राजस्थान में रिकॉर्ड जब्ती

- 4 जिलों में 40 करोड़ रुपये से अधिक, 9 जिलों में 30 करोड़ और 13 जिलों में 20-20 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य की वस्तुएं, नकद राशि जब्त

**जयपुर,** (का.सं.)। राजस्थान में लोकसभा आम चुनाव-2024 के मद्देनजर अलग-अलग एनफोर्समेंट एजेंसियों ने मार्च महीने की शुरुआत से अब तक नशीली दवाओं, शराब, कीमती धातुओं, मुफ्त बांटी जाने वाली वस्तुओं (फ्रीबीज) और अवैध नकद राशि के रूप में 932.41 करोड़ रुपये कीमत की जब्तियां की हैं। आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद निर्वाचन विभाग के निर्देश पर 16 मार्च से अब तक एजेंसियों द्वारा पकड़ी गई वस्तुओं की कीमत 834 करोड़ रुपये से ज्यादा है।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि प्रदेश में चुनाव को प्रभावित करने के उद्देश्य से संदिग्ध वस्तुओं और धन के अवैध उपयोग पर अलग-अलग एजेंसियां कड़ी निगरानी कर रही हैं। इसी क्रम में प्रदेश भर में लगातार जब्ती की कार्रवाई की जा रही हैं। 1 मार्च से अब तक राजस्थान में 4 जिलों में 40-40 करोड़ रूपये से अधिक, 9 जिलों में 30-30 करोड़ रुपये और 13 जिलों में 20-20 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य की संदिग्ध वस्तुएं और नकदी आदि जब्त की गई है।

जिलेवार जब्ती में जोधपुर में 47.03, चूरू में 43.08 गंगानगर में 41.92, भीलवाड़ा में 40.11, जयपुर में 39.18, पाली में 39.10, डूंगरपुर में 38.53, दौसा में 36.75, उदयपुर में 36.25, बाड़मेर में 36.21, झुंझुनूं में 34.74, बीकानेर में 32.97, चित्तौड़गढ़ में 32.44, अलवर में 29.78, टोंक में 29.50, प्रतापगढ़ में 29.43, नागौर में 27.96, हनुमानगढ़ : 25.32, बांसवाड़ा में 24.94, कोटा में 23.43, जालोर में 22.45, धौलपुर में 22.28, राजसमंद में 22.23, अजमेर में 21.91, सिरोही में 20.84, झालावाड़ में 20.49 करोड़ रुपये की जब्ती की है।

गुप्ता ने बताया कि अलग-अलग एजेंसियों की ओर से प्राप्त रिपोर्टों के अनुसार, इस वर्ष 1 मार्च से अब तक लगभग 40 करोड़ रुपये नकद, 131.69 करोड़ रुपये मूल्य की ड्रग्स, 45.72 करोड़ रुपये स्व अधिक कीमत की शराब और लगभग 51.39 करोड़ रुपये मूल्य की सोना-चांदी जैसी कीमती धातुओं की जब्ती की गई है। साथ ही, 662.73 करोड़ रुपये से ज्यादा कीमत की अन्य सामग्री तथा लगभग 90 लाख रुपये मूल्य की मुफ्त वितरण की वस्तुएं (फ्रीबीज) भी जब्त की गई हैं।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि संदिग्ध वस्तुओं के अवैध परिवहन पर कार्रवाई करने वाली कार्यकारी एजेंसियों में राज्य पुलिस, राज्य एक्साइज, नारकोटिक्स विभाग एवं आयकर विभाग प्रमुख हैं।

# परिवीक्षा काल में किए जे.ई.एन. के तबादले पर रोक

- जब परिवीक्षा काल में तबादला नहीं किया जाता तो याचिकाकर्ता का तबादला क्यों किया गया : अदालत

**जयपुर,** (का.सं.)। राजस्थान हाईकोर्ट ने परिवीक्षाकाल में चल रहे जेईएन के तबादला आदेश की क्रियान्विति पर रोक लगा दी है। इसके साथ ही अदालत ने राज्य सरकार सहित पीएचईडी विभाग से जवाब देने को कहा है। अदालत ने पूछा है कि जब परिवीक्षा काल में तबादला नहीं किया जाता तो याचिकाकर्ता का तबादला क्यों किया गया।

जस्टिस गणेश राम मीणा की एकलपीठ ने यह आदेश शिवानी की याचिका पर दिए। अदालत ने अपने आदेश में कहा कि सामान्य तौर पर राज्य सरकार के हर विभाग के तबादला आदेश में यह नोट डाला जाता है कि यदि कोई कर्मचारी परिवीक्षा काल में है तो उस पर तबादला आदेश प्रभावी नहीं होगा। इसके बावजूद याचिकाकर्ता के तबादला आदेश में इस तरह का कोई भी नोट नहीं डाला गया है। याचिका में अधिवक्ता विजय पाठक ने बताया कि याचिकाकर्ता की नियुक्ति दिसंबर 2022 में दो साल के परिवीक्षा काल पर हिंडौन में हुई थी, लेकिन दो साल का प्रोबेशन समय पूरा हुए बिना ही फरवरी 2024 में उसका तबादला गंगापुर कर दिया गया। इसे हाईकोर्ट में चुनौती देते हुए कहा कि प्रोबेशन पीरियड में किसी भी कर्मचारी का ट्रांसफर करने का नियम नहीं है।

# एकात्म मानव दर्शन पर होगी वार्ता

**जयपुर।** पं.दीनदयाल उपाध्याय राष्ट्रीय स्मारक धानक्या में रविवार को एकात्म मानव दर्शन विषय पर वार्ता सत्र का आयोजन होगा।

कार्यक्रम के संयोजक दुष्यंत कुमार ने बताया कि मानव जीवन की एकात्म दृष्टि के आधुनिक चिंतक और विचारक पंडित दीनदयाल उपाध्याय के द्वारा दी गई ''एकात्म मानव दर्शन'' विषयक व्याख्यान माला को 60वाँ वर्ष प्रारम्भ हो रहा है। इस अवसर पर पंडित दीनदयाल स्मारक की यात्रा एवं दर्शन हेतु एक ट्रिप आयोजित कर रहे हैं। इसमें डॉ. सुभाष कौशिक, शिक्षाविद और सार्थक संवाद के संयोजक देवेश बंसल के साथ ''एकात्म मानव दर्शन'' पर वार्ता-चर्चा सत्र भी आयोजित किया जाएगा। यह आयोजन रविवार प्रात: 6 बजे से प्रारंभ होगा।

# ए.आई. जरूरी, लेकिन फैसले दिमाग से ही नहीं दिल से भी होते हैं : जस्टिस मिश्रा



**सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश प्रशांत कुमार मिश्रा ( बायें से तीसरे ) ने हाईकोर्ट बार एसोसिएशन की ओर से आयोजित एडीआर में तकनीक-भविष्य में नवाचार और चुनौतियां विषय पर आयोजित समारोह का शुभारंभ किया। इस मौके पर हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश एम.एम.श्रीवास्तव ( बायें से चौथे ) ,सोलिसीटर जनरल तुषार मेहता ( बायें से पहले ) , राजस्थान हाईकोर्ट बार एसोसियेशन के अध्यक्ष प्रहलाद शर्मा ( बायें से पांचवें ) और एडवोकेट जनरल राजेन्द्र प्रसाद ( दायें ) ने भी संबोधित किया।**

- वैकल्पिक वाद निस्तारण की व्यवस्था न्याय प्रणाली में गेम चेंजर की भूमिका निभाएगी : सी.जे.

**जयपुर,** (का.सं.)। सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश प्रशांत कुमार मिश्रा ने कहा कि वर्तमान परिपेक्ष्य में न्याय व्यवस्था में वैकल्पिक वाद निस्तारण व्यवस्था और तकनीक जरूरी है। तकनीक के चलते लोगों को भौगोलिक बाध्यताओं के बिना कम लागत में न्याय मिल रहा है। जस्टिस मिश्रा राजस्थान हाईकोर्ट की प्लेटिनम जुबली को लेकर आयोजित समारोह की कड़ी में हाईकोर्ट बार एसोसिएशन की ओर से आयोजित एडीआर में तकनीक-भविष्य में नवाचार और चुनौतियां विषय पर आयोजित समारोह में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आज न्याय व्यवस्था में आर्टिफिशल इंटेलिजेंसी (ए.आई.) जरूरी है, लेकिन सिर्फ एआई से न्याय नहीं मिल सकता, क्योंकि कई बार फैसले दिमाग से ही नहीं दिल से भी दिए जाते हैं।

जस्टिस मिश्रा ने कहा कि एआई तकनीक न्याय दिलाने में सहायक हो सकती है, लेकिन यह मानव मस्तिष्क का स्थान नहीं ले सकती। मशीन सिर्फ अपनी फाइंडिंग दे सकती है, लेकिन हर फाइंडिंग जजमेंट नहीं होता। एक अमीर व्यक्ति की ओर से की गई चोरी और एक गरीब व्यक्ति की ओर से जीवन जीने के लिए की गई चोरी को एआई एक तरह से ही देखेगी। यदि तकनीक का उचित उपयोग नहीं किया गया तो यह अर्श से फर्श पर भी ला सकती है। दूसरी ओर इसमें साइबर सुरक्षा और डेटा प्रोटेक्शन का खतरा भी रहता है, लेकिन अब ई-अनपढ़ नहीं रहा जा सकता। इसके अलावा वैकल्पिक वाद निस्तारण में वकील की भूमिका से भी इनकार नहीं किया जा सकता।

वहीं हाईकोर्ट के सीजे एमएम श्रीवास्तव ने कहा कि आज निचली अदालतों में करीब चार करोड और हाईकोर्ट ने 65 लाख मामले लंबित हैं। बिना गुणवत्ता कम किए इनका जल्दी निस्तारण करना एक चुनौती है। अब न्यायिक प्रक्रिया में तकनीक का उपयोग कर मुकदमों का निस्तारण किया जा रहा है और ई-कोर्ट इनका उदाहरण है। हमने कोविड में तकनीक की महत्ता देखी है। ऑनलाइन लोक अदालतों के जरिए हमने बडी संख्या में मुकदमें तय किए हैं। वैकल्पिक वाद निस्तारण की व्यवस्था न्याय प्रणाली में गेम चेंजर की भूमिका निभाएगी। आज प्रदेश में लंबित मुकदमों में एक तिहाई चैक अनादरण के केस हैं। इन मुकदमों और एमएसीटी जैसे मुकदमों को एडीआर के जरिए सुलझाया जा सकता है। हम तकनीक से अधिकतम सहायता ले सकते हैं, लेकिन साथ ही मानव दृष्टिकोण भी रखना पड़ेगा।

इस मौके पर जस्टिस पंकज भंडारी ने कहा कि एडीआर मुकदमों के भार के नीचे दबी न्यायपालिका के भार को कम करते हैं। ऑनलाइन वाद निस्तारण से कम लागत में न्याय मिल रहा है। ई-कोर्ट से भी लोगों को न्याय मिल रहा है। हालांकि इसमें क्षेत्राधिकार जैसी कुछ समस्या भी रहती है। वहीं इससे जुडे कुछ कानूनों में भी संशोधन करने की जरूरत है।

सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि एआई की सहायता तो ली जा सकती है, लेकिन इसके साथ ही मानव मस्तिष्क का उपयोग भी जरूरी है। एआई सेवक हो सकती है, मालिक नहीं। सेमिनार को गेस्ट ऑफ ऑनर जस्टिस डॉ पुष्पेंद्र भाटी, राजस्थान हाईकोर्ट बार एसोसियेशन के अध्यक्ष प्रहलाद शर्मा, एडवोकेट जनरल राजेन्द्र प्रसाद ने भी संबोधित किया।

# गैंगस्टर रोहित गोदारा ने भाजपा नेता से मांगी 5 करोड़ की रंगदारी

## फोनकर्ता ने 7 दिन में रकम नहीं देने पर जान से मारने की धमकी दी

**-कार्यालय संवाददाता-**

**जयपुर ।** गैंगस्टर रोहित गोदारा द्वारा भाजपा नेता से 5 करोड़ रु. की रंगदारी मांगने का मामला सामने आया है। फोनकर्ता ने वॉट्सऐप कॉल कर खुद को रोहित गोदारा बताते हुए 7 दिन में पांच करोड़ रुपये देने की डिमांड रखी। उसने धमकी दी है कि अगर 7 दिन में पैसे नहीं दिए तो जान से मार देगा। गोदारा ने कहा कि पुलिस को भी रिकॉर्डिंग सुना देना, वो भी तेरी सुरक्षा नहीं कर पाएगी। इस पर पीडित ने शिवदासपुरा थाने में मामला दर्ज करवाया।

पुलिस ने बताया कि शिवदासपुरा निवासी 36 वर्षीय भाजपा नेता ने मामला दर्ज करवाया कि भारतीय जनता पार्टी में पदाधिकारी होने के साथ उनका बिजनेस भी है। गुरुवार को वह ऑफिस में बैठकर काम कर रहे थे। इस दौरान दोपहर उसके मोबाइल पर इंटरनेशनल मोबाइल नंबर से वॉट्सऐप कॉल आया। कॉल करने वाले ने धमकाते हुए खुद का नाम लॉरेंस गैंग का गैंगस्टर रोहित गोदारा बताया। बदमाश ने धमकी देकर कहा कि मैं जानता हूं कि तू कितना बड़ा बिजनेसमैन है। अगर 7 दिन में 5 करोड़ रुपए नहीं दिए तो तू चाहे कहीं भी छुप जाना, तुझे हमसे कोई भी नहीं बचा सकता। बदमाश ने कहा कि पुलिस को भी यह रिकॉर्डिंग सुना देना। पुलिस भी तेरी सुरक्षा नहीं कर पाएगी। तेरे पास 7 दिन का समय है। पुलिस इंटरनेशनल मोबाइल नंबर के आधार पर धमकी देने वाले के बारे में पता लगाने के प्रयास कर रही है।

ज्ञात रहे कि कुछ दिन पहले गैंगस्टर रोहित गोदारा ने जयपुर के बिजनेसमैन से भी 37 लाख रुपए मांगे थे। बिजनेसमैन को वॉट्सऐप कॉल कर जान से मारने की धमकी देकर रुपयों की डिमांड की थी। इसके साथ ही अजमेर जेल में बंद गोगामेड़ी के हत्यारे ने भी बिजनेसमैन को कॉल कर धमकाया। पीड़ित बिजनेसमैन ने 14 अप्रैल को वैशाली नगर थाने में मामला दर्ज करवाया था। इस मामले में पुलिस ने एक आरोपित को गिरफ्तार किया था। बिजनेसमैन को सबसे पहले 29 फरवरी को वॉट्सऐप नंबर पर इंटरनेशनल मोबाइल नंबर से कॉल आया। 11 मार्च को दोबारा इंटरनेशनल मोबाइल नंबर से व्हाट्सएप कॉल आया। इसके बाद 16 मार्च और 6 अप्रैल को धमकी देकर रुपयों की मांग की गई। 12 अप्रैल को दलीप सिंह अपने साथी के साथ ऑफिस आ गया और धमकी देकर गया।

# घर में पड़ा मिला सी.आई.डी. सब इंस्पेक्टर का शव

**जयपुर** (कासं)। पुलिस मुख्यालय की सीआईडी शाखा में तैनात सब इंस्पेक्टर का शव कालवाड़ स्थित उनके खुद के घर में पड़ा मिला। जानकारी में सामने आया है कि मकान अंदर से लॉक था और नौकरानी ने खिड़की से झांक कर देखा तो एसआई बाथरूम में नग्न हालत में गिरे दिखाई दिए, इस पर उसने पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और फोरेंसिक साइंस लेबोरेटरी (एफएसएल) की मदद से सबूत जुटाए। पुलिस ने पोस्टमॉर्टम के लिए शव को कांवटिया अस्पताल की मोर्चरी में भिजवाया।

पुलिस ने बताया कि राजस्थान पुलिस में एसआई धर्मेंद्र यादव (50) की उनके ही घर में लाश मिली है। वह कालवाड़ इलाके स्थित सुशांत सिटी में पत्नी और बच्चों के साथ रहते थे। एसआई धर्मेंद्र यादव पुलिस, मुख्यालय की सीआईडी शाखा में तैनात थे। पिछले दो दिनों से उनकी तबीयत खराब थी और उनकी पत्नी और बच्चे घर में शादी होने के कारण बीकानेर गए हुए थे। शुक्रवार को घर पर खाना बनाने के लिए नौकरानी आई। डोर बेल बजाने के बाद भी एसआई धर्मेंद्र यादव ने गेट नहीं खोला। कुछ देर रुकने के बाद नौकरानी दूसरी जगह अपने काम पर चली गई।

सार-समाचार

## एम.एम.बी. ग्रुप ने परिंडे बांधे



**डूंगरपुर,** (निसं)। भीषण गर्मी में पक्षियों को राहत प्रदान करने के लिए एमएमबी ग्रुप डूंगरपुर की ओर से आज कौमी एकता के प्रतीक हजरत मस्तान शाह बाबा की दरगाह पर परिंडे बांधकर शुरुआत की। ग्रुप सदर नूर मोहम्मद मकरानी ने बताया कि ग्रुप हर साल गर्मियों में परिंदों को राहत प्रदान करने के लिए परिंडे बांधकर उसमें दाना पानी की व्यवस्था करता है ग्रुप की ओर से इस अभियान को लगातार जारी रखा जाएगा व उन जगहों पर परिंडे बांधे जाएंगे जहां पर नियमित रूप से उनमें दाना पानी की व्यवस्था हो सकती है। आज इस नेक अवसर पर ग्रुप सदर नूर मोहम्मद मकरानी के साथ आसिफ मुल्तानी, हाजी अल्लाह नूर मंसूरी, मुख्तियार एहमद कुरैशी, दिलावर खान, एहमद व काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

## सड़कों व नालियों की सफाई की मांग

**भीण्डर,** (निसं)। भीण्डर नगर पालिका के वार्ड 6 के खादी भण्डार क्षेत्र में पेयजल के लिए नगर पालिका द्वारा लगा रखी पनघट जीर्णशीर्ण हो रही है। वहीं इस क्षेत्र में सफाई व्यवस्था भी चरमराई हुई है। इसको लेकर क्षेत्रवासियों ने मांग की हैं कि नगर पालिका प्रशासन पनघट को तुरंत दुरस्त करवाएं और क्षेत्र की सड़कों व नालियों की नियमित सफाई की जाएं। भीण्डर के वार्ड 6 के खादी भण्डार क्षेत्रवासियों ने बताया कि नगर पालिका द्वारा लगा रखी पनघट पिछले काफी समय से जीर्णशीर्ण होने की वजह से पूरे दिन में पानी व्यर्थ जाता रहता है। जिसके चलते दिनभर में कई बार टंकी को भरना पडता है। जबकि गर्मी में पेयजल का संकट आ रहा हैं और भीण्डर में वैसे भी पानी की सप्लाई 4-5 दिनों से हो रही है। नगर पालिका प्रशासन पनघट की सुध लेकर दुरस्त करवा दे ंतो काफी पानी बच जायेगा और लोगों को सुविधा भी मिलेगी। वहीं क्षेत्रवासियों ने बताया कि इस क्षेत्र में नियमित सफाई भी नहीं होने से काफी गंदगी फैली रहती है। यहां नालियों में पिछले काफी समय से कीचड जमा हुआ हैं जिससे बदबु और मच्छर फैलते रहते है। वहीं पालिका कर्मचारियों को अवगत करवाने के बावजुद भी सफाई नहीं करते है।

## रामकथा सुनने पहुंच रहे भक्त

**भीण्डर,** (निसं)। हरि बोल प्रभात फेरी मण्डल द्वारा संचालित हरि बोल गौशाला जिला भीलवाडा के तत्वावधान में तेलनखेडी ग्राम में सामूहिक रूप से राम कथा का आयोजन करवाया जा रहा है। कथा व्यास राष्ट्रीय प्रवक्ता गौवत्स सत्यनारायण महाराज ने कथा में बताया कि ज्ञान और विवेक में अन्तप होता है। मानव को विवेकपूर्ण जीवन जीना चाहिए। सत्संग के बिना विवेक उत्पन्न नहीं होता है और सत्संग बिना राम की कृपा से नहीं मिलता है। कथा में प्रसंगवश भगवान राम द्वारा गुरु विश्वामित्र के साथ जनकपुरी में जाकर धनुष भंग करके सीता स्वयंवर में राम-जानकी विवाह सम्पन्न हुआ। गौशाला के सचिव श्याम लाल शर्मा ने बताया कि धनुष भंग के प्रसंग में महाराज की प्रेरणा से कई भक्तों ने जीवन के व्यसन छोडेद्य सज्जन सिंह चारण ने बीडी- सिगरेट, तथा नारायण सिंह ने शराब सेवन का त्यात किया। कथा में कलवल, वरणी, ईडरा, अरनेड, मुजरास, सेणुन्दा सहित कई गांवों से भक्त आ रहे है। 1 मई को कथा की पूर्णाहूति होगी।

## मतदान को लेकर समीक्षा की

**कपासन,** (निसं)। लोकसभा चुनाव का मतदान संपन्न होने के बाद विधायक अर्जुन लाल जीनगर ने शनिवार को कार्यकर्ताओं के साथ चुनाव एवं मतदान को लेकर कार्यकर्ताओं के साथ समीक्षा की। स्थानीय विधायक कार्यालय पर जीनगर ने सभी मतदान केन्द्रों पर हुए मतदान एवं उनके रुझानों को लेकर पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं से फीडबैक लिया तथा चुनाव में उनके सहयोग के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। इसी प्रकार कांग्रेस जिलाध्यक्ष भेरूलाल चौधरी और कांग्रेस नगर अध्यक्ष शंकर लाल प्रजापत ने भी लोकसभा चुनाव में उनको सहयोग करने के लिए मतदाताओ सहित सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया।

## मतदान के बाद बूथ पर ली सेल्फी

**मंडफिया,** (निसं)। चित्तौड़गढ़ लोकसभा क्षेत्र के मंडफिया कस्बे के बालिका विद्यालय के मतदान केंद्र पर मतदाताओं के साथ बच्चों में खासा उत्साह रहा। एक ऐसा ही उदाहरण देखने को मिला बच्चों संग माताएं अपना घर का काम निपटा कर मतदान के लिए निकली तो बूथ पर मतदान के बाद बच्चों के संग सेल्फी ली। चुनाव आयोग के द्वारा मतदान केंद्र पर बुजुर्गों एवं दिव्यांग जनों के लिए विशेष माकूल प्रबंध किए गए। बच्ची संग आई माता दीपिका गुर्जर ने बताया कि मतदाताओं के साथ-साथ बच्चों में भी खासा उत्साह रहा और बच्चे भविष्य मे लोकतंत्र को मजबूत करेंगे। इनको अभी से ही हर माताएं बहनों को प्रोत्साहित करना चाहिए।

# विधायक दीप्ति ने गौसेवा के साथ सादगी से जन्म दिवस मनाया

**राजसमंद,** (निसं)। विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने भाजपा कार्यकर्ताओं और स्नेहीजनों के साथ अपना जन्म दिवस माऊ गौशाला में गौसेवा के साथ अत्यंत सादगी से मनाया।

माऊ गौशाला में बड़ी संख्या में उपस्थित भाजपा कार्यकर्ताओं और क्षेत्रवासियों ने विधायक दीप्ति का मालाओं एवं उपरणो से भव्य स्वागत किया। बडारडा में भाजपा कार्यकर्ताओं

■ **माऊ गौशाला में भाजपा कार्यकर्ताओं और क्षेत्रवासियों ने विधायक दीप्ति का भव्य स्वागत किया**

ने विधायक दीप्ति माहेश्वरी का जन्म दिवस के उपलक्ष्य में केक काटकर स्वागत किया।

विधायक कार्यालय में भी बडी संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं और नगरवासियों ने जन्म दिवस समारोह मनाया। विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने जन्म दिवस पर कार्यकर्ताओं के साथ द्वारकाधीश प्रभु के दर्शन कर आर्शीवाद लिया। विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने भाजपा कार्यकर्ताओं और क्षेत्रवासियों से चर्चा कर मतदान के संबंध चर्चा की एवं जनमत के विषय में संज्ञान लिया। सभी स्थानों पर भाजपा के पक्ष में ठोस लहर दिख रही थी। सर्वत्र जनता का मोदी की गारंटी पर अटूट विश्वास दिख रहा है। राजसमंद भाजपा की ऐतिहासिक विजय के साथ राजस्थान में पहले स्थान पर आने वाला है।

विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने कहा कि देश जनता परिपक्व है। जनता को देश तोडने की सोच और सनातन धर्म को मिटाने की मानसिकता स्वीकार नहीं है। कांग्रेस गठबंधन ने देश के विकास का कोई वैकल्पिक कार्यक्रम जनता के सामने नहीं रखा है। भारत के सभी अंचलों में भाजपा की नीतियों और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की कार्यशैली व दूरदर्शिता के पक्ष में समर्थन की अन्तः धारा बह रही है। 4 जून को ऐतिहासिक जनादेश के साथ विकसित भारत के निर्माण का नया युग प्रारम्भ होगा।



विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने जन्म दिन के अवसर पर कार्यकर्ताओं के साथ केक काटा।

## श्रीशिव महापुराण कथा शुरू

**प्रतापगढ़,** (निसं)। श्री महाकालेश्वर मंदिर राजपूत धर्मशाला नीमच रोड, चारभुजा कॉलोनी में पंच दिवसीय श्री शिव पुराण कथा शनिवार को कलश यात्रा एवं पौथी पूजन के साथ प्रारंभ हुई।

बाहुबली कॉलोनी के श्री बाहुबलेश्वर मंदिर से कलश यात्रा प्रारंभ हुई जो श्री महाकालेश्वर मंदिर तक आई जिसमें काफी संख्या में महिलाओं कलश उठाए। शिपुराण कथा के प्रवक्ता पंडित घनश्याम शास्त्री (नारायण खेडा वाले) ने आज नारद - विष्णु संवाद का प्रसंग सुनाया जिसमें नारद ने विष्णु जी से शिलनिधि राजा की लड़की से विवाह हेतु विष्णु जी का रूप मांगा लेकिन विष्णु जी ने अपने तीन रूप में से एक रूप बंदर का नारद को दे दिया जिससे शिलनिधी राजा की लडकी ने वरमाला के समय उनके सामने भी नहीं देखाऔर विष्णु जी के गले में वरमाला डाल दी एवम चले गए।

# डूंगरपुर जिले में 67.57 प्रतिशत रहा मतदान

**डूंगरपुर,** (निसं)। लोकसभा आम चुनाव के तहत जिले में शुक्रवार को 1026 मतदान केंद्रों पर शांतिपूर्ण, भयमुक्त और निष्पक्ष माहौल में मतदान संपन्न हुआ। जिला निर्वाचन अधिकारी अंकित कुमार सिंह ने बताया कि जिले के चारों विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों डूंगरपुर, आसपुर, सागवाडा और चौरासी में कुल 7 लाख 22 हजार 433 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

पुरुषों के मुकाबले महिला मतदाताओं की संख्या अधिक रही। पुरुष मतदाताओं की संख्या 3 लाख 49 हजार 245, महिला मतदाताओं की संख्या 3 लाख 73 हजार 184 और ट्रांसजेंडर मतदाताओं की संख्या 4 रही।

■ **पुरुषों के मुकाबले महिलाओं का मतदान प्रतिशत अधिक रहा**

डूंगरपुर विधानसभा क्षेत्र में 177039, सागवाडा विधानसभा क्षेत्र में 195260, चौरासी विधानसभा क्षेत्र में 179909 तथा उदयपुर संसदीय क्षेत्र में आने वाले आसपुर विधानसभा क्षेत्र में 170225 लोगों ने मताधिकार का प्रयोग किया।

जिले में कुल 67.57 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। पुरुष मतदान प्रतिशत 64.35 प्रतिशत रहा, जबकि महिला मतदाताओं का मतदान प्रतिशत 70.89 प्रतिशत दर्ज किया गया। डूंगरपुर विधानसभा क्षेत्र में 67.07 प्रतिशत, सागवाडा में 69.95 प्रतिशत, चौरासी में 71.04 प्रतिशत तथा आसपुर विधानसभा क्षेत्र में 62.41 प्रतिशत मतदान हुआ।

डूंगरपुर जिले के डूंगरपुर नगरपरिषद और सागवाडा नगरपालिका क्षेत्र के कुल पंजीकृत मतदाताओं 62390 में से 40101 मतदाताओं ने मतदान किया। इस प्रकार जिले के शहरी क्षेत्रों में 64.27 प्रतिशत मतदान हुआ। वहीं, ग्रामीण क्षेत्रों में पंजीकृत 10 लाख 6 हजार 725 मतदाताओं में से 6 लाख 82 हजार 332 मतदाताओं ने मतदान किया। इस प्रकार ग्रामीण क्षेत्रों में 67.78 प्रतिशत मतदान हुआ।

## सी.एम.एच.ओ. ने चिकित्सा संस्थानों का निरीक्षण किया

**राजसमंद,** (निसं)। चिकित्सा संस्थानों पर गर्मी जनित बीमारियों एवं मौसमी बीमारियों की रोकथाम के समुचित प्रबंधन को जांचने सीएमएचओ डॉ. हेमन्त बिन्दल ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सालोर एवं नाथद्वारा के तेलियो का तालाब स्थित शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का औचक निरीक्षण किया तथा चिकित्सा अधिकारी, नर्सिंग स्टॉफ एवं पैरा मेडिकल स्टॉफ को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

सीएमएचओ डॉ हेमन्त बिन्दल ने सालोर में विभिन्न वार्डो, प्रयोगशाला, लेबर रूम, दवा वितरण केन्द्र एवं स्टोर का अवलोकन कर वहां मरीजों के लिए उपलब्ध दवाईंयों, जांच व्यवस्था एवं अन्य आवश्यक संसाधनों के साथ ही पेयजल, परिजनो के लिए बैठने की व्यवस्था एवं साफ-सफाई को लेकर चिकित्सा अधिकारी प्रभारी से विस्तार से चर्चा की। साथ ही क्षेत्र में संचालित एन्टीलार्वा गतिविधियों एवं संस्थान पर दी जा रही मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर अब तक की उपलब्धियों पर चर्चा की। उन्होंने सीएचसी के निर्माणाधीन भवन का भी अवलोकन किया। चिकित्सा अधिकारी प्रभारी डॉ संजय माली ने विस्तार से संस्थान पर दी जा रही चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाओं के बारे में जानकारी दी। उन्होंने शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र तेलियो का तालाब नाथद्वारा का औचक निरीक्षण कर वहां दी जा रही स्वास्थ्य सेवाओं का अवलोकन किया तथा वार्डों में तैयारियों का जायजा लिया।

## 'भक्ति में शक्ति होती है'

**बांसवाडा,** (निसं)। भक्ति में शक्ति होती है अतः भक्ति विनयपूर्वक करना चाहिए क्योंकि जब तक पुण्य की क्रिया नहीं करेंगे तब तक पुण्य में वृद्धि नहीं होगी। उक्त उद्गार आर्यिका महायशमति माता ने बाहुबली कॉलोनी जैन मंदिर में प्रवचन सभा में व्यक्त किये।


उन्होंने बताया कि आचार्य वर्धमान सागर महाराज की जब सन् 1969 में मुनि दीक्षा हुई तब दीक्षा के कुछ माह बाद उनकी नेत्र ज्योति जयपुर में अनायास चली गई। उन्होंने 3 घंटे लगातार भगवान श्री चंद्रप्रभु की भक्ति की और उस भक्ति के फलस्वरुप उनकी नेत्र ज्योति बिना डॉक्टरी इलाज के पुनः वापस लौट आई।

उन्होंने कहा कि हम प्राचीन परंपरा, संस्कृति, सभ्यता से विमुख होते जा रहे हैं मंदिरों में भगवान की भक्ति में हमारा मन लगता नहीं है। उन्होंने संत की तुलना बसंत ऋतु से करते हुए कहा कि जिस प्रकार बसंत के आने से प्रकृति सुधर जाती है ठीक उसी प्रकार संत के आने से संस्कृति सुधर जाती है। आचार्य संघ का सानिध्य प्राप्त कर आप धर्म प्रभावना और पुण्य में वृद्धि कर सकते हैं।

उन्होंने प्रभु की भक्ति का महत्व बताते हुए कहा कि जिस प्रकार व्रज के प्रहार से पहाड, चट्टान टूट जाती है उसी प्रकार प्रभु की भक्ति से कर्म रूपी पहाड टूट जाते हैं नष्ट हो जाते हैं प्रभु भक्ति संजीवनी अमृत समान है। उन्होंने कहा कि प्रभु भक्ति समर्थ है इससे दुख का निवारण होता है। आज का मानव स्वयं, परिवार, मंदिर, गुरु और संस्कारों से दूर होता जा रहा है। समाज प्रवक्ता महेन्द्र कवालिया ने बताया कि इस अवसर पर बाहुबली कॉलोनी जैन मंदिर में विराजित पंचम पट्टाधीश आचार्य वर्धमान सागर महाराज संघ का भी सानिध्य प्राप्त हुआ।


सार-समाचार

## अस्थि रोग जांच शिविर संपन्न



**डूंगरपुर,** (निसं)। महावीर इंटरनेशनल डूंगरपुर द्वारा रोग निदान केंद्र पर अस्थि रोग संबंधित एक दिवसीय जांच शिविर संपन्न हुआ। संस्था के अध्यक्ष वीर विजय जैन ने बताया कि शनिवार के शिविर में जी बी एच जनरल एवं कैंसर हॉस्पिटल उदयपुर के अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ. सौरभ अग्रवाल ने अपनी सेवाएं प्रदान की। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान महावीर की तस्वीर पर दीप प्रज्वलित कर प्रार्थना के साथ हुआ। शिविर में अस्थि रोग से संबंधित 17 रोगियों की जांच की जाकर उन्हें चिकित्सकीय परामर्श प्रदान किया गया। शिविर में मुख्यतः फ्रोजन शोल्डर, घुटने एवं कमर के दर्द के रोगियों की जांच की गई। साथ ही तीन रोगियो कि,जिनकी पूर्व में घुटना प्रत्यारोपण की शल्य चिकित्सा की गई थी, उनकी फॉलोअप जांच भी की गई। दो रोगियों को घुटना प्रत्यारोपण का परामर्श दिया गया। श्री जैन ने बताया की अब से प्रत्येक माह के चौथे शनिवार को डॉ. सौरभ अग्रवाल अपनी नियमित ओपीडी सेवाए प्रदान करेंगे। इस अवसर पर संस्था के पूर्व अध्यक्ष संजय गांधी, पूर्व सचिव नीरव जैन,संस्था के सह सचिव अविचल जैन,गवर्निंग काउंसिल सदस्य विनोद दोशी, वयोवृद्ध समाज सेवी दादा करनानी आदि भी उपस्थित रहे।

## शिव-हनुमान मंदिर पर चढाई ध्वजा



**बांसवाडा,** (निसं)। मयूर नगर लोधा में शिव हनुमान मंदिर पर गोवर्धन विद्या विहार खडगदा संस्कृत विद्यालय के ख्यात पं. हितेश नारायण दीक्षित, चंद्राश द्विवेदी, जगन्नाथ मिश्रा, आशीष, रजत जोशी व अंशुल के सानिध्य में यजमान मुख्य संचालन अधिकारी नरेश कुमार बहेडिया व मंजू बहेडिया सहित मयूर परिवार ने हवन, पाठ व हनुमान चालीसा कर ध्वजा चढाई। उप महा प्रबंधक लीगल और पीआर मनोज शाह ने बताया कि इस अवसर उच्चाधिकारी गोपाललाल काबरा, वीरेन्द्र सिंह, नरेंद भंडारी, सतकाम श्रीवास्तव, बृजेश वर्मा, देवेन्द्र टांक, सुखदेव वटकर, दिलीप सिंह, आरके गगरानी, संजय उपाध्याय, महेश मालपानी, अभिमन्यु सिंह, उपेंद्र सिंह, केसी विलसन, बीके सिंह, यूनियन प्रतिनिधि धनपाल चरपोटा, प्रभुलाल जोशी, भारत सिंह, अमर सिंह, खुमान सिंह, नाहर सिंह आदि मय परिवार मौजूद रहे। संचालन ममतेष जैन किया जबकि आभार अभिमन्यु सिंह ने माना।

## नगर कार्यकारिणी घोषित

**बांसवाडा,** (निसं)। विप्र फाउंडेशन महिला प्रकोष्ठ नगर अध्यक्ष अर्चना दवे ने जिलाध्यक्ष योगेश जोशी एवं महिला प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष डॉ. कीर्ति आचार्य की सहमति से नगर कार्यकारिणी की घोषणा की। जिसमें संध्या पंड्या, पुष्पा व्यास, निशा द्विवेदी, मिथिलेश गौतम व सुनीता कौशिक नगर उपाध्यक्ष, नीलम पंड्या व प्रेरणा नागर नगर महामंत्री, राजश्री व्यास, पिंकी जोशी, शानू शर्मा, सपना व्यास व अनिता नागर नगर मंत्री तथा वनिता जोशी को नगर संयोजक नियुक्त किया है। साथ ही पन्द्रह सदस्य भी नियुक्त किए गए।

# शिक्षक संघ राष्ट्रीय ने मुख्यमंत्री से की भेंट

**राजसमंद,** (निसं)। राजस्थान शिक्षक संघ (राष्ट्रीय) के प्रतिनिधि मंडल ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के साथ अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के क्षेत्रीय संगठन मंत्री घनश्याम व प्रदेशाध्यक्ष रमेशचंद्र पुष्करणा के नेतृत्व में भेंट की। जिला मिडिया प्रभारी सतीश आचार्य और राजेंद्रसिंह चारण ने बताया कि मुख्यमंत्री के साथ भेंट में संगठन ने शिक्षा के हित में कई सुझाव रखे और शिक्षक वर्ग की विभिन्न समस्याओं से मुख्यमंत्री को अवगत कराते हुए शीघ्र उचित समाधान की मांग की।

प्रदेशाध्यक्ष रमेशचंद्र पुष्करणा ने शिक्षक कल्याण बोर्ड का गठन करने, वेतन विसंगतियों के निराकरण के लिए गठित सावंत एवं खेमराज कमेटी की रिपोर्टों को सार्वजनिक कर तत्काल लागू करने एवं समस्त शिक्षक संवर्गों की सभी वेतन विसंगतियों का तत्काल निवारण करने के साथ प्रदेश के शिक्षको को सभी प्रकार के गैर शैक्षणिक कार्यों से मुक्त करने की मांग की। क्षेत्रिय संगठन मंत्री अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के घनश्याम ने कहा कि राजस्थान शिक्षक संघ (राष्ट्रीय) प्रदेश का सबसे बडा शिक्षक संगठन होकर शिक्षक हित में लगातार निष्पक्ष भाव से कार्य कर रहा है और राष्ट्रीय हित के कार्यों को अपना कर्तव्य समझ हमेशा अग्रणी भूमिका निभाता है। अतः राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय को अविलंब मान्यता प्रदान करें। प्रदेश महामंत्री महेंद्र कुमार लखारा ने आरपीएमएफ -आरजीएचएस की कटौती में कमी करने और आयकर में

■ **शिक्षा हित में दिए सुझाव**

छूट देने, अस्पताल में उपचार के दौरान पिछली सरकार में लागू प्रतिदिन एक हजार रुपए की लिमिट और महीने में पांच आउटडोर की लिमिट समाप्त की जाने, संविदा भर्ती पर संगठन की मांग करते हुए बताया कि शिक्षा विभाग में की जा रही संविदा आधारित नियुक्ति प्रक्रिया पर तत्काल रोक लगाई जा कर नियमित भर्ती से ही पद भरे जाने की प्रक्रिया प्रारंभ की जावे। पूर्व से शिक्षक कार्य करा रहे समस्त संविदा कार्मिकों को नियमित किया जावे। यथा शिक्षाकर्मी, पैराटीचर, पंचायत शिक्षक आदि। वर्तमान में प्रदेश में लगभग 23000 संविदाकर्मी नियुक्त है। राज्य सेवा एवं अन्य प्रशासनिक सेवाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं में संस्कृत के दस से पंद्रह अंकों के प्रश्न निर्धारित किए जाएं। राजस्थान के शिक्षकों को 1000 रुपए प्रतिमाह ग्रामीण भत्ता दिया जाए। ग्रामीण भत्ता देने से शिक्षकों में शहरों में आने की प्रतिस्पर्धा समाप्त होगी और स्थानांतरण की समस्या का समाधान होगा। लगभग डेढ घंटा चली इस भेंट में मुख्यमंत्री ने सभी मांगों को गहनता से सुनते हुए समाधान का आश्वासन दिया।


इस अवसर पर प्रतिनिधि मंडल में संगठन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष संपतसिंह, प्रदेश महामंत्री महेंद्र कुमार लखारा, प्रदेश सभाध्यक्ष अशोक कुमार शर्मा, प्रदेश महिला उपाध्यक्ष डॉ अरुणा शर्मा उपस्थित थे।

# स्काउट व गाइड ने भी लोकतंत्र के महापर्व में आहूति दी

**राजसमंद,** (निसं)। राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड राज्य मुख्यालय जयपुर, जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ भंवरलाल एवं जिला स्वीप अधिकारी के निर्देशानुसार जिले के समस्त मतदान केन्द्रों पर दो-दो स्काउट व गाइड ने स्काउट वॉलियंटर्स के रूप में अपनी सेवाएं देकर दिव्यांग व वृद्ध मतदाताओं का खूब आशीर्वाद लिया।

सीओ स्काउट अभिलाषा मिश्रा ने बताया कि 26 अप्रेल को हुए लोकसभा आमचुनाव में देश के सबसे बडे वर्दीधारी संगठन भारत स्काउट व गाइड की सबसे छोटी कडी के रूप में सेवाएं देने वाले स्काउट व गाइड ने बहुत ही सराहनीय सेवा कार्य किया। निर्वाचन विभाग के निर्देशानुसार प्रत्येक मतदान केन्द्र पर दिव्यांग व वृद्ध मतदाताओं को सुगम मतदान कराने के लिए पीठासीन अधिकारी एवं बूथ लेवल ऑफिसर के निर्देशन में मतदान दिवस के दिन प्रातः 7 बजे से लेकर सांय 7 बजे तक निःस्वार्थ सेवा भाव से कार्य कर एक अनुकरणीय कार्य किया। इन स्काउट गाइड बालक/बालिकाओं ने दिव्यांग एवं वृद्ध मतदाताओं को व्हील चेयर से मेन गेट से बूथ तक ले जाने व लाने का कार्य, इस भीषण गर्मी में प्रत्येक मतदाता को जल सेवा कार्य, मतदाताओं की भीड अधिक होने पर कतार बनाने में अपना सहयोग प्रदान किया।

स्थानीय संघ सचिव धर्मेन्द्र गुर्जर ने बताया कि जिला निर्वाचन अधिकारी के आदेशानुसार जिला मुख्यालय स्काउट विभाग द्वारा एक दल का गठन किया गया। जिसमें सीओ गाइड अभिलाषा मिश्रा, स्थानीय संघ सचिव धर्मेन्द्र गुर्जर व रोवर नारायणलाल सुथार ने जिले के भीम, देवगढ, आमेट, रेलमगरा, कुम्भलगढ, नाथद्वारा व राजसमन्द के विभिन्न मतदान केन्द्र, जिनमें मादा की बस्सी, खेडा जस्सा, फूली बाई नाहर दिवेर, महाराणा प्रताप दिवेर, छापली डूंगावास, बग्गड, छूंतरा, सांगावास, मियाला, बरार, खेडा, जीएसएस भीम, चौकहीरट, देवगढ, यूपीएस देवगढ, रावत नाहर बालिका देवगढ, महात्मा गांधी यूपीएस देवगढ, पंचायत समिति आमेट, जीएसएस आमेट, जीएसएस ढेलाणा, राजपुरा, जीएसएस सरदारगढ, जीएसएस पनोतिया, जीएसएस महासतियों की मादडी, जीएसएस कुरज, जीएसएस एमडी, यूपीएस एमडी, महसील कार्यालय नाथद्वारा, राजकीय बालिका नाथद्वारा, राजकीय गोवर्धन उमावि नाथद्वारा, श्रीनाथ क्रय विक्रय समिति नाथद्वारा, गांधी सेवा सदन राजसमन्द, आदि बूथों का निरीक्षण कर स्काउट गाइड वॉलियंटर्स की सेवाओं की सराहना करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया। सीओ गाइड मिश्रा ने बताया कि पूरे जिले में राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड के 1982 वॉलियंटर्स लगाए गए जिन्होंने इस लोकतंत्र के महापर्व पर अपनी आहुति दी।



स्काउट गाइड के वॉलियंटर्स वृद्ध व विकलांग मतदाताओं को व्हील चेयर पर बूथ तक लाये।

■ **जिले में राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड के 1982 वॉलियंटर्स लगाए**

# दगा किसी का सगा नहीं होता : मुनि अतुल

**राजसमंद,** (निसं)। मुनि रविंद्र कुमार एवं मुनि अतुल कुमार पारस बाफना के निवास स्थान पर विराज रहे हैं। रात्रि कालीन प्रवचन माला के दौरान मुनि अतुल कुमार ने धर्मसभा को संबोधित करते हुए कहा कि पैसा कोई पाप नहीं है। यह पैसे के प्रति जो प्यार है वह पाप है। पाप से कमाया धन फलता नहीं है। कारण यह है कि पाप का धन ज्यादा देर ठहर नहीं सकता। उससे कई गुना ज्यादा चला जाता है।

इसलिए पुण्य का कमाया धन इकट्ठा करें। हम सब इस दुनिया में इसलिए आते हैं क्योंकि हमें किसी से लेना होता है तो किसी का देना होता है। इस तरह से प्रत्येक को कुछ ना कुछ लेने देने के हिसाब चुकाने होते हैं। इस कर्ज का हिसाब चुकता करने के लिए इस दुनिया में कोई बेटा बनकर आता है तो कोई बेटी बन कर आती है, कोई पिता बनकर आता है तो कोई मां बन कर आती है, कोई पति बनकर आता है तो कोई पत्नी बनकर आती है, कोई प्रेमी बन कर आता है तो कोई प्रेमिका बनकर आती है, कोई पडोसी बनकर आता है तो कोई रिश्तेदार बन कर आता है, कोई मित्र बनकर आता है तो कोई शत्रु बनकर आता है। चाहे दुख हो या सुख हिसाब तो सबको देने ही होते हैं। जिस जिसने परिवार के साथ में अपनों के साथ में धोखा किया है वह आदमी जिंदगी में कभी भी सुख की रोटी नहीं खा सकता है लिख लो आप स्टांप पेपर पर।

मुनि ने कहा कि जिसने अपने भाइयों के साथ में दगा किया, अपने परिवार के साथ में दगा किया, कुछ भी किया वह व्यक्ति कभी भी शांति की जिंदगी नहीं जी सकेगा। कहा भी है दगा किसी का सगा नहीं है, नहीं किया तो कर देखो। जिसने जिसने दगा किया है जाकर उसका घर देखो। क्योंकि उसी के परिवार में ऐसी औलाद पैदा होगी जो उसे परेशान कर देगी, उसकी बर्बादी लिख देगी। संतान के रूप में हमारा कोई पूर्व जन्म का संबंधी ही आकर जन्म लेता है। पूर्व जन्म का कोई ऐसा जीव जिससे आपने ऋण लिया हो या उसका किसी भी प्रकार से धन नष्ट किया हो, वह आपके घर में संतान बनकर जन्म लेगा और आपका धन बीमारी या व्यर्थ के कार्यों में तब तक नष्ट करेगा जब तक उसका पूरा हिसाब ना हो जाए। पूर्व जन्म का कोई दुश्मन आपसे बदला लेने के लिए आपके घर में संतान बनकर पैदा हो सकता है और बडा होने पर माता-पिता से मारपीट, झगडा या उन्हें सारी जिंदगी किसी भी प्रकार से उन्हें सताता ही रहेगा। हमेशा कडवा बोलकर उनकी बेइज्जती करेगी व उन्हें दुखी रखकर खुश होगा। पूर्व जन्म के कर्मों से संबंधित कुछ ऐसी संतानें भी जन्म ले लेती हैं जो ना तो माता-पिता की सेवा करती हैं और ना ही कोई सुख देती है।

■ **मुनि रविंद्र कुमार एवं मुनि अतुल कुमार पारस ने धर्म सभा को संबोधित किया**



टोक्यो ओलंपिक खेलों में नीरज चोपड़ा के स्वर्ण पदक के बाद से खिलाड़ियों का आत्मविश्वास बढ़ा है। हम में से हर कोई इसमें केवल भाग लेने के लिए नहीं जा रहा है। हम पदक जीतने की मानसिकता के साथ वहां जा रहे हैं। -तजिन्दर पाल तूर

एशियाई खेलों के स्वर्ण पदक विजेता, भारतीय एथलीटों के बारे में बोलते हुए।

**आज का खिलाड़ी** — **ऋषभ पंत**



भारत के पूर्व तेज गेंदबाज जहीर खान ने टी-20 विश्व कप के लिए अपनी टीम में ऋषभ पंत को एकमात्र विकेटकीपर के रूप में चुना है जबकि वह बायें हाथ के तेज गेंदबाज यश दयाल को आक्रमण में एक नया आयाम जोड़ने के लिए अंतरराष्ट्रीय पदार्पण की जिम्मेदारी सौंपना चाहते हैं। जहीर का सबसे दिलचस्प चयन 26 वर्षीय दयाल का रहा जो घरेलू क्रिकेट में उत्तर प्रदेश और इंडियन प्रीमियर लीग में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) का प्रतिनिधित्व करते हैं। जहीर ने अपनी टीम चुनते समय मोहम्मद शमी की चोट को भी ध्यान में रखा है।

**क्या आप जानते हैं ?...** इंग्लैंड के वाल्ट हैंड पहले क्रिकेटर थे जिन्होंने 100 कैच पकड़े, उन्होंने 1939 में वेस्टइंडीज के जॉर्ज हैडली का कैच पकड़कर यह उपलब्धि हासिल की।

## फ्रेजर ने खेली ताबड़तोड़ पारी

नई दिल्ली, 27 अप्रेल। अरुण जेटली स्टेडियम में दिल्ली और मुंबई के बीच आईपीएल 2024 का मुकाबला खेला जा रहा है। जहां दिल्ली कैपिटल्स पहले बल्लेबाजी कर रही है। वहीं जेक फ्रेजर-मैकगर्क ने मुंबई इंडियंस के गेंदबाजों की जमकर



धुनाई की, उन्होंने पॉवरप्ले में जसप्रीत बुमराह से लेकर हार्दिक पंड्या, किसी को नहीं छोड़ा। उन्होंने चौथे ही ओवर में अपना अर्धशतक पूरा किया, ये कारनामा उन्होंने महज 15 गेंदों में किया। वह एक खास रिकॉर्ड बनाने वाले पहले बल्लेबाज बन गए हैं। जैक फ्रेजर क्रिस गेल के सबसे तेज शतक को तोड़ने के बेहद करीब थे, लेकिन उनकी इस ताबड़तोड़ पारी का अंत पीयूष चावला ने कर गेल का रिकॉर्ड बचा लिया। लेकिन इस पारी में भी जैक ने ऐसा रिकॉर्ड बनाया जो पहले किसी ने नहीं बनाया। जैक की ये इस सीजन की दूसरी सबसे तेज अर्धशतकीय पारी है। हालांकि, वह आज भी यशस्वी जायसवाल का रिकॉर्ड नहीं तोड़ पाए, जायसवाल ने पिछले सीजन 13 गेंदों में फिफ्टी जड़ी थी। फ्रेजर ने 2 बार 15 गेंदों पर अर्धशतक जड़ा है। वह सबसे कम गेंदों पर 2 अर्धशतक लगाने वाले पहले बल्लेबाज बन गए हैं।

## अगर विराट पारी का आगाज करते है तो भारत रिंकू और शिवम दोनों को अंतिम एकादश में खिला सकता है : पठान

नई दिल्ली, 27 अप्रेल। पूर्व आल राउंडर इरफान पठान ने शुक्रवार को कहा कि अगर विराट कोहली कप्तान रोहित शर्मा के साथ पारी का आगाज करते हैं तो आगामी टी20 विश्व कप के लिए भारत की अंतिम एकादश में रिंकू सिंह और शिवम दुबे जैसे 'पावर हिटर' फिनिशर के लिए जगह बन सकती है। भारत के 2007 टी20 विश्व कप के विजयी अभियान के नायक रहे पठान ने हालांकि कहा कि ऐसा करने से विकल्प सिर्फ पांच विशेषज्ञ गेंदबाजों तक सीमित हो जाएगा। पठान ने स्टार स्पोर्ट्स पर 'प्रेस रूम शो, टिकट टू वर्ल्ड कप' में कहा, "भारतीय पारी का आगाज करने के लिए यशस्वी जायसवाल और रोहित शर्मा होने चाहिए और ऐसा सिर्फ सिर्फ दायें हाथ और बायें हाथ के संयोजन के कारण है। जायसवाल का अंतरराष्ट्रीय स्ट्राइक रेट 160 का है और आपको इसकी जरूरत है। " लेकिन पूर्व कप्तान कोहली के साथ पारी का आागज करने के भी अपने फायदे होंगे। उन्होंने कहा, "अगर विराट बल्लेबाजी की शुरुआत करते हैं तो 11 खिलाड़ियों का संयोजन एक निश्चित तरीके से बन जायेगा जैसा आप चाहते हो। अगर ऐसा होता है तो आप शिवम दुबे को खेलते हुए देख सकते हैं बशर्ते वह टीम में हो। "

## 16वीं सब जूनियर बॉयज एंड गर्ल्स नेशनल रोल बाल चैम्पियनशिप शुरू

देहरादून, 27 अप्रेल। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को देहरादून के परेड ग्राउंड स्थित बहुउद्देशीय हॉल में रोल बाल फेडरेशन ऑफ़ इंडिया द्वारा आयोजित 16वीं सब जूनियर (अंडर-14) बॉयज एंड गर्ल्स नेशनल रोल बाल चैंपियनशिप में प्रतिभाग करने वाले खिलाड़ियों का उत्साहवद्धर्न किया। धामी ने उत्तराखंड तथा हिमाचल के मध्य आयोजित मैच का आनंद लिया तथा खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। इससे पहले उन्होंने सभी खिलाड़ियों का परिचय लिया तथा खेल के क्षेत्र में देश व प्रदेश का नाम रोशन करने का आ ान किया। इस अवसर पर, नेशनल रोल बाल चैंपियनशिप के प्रेसिडेंट पंकज भारद्वाज, सेकेट्री चिरतानजी नेगी, अमित भाटिया, आशीष नेगी, डॉ. वरुण प्रताप सिंह, प्रियांक शर्मा, प्रमोद कुमार सहित बड़ी संख्या में खेल प्रेमी मौजूद रहे।

## जहीर ने 20 के लिए एकमात्र विकेटकीपर पंत को चुना

नई दिल्ली, 27 अप्रेल। भारत के पूर्व तेज गेंदबाज जहीर खान ने टी20 विश्व कप के लिए अपनी टीम में ऋषभ पंत को एकमात्र विकेटकीपर के रूप में चुना है जबकि वह बायें हाथ के तेज गेंदबाज यश दयाल को आक्रमण में एक नया आयाम जोड़ने के लिए अंतरराष्ट्रीय पदार्पण की जिम्मेदारी सौंपना चाहते हैं। जहीर का सबसे दिलचस्प चयन 26 वर्षीय दयाल का रहा जो घरेलू क्रिकेट में उत्तर प्रदेश और इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) का प्रतिनिधित्व करते हैं। जहीर ने अपनी टीम चुनते समय मोहम्मद शमी की चोट को भी ध्यान में रखा है।जहीर ने 'जियो सिनेमा' से कहा, " यश दयाल का स्थान 'फ्लोटिंग स्पॉट' (अस्थायी) होगा क्योंकि मोहम्मद शमी टूर्नामेंट के लिए उपलब्ध नहीं होंगे। " उन्होंने कहा, "वह एक ऐसा गेंदबाज है कि अगर आप कभी भी किसी को गेंदबाजी के लगाना चाहते हैं तो उसे इस्तेमाल किया जा सकता है जैसे अगर सिराज की फॉर्म सही नहीं है। " उन्होंने संजू सैमसन, केएल राहुल और ईशान किशन जैसे खिलाड़ियों को नजरअंदाज करते हुए दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान पंत को अपनी टीम में एकमात्र विकेटकीपर के रूप में चुना। जहीर ने कहा, "पंत मेरे एकमात्र विकेटकीपर हैं। मैंने चार तेज गेंदबाज लाने को अधिक महत्व दिया है। आप दूसरे विकेटकीपर के लिए एक तेज गेंदबाज की बलि नहीं देना चाहेंगे। आपके पास केएल राहुल, संजू सैमसन जैसे विकल्प हैं और कई लोग दिनेश कार्तिक को देखना चाहते हैं। " उन्होंने कहा, "इस समय हम महेंद्र सिंह धोनी के स्ट्राइक रेट के कारण उन पर भी विचार कर सकते हैं ! अगर आप एक महीने तक चलने वाले टूर्नामेंट के लिए एक टीम बना रहे हैं तो'रिजर्व' खिलाड़ी के तौर पर आपका विकेटकीपर हो सकता है।"

# राजस्थान की 9 मैचों में 8 वीं जीत, लखनऊ को 7 विकेट से हराया

### राजस्थान की तरफ से संजू सैमसन ने नाबाद 71 और जुरेल ने 52 रन की नाबाद पारी खेली



लखनऊ, 27 अप्रेल। आईपीएल में 17वें सीजन की टेबल टॉपर राजस्थान रॉयल्स ने एक और जीत दर्ज कर ली। टीम ने लखनऊ सुपरजायंट्स को उन्हीं के होमग्राउंड पर 7 विकेट से हरा दिया। कप्तान संजू सैमसन और ध्रुव जुरेल ने राजस्थान से फिफ्टी लगाई। दोनों ने चौथे विकेट के लिए सेंचुरी पार्टनरशिप कर लखनऊ के हाथ से मैच निकाला।

शनिवार को इकाना स्टेडियम में राजस्थान ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। लखनऊ ने 20 ओवर में 5 विकेट के नुकसान पर 196 रन बनाए। केएल राहुल ने 76 और दीपक हुड्डा ने 50 रन बनाए। राजस्थान से संदीप शर्मा ने 2 विकेट लिए।

राजस्थान ने 19 ओवर में 3 विकेट के नुकसान पर 199 रन बना लिए। सैमसन 71 और जुरेल 52 रन बनाकर नॉटआउट रहे। सैमसन ने ही छक्का लगाकर टीम को जीत भी दिलाई। लखनऊ से यश ठाकुर, मार्कस स्टोयनिस और अमित मिश्रा ने 1-1 विकेट लिया।

9 मैचों में 8वीं जीत के साथ राजस्थान रॉयल्स पॉइंट्स टेबल के टॉप पर कायम है। टीम के 16 पॉइंट्स हैं। उनसे नीचे 4 टीमें 10-10 पॉइंट्स लेकर दूसरे से पांचवें नंबर पर मौजूद है। लखनऊ की 9 मैचों में चौथी हार रही, टीम 5 जीत के बाद 10 पॉइंट्स लेकर चौथे नंबर पर है।

दिन के पहले मैच में दिल्ली कैपिटल्स ने मुंबई इंडियंस को 10 रन से हराया। दिल्ली ने पहले बैटिंग करते हुए 20 ओवर में 257 रन बनाए। मुंबई ने भी कड़ी टक्कर दी लेकिन टीम 247 रन ही बना सकी।

राजस्थान के कप्तान संजू सैमसन ने 3 विकेट गिरने के बाद टीम को संभाला। उन्होंने टीम का स्कोर 100 रन के पार पहुंचाया और ध्रुव जुरेल के साथ फिफ्टी पार्टनरशिप भी कर ली। सैमसन ने मोहसिन खान के खिलाफ छक्का लगाकर 29 बॉल पर अपनी फिफ्टी पूरी कर ली। उनके बाद ध्रुव जुरेल ने भी 31 बॉल पर अर्धशतक लगाया। रियान पराग 11 बॉल में 14 रन बनाकर अमित मिश्रा का शिकार हुए। पराग ने इससे पहले मिश्रा के खिलाफ लॉन्ग ऑन की दिशा में छक्का लगाया था।



## तीरंदाजी कप : ज्योति ने स्वर्ण पदकों की हैट्रिक लगाई

शंघाई, 27 अप्रेल। एशियाई खेलों की चैम्पियन ज्योति सुरेखा वेन्नम ने शानदार प्रदर्शन के बूते शनिवार को यहां शंघाई में चल रहे तीरंदाजी विश्व कप के पहले चरण में स्वर्ण पदकों की हैट्रिक बनाकर भारतीय दबदबे की अगुआई की। दुनिया की तीसरे नंबर की खिलाड़ी ज्योति ने सत्र के शुरूआती वैश्विक टूर्नामेंट में मेक्सिकों की शीर्ष वरीय आंद्रिया बेसेरा को शूट-ऑफ में 146 146 (9-9) से हराकर यह उपलब्धि हासिल की। ज्योति ने इस तरह पिछले साल हांगझोऊ एशियाड की उपलब्धि की बराबरी की जिसमें विजयवाड़ा की 27 वर्षीय तीरंदाज ने व्यक्तिगत, महिला टीम और मिश्रित टीम स्पर्धाओं में जीत हासिल करते हुए स्वर्ण पदक की हैट्रिक लगाई थी। सुबह के सत्र में भारत ने गैर-ओलंपिक कंपाउंड तीरंदाजी में अपना दबदबा बनाते हुए टीम स्पर्धाओं में क्लीन स्वीप करते हुए स्वर्ण पदकों की हैट्रिक लगायी तथा पुरुष टीम, महिला टीम और मिश्रित टीम स्पर्धा जीतीं। इनमें से दो में ज्योति टीम का हिस्सा रहीं। ज्योति सुरेखा वेन्नम, अदिति स्वामी और परनीत कौर की तिकड़ी ने महिला कंपाउंड टीम स्पर्धा ने इटली को 236.225 से हराया। भारतीय तिकड़ी ने 24 तीरों में सिर्फ चार अंक गंवाये और छठी वरीयता प्राप्त इटली को बड़े अंतर से हराकर स्वर्ण पदक से खाता खोला। पुरूष टीम में अभिषेक वर्मा, प्रियांश और प्रथमेश एफ ने नीदरलैंड को 238.231 से मात दी।

## मयंक यादव ने नेट में गेंदबाजी शुरू की, पूर्ण मैच फिटनेस हासिल करने के करीब



लखनऊ, 27 अप्रेल। इंडियन प्रीमियर लीग के पहले दो मैच में अपनी रफ्तार से क्रिकेट जगत में तलहका मचाने वाले लखनऊ सुपर जायंट्स के तेज गेंदबाज मयंक यादव ने पेट के निचले हिस्से में चोट के कारण लगभग तीन सप्ताह के आराम के बाद नेट में गेंदबाजी करना शुरू कर दिया है। लखनऊ सुपर जाइंट्स के सहायक कोच श्रीधरन श्रीराम ने राजस्थान रॉयल्स के खिलाफआईपीएल मैच की पूर्व संध्या पर कहा कि वह फिर से खेलने के करीब हैं। दिल्ली के 21 वर्षीय तेज गेंदबाज ने लगातार तीन तीन विकेट लिए और लगातार 150 किमी प्रति घंटे की रफ्तार पार करके सभी को हैरान कर दिया। लेकिन तीसरे ही मैच में चोटिल हो गये। वह 'साइड स्ट्रेन' के कारण पूरे रणजी ट्राफी सत्र में नहीं खेले थे। श्रीराम ने शुक्रवार को प्रेस कांफ्रेंस में कहा, "वह आज नेट में गेंदबाजी कर रहा है। इसलिए हम देखेंगे कि वह आज के बाद कैसे गेंदबाजी करता है। वह फिर से खेलने के काफी करीब है। इसकी उम्मीद है। " श्रीराम ने कहा, " मैंने पिछले लगभग एक महीने से उनके साथ काम किया है। वह बहुत परिपक्व लगता है और वह अपने शरीर को अच्छी तरह से जानता है जो एक युवा तेज गेंदबाज के लिए बहुत अच्छी बात है।

## पीजीडीएवी कॉलेज ने जाकिर हुसैन कॉलेज को 233 रनों से हराया

नई दिल्ली, 27 अप्रेल। श्रेष्ठ यादव के तूफानी शतक और उसके बाद घातक गेंदबाजी की बदौलत पीजीडीएवी (प्रात:) कॉलेज ने द्वितीय स्वामी दयानंद सरस्वती डे-नाइट टी-20 इंटर कॉलेज क्रिकेट टूर्नामेंट में जाकिर हुसैन कॉलेज को 233 रनों से रौंद दिया। जाकिर हुसैन कॉलेज ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए पीजीडीएवी (प्रात:) कॉलेज ने 2 विकेट पर 272 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। पीजीडीएवी कॉलेज की ओर से श्रेष्ठ पी. यादव ने सिर्फ 70 गेंदों में 172 रनों की शतकीय पारी खेली। 273 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी जाकिर हुसैन कॉलेज की टीम को पीजीडीएवी कॉलेज के गेंदबाजों ने 7.2 ओवर में 39 रन ढ़ेरकर मुकाबला जीत लिया। पीजीडीएवी कॉलेज की ओर से गौरव मेहरा ने 7 रन देकर 3 विकेट लिए। पीजीडीएवी (प्रात:) कॉलेज के श्रेष्ठ पी. यादव को प्रमोद सेठी, कुलवीर गहलोत और विपिन त्यागी द्वारा प्लेयर ऑफ द मैच से नवाजा गया।

## भारतीय एथलीट खुद को दुनिया के शीर्ष एथलीटों से कम नहीं समझते : तूर



नई दिल्ली, 27 अप्रेल। भारतीय के शीर्ष गोला फेंक खिलाड़ी तजिंदरपाल सिंह तूर का मानना है कि तोक्यो ओलंपिक में विश्व चैंपियन नीरज चोपड़ा के ऐतिहासिक स्वर्ण पदक से भारतीय खिलाड़ियों का 'विश्वास बढ़ा' है और वे खुद को 'शीर्ष वैश्विक एथलीटों से कम नहीं' समझते हैं।

दो बार के एशियाई खेलों के स्वर्ण पदक विजेता तूर ने कहा कि चोपड़ा की उपलब्धि के बाद मानसिकता में आए बदलाव ने भारतीय एथलीटों को विश्वास दिलाया है कि वे पेरिस ओलंपिक में सिर्फ भाग लेने के लिए नहीं बल्कि जीतने के लक्ष्य के साथ जा रहे हैं। तूर ने शनिवार को यहां 'टीसीएस विश्व 10के बेंगलुरु' की पूर्व संध्या पर आयोजित एक पैनल चर्चा में कहा, " तोक्यो ओलंपिक खेलों में नीरज चोपड़ा के स्वर्ण पदक के बाद से खिलाड़ियों का आत्मविश्वास बढ़ा है। हम में से हर कोई इसमें केवल भाग लेने के लिए नहीं जा रहा है। हम पदक जीतने की मानसिकता के साथ वहां जा रहे हैं।"

उन्होंने कहा, "मुझे लगता है कि आज मानसिकता में बदलाव आया है। हम अपने आप को उन शीर्ष वैश्विक एथलीटों से कम नहीं समझते जिनके साथ हम प्रतिस्पर्धा करते हैं। विश्व चैंपियनशिप के नतीजों को देखें, हमारे पास नीरज और किशोर जेना पोडियम पर थे। हमारे पास डीपी मनु भी थे। वह इसी स्पर्धा के फाइनल में पहुंचे थे।" चर्चा में 27 बार के आईबीएसएफ विश्व चैंपियन पंकज आडवाणी, शीर्ष निशानेबाज तेजस कृष्ण प्रसाद, स्क्वाश स्टार जोशना चिनप्पा, पूर्व अंतरराष्ट्रीय एथलीट और अर्जुन पुरस्कार विजेता अश्विनी नचप्पा भी शामिल थे।

## भारतीय क्रिकेट को हार्दिक पंड्या को इतनी तवज्जों नहीं देनी चाहिए : इरफान पठान

नई दिल्ली, 27 अप्रेल। पूर्व तेज गेंदबाज इरफान पठान ने कहा कि भारतीय क्रिकेट को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एक हरफनमौला खिलाड़ी के रूप में हार्दिक पंड्या को इतनी प्राथमिकता नहीं देनी चाहिए क्योंकि वह आईसीसी टूर्नामेंट में प्रभावित करने में विफल रहे हैं। मुंबई इंडियंस का यह आलराउंडर इस आईपीएल सत्र में खराब फॉर्म से जूझ रहा है जिससे उनके भारत की टी20 विश्व कप टीम में शामिल होने पर सवाल उठ रहे हैं। टीम की घोषणा जल्द ही की जानी है।

पठान ने स्टार स्पोर्ट्स पर 'प्रेस रूम शो, टिकट टू वर्ल्ड कप' में कहा, "हार्दिक पंड्या के बारे में कहूं तो भारतीय क्रिकेट को यह स्पष्ट करने की जरूरत है कि उन्हें उतनी प्राथमिकता नहीं देनी चाहिए जितनी उन्होंने अब तक दी है। क्योंकि हमने अभी तक (उनकी मौजूदगी में) विश्व कप नहीं जीता है। " उन्होंने कहा, "अगर आपको लगता है कि आप एक मुख्य आलराउंडर हैं तो आपको अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उस तरह का प्रदर्शन करना होगा। जहां तक आलराउंडर का सवाल है तो उसने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इस तरह से प्रभावित नहीं किया है। हम सिर्फ उसकी क्षमता के बारे में सोच रहे हैं। उन्होंने कहा कि आईपीएल और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में प्रदर्शन में काफी बड़ा अंतर है तथा उन्होंने पंड्या को टूर्नामेंट चुनने के बजाय पूरे साल खेलने की सलाह दी। पठान ने कहा, "हम आईपीएल और अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शन के बीच भ्रमित हो रहे हैं। दोनों में काफी अंतर है। सबसे पहले तो उसे पूरे साल खेलना होगा। वह चुनकर टूर्नामेंट नहीं खेल सकता। " उन्होंने कहा, "भारतीय क्रिकेट को ऐसा करना बंद करना होगा। किसी एक खिलाड़ी को तवज्जो देना बंद करें क्योंकि अगर आप ऐसा करोगे तो आप बड़े टूर्नामेंट नहीं जीत सकते। " पठान ने कहा, "आस्ट्रेलिया इतने वर्षों से 'टीम गेम' को प्राथमिकता दे रहा है। हर किसी को सुपरस्टार बना रहा हैं, उनकी टीम कोई एक सुपरस्टार नहीं, टीम में हर कोई सुपरस्टार है।

## अब लगता है कि टी-20 में कोई भी लक्ष्य सुरक्षित नहीं है : करन

कोलकाता, 27 अप्रेल। टी20 क्रिकेट इतिहास में सर्वश्रेष्ठ रन चेज का रिकार्ड बनाने वाली पंजाब किंग्स के कप्तान कप्तान सैम करन ने कहा कि अविश्वनीय मगर हकीकत में इस जीत को देख कर लगने लगा है कि अब छोटे फार्मेट के क्रिकेट में कोई भी लक्ष्य सुरक्षित नहीं है। उन्होने कहा के लिये वह पूरी टीम को विशेषकर जॉनी ब्रेयस्टो और शशांक को इस जीत का श्रेय देना पसंद करेंगे। दोनो ने असाधारण खेल का प्रदर्शन किया और एक विश्वनीय लक्ष्य को बेहद आसान बना दिया। ऐसा लग रहा है कि टी20 क्रिकेट बेसबॉल में तब्दील हो गया है। पंजाब के कप्तान ने कहा कि खराब फार्म से जूझ रहे ब्रेयस्टो के लिये यह मैच उनके आत्मविश्वास को वापस लाने वाला था। लियम लिविंगस्टन की जगह पर आए ब्रेयस्टो ने 48 गेंदों पर आठ चौके और नौ छक्कों की मदद से 108 रनों की नाबाद पारी खेली और अपनी टीम को एक रिकॉर्ड जीत दिलाई इस बीच ब्रेयस्टो ने कहा मैं इससे पहले कभी ऐसे मैच में नहीं रहा, जब एक पारी में 260 रन बने हो। जब गेंद आपके पाले में आती है तो आपको प्रहार करना ही होता है और मैने ऐसा ही किया। करन ने शशांक सिंह की तारीफ करते हुये कहा वह हमारे लिए इस सीज़न की खोज रहे हैं। उन्हें इस मैच में नंबर चार पर भेजकर एक अतिरिक्त ज़िम्मेदारी दी गई थी, जिसे उन्होंने बख़ूबी निभाया। वह और आशुतोष शर्मा इस साल अविश्वसनीय रहे हैं और मैं दोनों के लिए बहुत ख़ुश हूं। शशांक ने मात्र 28 गेंदों पर नाबाद 68 रन बना कर केकेआर की उम्मीदों पर पानी फेर दिया था।

## टी-20 वर्ल्ड कप 2024 से पहले नेपाल ने वेस्टइंडीज को दी मात



नई दिल्ली, 27 अप्रेल। वेस्टइंडीज क्रिकेट टीम नेपाल दौरे पर है, जहां टीम का आगमन ही चर्चा में रहा। दरअसल, वेस्टइंडीज टीम को अपना सामान एयरपोर्ट के बाहर एक छोटे टेम्पो पर रख कर ले जाना पड़ा। इसका वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वहीं नेपाल ने वेस्टइंडीज की टीम को हरा दिया, जबकि मेहमान टीम ने 205 रनों का विशाल लक्ष्य नेपाल को दिया था। रोस्टन चेस की कप्तानी में वेस्टइंडीज ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 204 रन बनाए थे। कप्तान चेस ने सबसे ज्यादा 74 रन बनाए, 46 गेंदों में खेली इस पारी में उन्होंने 2 छक्के और 9 चौके जड़े। इससे पहले अलिक एथंज़े ने 47 और कैसी कार्ती ने 26 गेंदों में 38 रन बनाए। नेपाल क्रिकेट टीम ने 205 रनों के विशाल लक्ष्य को 2 गेंद शेष रहते हासिल कर लिया। कप्तान रोहित पौडेल ने 54 गेंदों में 112 रनों की ताबड़तोड़ पारी खेली। इस पारी में उन्होंने 10 चौके और 6 छक्के जड़े, उनके बाद नेपाल के लिए सबसे ज्यादा 24 रन दीपेंद्र सिंह ने बनाए। रोहित पौडेल को उनकी मैच जिताऊ पारी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

## उबेर कप : अश्मिता चालिहा ने किया उलटफेर

### भारतीय महिलाओं ने कनाडा को 4-1 से हराया



नई दिल्ली, 27 अप्रेल। अश्मिता चालिहा ने अपने से ऊंची रैंकिंग की खिलाड़ी मिशेल लि को हराकर उलटफेर किया जिससे भारतीय महिला टीम ने शनिवार को यहां उबेर कप टूर्नामेंट में कनाडा पर 4-1 से जीत से सकारात्मक शुरुआत की। रैंकिंग में 53वें स्थान पर काबिज चालिहा ने मानसिक मजबूती और जज्बे का शानदार प्रदर्शन करते हुए दुनिया की 25वें नंबर की खिलाड़ी लि को शुरुआती एकल मुकाबले में 42 मिनट में 26-24 24-22 से मात दी।

लि 2014 और 2022 राष्ट्रमंडल खेलों में क्रमशः स्वर्ण और रजत पदक विजेता हैं। फरवरी में पहली बार एशिया टीम चैम्पियनशिप जीतने वाली भारतीय टीम का हिस्सा रही चालिहा ने पीवी सिंधू सहित शीर्ष खिलाड़ियों की अनुपस्थिति में जिम्मेदारी अच्छी तरह निभायी। पिछले दिसंबर में सीनियर राष्ट्रीय चैम्पियनशिप का खिताब जीतने वाली प्रिया कोन्जेंगबाम और श्रुति मिश्रा की युवा महिला युगल जोड़ी ने कैथरीन चोई और जेसलिन चाउ को 21-12, 21-10 से हराकर भारत को 2-0 से आगे कर दिया।

इशारानी बरुआ ने वेन यू झांग को 21-13, 21-12 से हराकर भारत को 3-0 की अजेय बढ़त दिलाने में मदद की। दूसरे महिला युगल में सिमरन सिंघी और रितिका ठाकर को कनाडा की जैकी डेंट और क्रिस्टल से 19-21, 15-21 से हार का सामना करना पड़ा। इससे बाद राष्ट्रीय चैम्पियन अनमोल खरब ने पांचवें और अंतिम मैच में एलियाना झांग को 21-15, 21-11 से हराकर आसान जीत हासिल की।

# ‘चुनाव आयोग का रवैया भाजपा के पक्ष में रहता है’

## विपक्ष के, कांग्रेस, सी.पी.आई. व सी.पी.एम. ने प्र.मंत्री मोदी द्वारा आचार संहिता के उल्लंघन के मामलों में कहा

-श्रीनन्द झा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

- इन नेताओं के अनुसार, प्र.मंत्री के खिलाफ विपक्ष द्वारा 27 शिकायतें की गई हैं, ‘‘मॉडल कोड ऑफ कन्डक्ट’’ का उल्लंघन करने के मामलों में।
- पर, चुनाव आयोग ने केवल एक शिकायत पर कार्यवाही का नोटिस दिया है, वह भी पार्टी अध्यक्ष नड्डा को संबोधित करके।
- जबकि उद्धव ठाकरे, राहुल गांधी तथा केजरीवाल को तुरन्त सीधा नोटिस थमा दिया था तथा नवजोत सिंह सिद्धू पर तो 72 घंटे तक प्रचार न करने की पाबंदी लगायी थी।

नई दिल्ली, 27 अप्रैल। चुनाव आयोग पर विपक्ष का यह आरोप है कि वह ‘‘पक्षपाती’’ है पूरी तरह से गलत नहीं लगता है। वर्ष 2019 से अब तक विपक्षी पार्टियों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा आदर्श चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन करने के खिलाफ कम से कम 27 शिकायतें दर्ज करवाई है। अब तक इनमें से एक पर भी चुनाव आयोग द्वारा ठोस कार्यवाही नहीं की गई है। इसके विपरीत चुनाव आयोग के बारे में ऐसा प्रतीत होता है। वह विपक्षी नेताओं को आगे बढ़कर तेजी से नोटिस जारी कर रहा है। 21 अप्रेल को चुनाव आयोग ने महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे को नोटिस दिया था जिसमें उनसे कहा गया था कि वे उनकी पार्टी के नये गाने से ‘‘जय भवानी’’ व ‘‘हिन्दू’’ शब्द हटा दें।

पिछले साल नवम्बर में चुनाव आयोग ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी को इस बात के लिए कारण बताओ नोटिस जारी किया था कि उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी पर निशाना साधते हुए उनके लिए ‘‘पनौती’’ जेब काटने वाला और मित्रों का ऋण माफ करने वाला जैसे शब्दों का इस्तेमाल किया था। आप पार्टी के अध्यक्ष अरविंद केजरीवाल को इस बात के लिए नोटिस जारी किया था कि उन्होंने सोशल मीडिया पर पोस्ट के जरिए प्रधानमंत्री का ‘‘अपमान’’ किया था।

वर्ष 2019 में, ई.सी. ने कांग्रेस के वरिष्ठ नेता नवजोत सिंह सिद्धू पर 72 घंटे तक प्रचार करने पर प्रतिबंध इसलिए लगा दिया था क्योंकि उन्होंने बिहार की एक सभा में मुस्लिमों को सचेत करते हुए कहा था कि ‘‘वे लोग जनता के बीच में ए.आई.एम.आई.एम. के अध्यक्ष असदुदीन ओवैसी जैसे नेताओं को लाकर आपको आपस में विभाजित कर रहे हैं।

प्रधानमंत्री के खिलाफ विपक्षी नेताओं ने चुनाव आयोग में 27 शिकायतों के मामले दर्ज करवाए थे उसमें से 12 मामले साम्प्रदायिकतापूर्ण भाषण देने के थे, 8 मामलों में सशस्त्र बलों से कहा गया था कि वे वोट डालने के लिए कहें, एक मामला राजनीतिक विज्ञापन में सरकारी योजनाओं की सूचना के प्रयोग का था। इसके साथ ही एक शिकायती मामला धर्म के आधार पर वोट मांगने का, एक मामला सरकार के मंत्रालयों से चुनाव प्रचार के लिए भाषण तैयार कराने का, एक चुनाव प्रचार में अवयस्क बच्चों के उपयोग एवं एक ‘‘प्रचार बंद काल’’ के उल्लंघन का था जिसमें चुनाव से पूर्व चुनाव निषेध होता है।

प्रधानमंत्री के नाम का उल्लेख किए बगैर, चुनाव आयोग ने सिर्फ एक शिकायत पर कार्यवाही करते हुए भाजपा के अध्यक्ष जे.पी. नड्डा को इस बात के लिए एक नोटिस दिया जो उनके ‘‘स्टार चुनाव प्रचारक’’ के भाषण से संबंधित था, ‘‘जो कि आदर्श चुनाव आचार संहिता के उल्लंघन से संबंधित हो सकता है।’’

कांग्रेस, सी.पी.एम., सी.पी.आई., एम.एल. की शिकायतों के आधार पर नोटिस दिया गया था। इन दलों ने आरोप लगाया गया है कि प्रधानमंत्री ने हाल ही में आयोजित जनसभाओं में ‘‘साम्प्रदायिकतापूर्ण भाषण’’ दिया था, अपने भाषण में मोदी ने कहा था कि अगर इंडिया गठबंधन का सत्ता में लाने के लिए वोट दिया तो कांग्रेस भारतीय नागरिकों की सम्पत्ति को ‘‘घुसपैठियों’’ में बांट देगी।

# जानेमाने वकील उज्ज्वल निकम को भाजपा ने मुंबई से टिकट दिया

- निकम ने वर्ष 2008 के मुंबई आतंकवादी हमले में पकड़े गये पाकिस्तानी आतंकी अजमल कसाब को फांसी दिलवाने में बतौर सरकारी वकील अहम् भूमिका निभायी थी। इसके अलावा वे गुलशन कुमार हत्याकांड जैसे कई हाई प्रोफाइल केस लड़ चुके हैं।

नई दिल्ली 27 अप्रैल (वार्ता)। भाजपा ने मुंबई उत्तर मध्य लोकसभा सीट से इस बार जाने माने वकील उज्ज्वल निकम को उम्मीदवार घोषित किया है। भाजपा ने लोकसभा उम्मीदवारों की 15वीं सूची घोषित की जिसमें मुंबई उत्तर मध्य सीट से मौजूदा सांसद पूनम महाजन की जगह निकम को उम्मीदवार घोषित किया है। निकम ने वर्ष 2008 के मुंबई आतंकवादी हमले में पकड़े गये पाकिस्तानी आतंकी अजमल कसाब को फांसी दिलवाने में बतौर सरकारी वकील अहम भूमिका निभायी थी। उन्होंने 1993 के बम धमाकों, गुलशन कुमार हत्याकांड जैसे हाई प्रोफाइल मामलों में भी सरकारी पक्ष की सफलता पूर्वक पैरवी की थी।

# एन.सी.बी. ने राजस्थान में 300 करोड़ रुपये की नशीली दवा जब्त की

## नारकॉटिक्स कंट्रोल ब्यूरो ने गुप्त तरीके से चल रही तीन दवा प्रयोगशालाओं का भंडाफोड़ किया

- एन.सी.बी. ने तीन संदिग्ध स्थानों, राजस्थान के जालोर जिले के भीनमाल, जोधपुर जिले के ओसियां और गुजरात के गांधीनगर जिले में एक साथ छापेमारी की।
- छापेमारी के दौरान कुल 149 किलोग्राम मेफेड्रोन (पाउडर और तरल रूप में), 50 किलोग्राम एफेड्रिन और 200 लीटर एसीटोन की बरामदगी की गयी। गांधीनगर में पकड़े गए लोगों से पूछताछ के आधार पर अमरेली (गुजरात) में एक और जगह की पहचान की गई है, जहां छापेमारी जारी है।

नई दिल्ली 27 अप्रैल (वार्ता) नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो ने गुजरात पुलिस के आतंकवाद रोधी दस्ते के साथ मिलकर गुजरात और राजस्थान में नशीली दवा बनाने वाली तीन अत्याधुनिक गुप्त प्रयोगशालाओं का भंडाफोड़ कर 300 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य की दवा जब्त की हैं।

ब्यूरो ने शनिवार को जारी विज्ञिप्त में बताया कि इस संयुक्त कार्रवाई में मुख्य रूप से मेफेड्रोन नाम की नशीली दवा बनाने वाली तीन गुप्त प्रयोगशालाओं का भंडाफोड़ किया गया है । ब्यूरो ने कहा है कि अभी चौथी प्रयोगशाला पर छापेमारी जारी है। रात भर कई राज्यों में चले ऑपरेशन में 149 किलोग्राम मेफेड्रोन (पाउडर और तरल रूप में), 50 किलोग्राम एफेड्रिन और 200 लीटर एसीटोन जब्त किया गया। इस अभियान में सात व्यक्ति गिरफ्तार किये गये हैं और सरगना की पहचान कर ली गयी है। अब जांच एजेन्सी इन दवाओं के वितरण से जुड़े नेटवर्क की जांच कर रही है।

आतंकवाद रोधी दस्ते को गुजरात और राजस्थान से संचालित इन गुप्त प्रयोगशालाओं के बारे में जानकारी मिली थी। तीन महीने से अधिक समय तक चले ऑपरेशन में इस नेटवर्क में शामिल व्यक्तियों के साथ-साथ गुप्त प्रयोगशालाओं की पहचान के लिए गहन तकनीकी और जमीनी निगरानी की गई।

संयुक्त टीमों ने तीन संदिग्ध स्थानों राजस्थान के जालोर जिले के भीनमाल, जोधपुर जिले के ओसियां और गुजरात के गांधीनगर जिले में एक साथ छापेमारी की। इस दौरान कुल 149 किलोग्राम मेफेड्रोन (पाउडर और तरल रूप में), 50 किलोग्राम एफेड्रिन और 200 लीटर एसीटोन की बरामदगी की गयी। गांधीनगर में पकड़े गए लोगों से पूछताछ के आधार पर अमरेली (गुजरात) में एक और जगह की पहचान की गई है, जहां छापेमारी जारी है।

ब्यूरो ने कहा है कि इस नेटवर्क के सरगना की पहचान कर ली गई है और जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा। इन दवाओं के वितरण नेटवर्क, राष्ट्रीय और साथ ही किसी भी अंतर्राष्ट्रीय लिंकेज को ट्रैक करने और पहचानने का प्रयास भी किया जा रहा है।

मेफेड्रोन, जिसे 4-मिथाइलमेथकैथिनोन, 4-एमएमसी और 4-मिथाइलफेड्रोन के नाम से भी जाना जाता है, एम्फ़ैटेमिन और कैथिनोन वर्गों की एक सिंथेटिक उत्तेजक दवा है। इसे ड्रोन, एम-कैट, व्हाइट मैजिक, ‘म्याऊ म्याऊ’ और बबल के नाम से भी जाना जाता है।

# एक बार फिर ममता बनर्जी चुनाव...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

- तृणमूल कांग्रेस ने पलटवार किया एन.आई.ए. की टीम के खिलाफ और कहा कि, यह जखीरा टीम द्वारा ही मकान पर रखा गया था तृणमूल को बदनाम करने के लिये।
- तृणमूल ने इस बारे में चुनाव आयोग को शिकायत भी की है।

के साथ रंगे हाथों न पकड़ा जा सके। रेड और हथियारों के जखीरे की बरामदगी पर तृणमूल कांग्रेस ने कड़ी प्रतिक्रिया दी और कहा कि पार्टी ने चुनाव आयुक्त को लिखा है कि केन्द्रीय एजेंसिया जानबूझकर चुनावी दौर में इस तरह की रेड डाल रही हैं।

पार्टी ने यह भी आरोप लगाया कि हथियार उस स्थान पर स्वयं जांच एजेंसियों ने ही रखे थे ताकि मतदाताओं को प्रभावित किया जा सके और तृणमूल पार्टी की छवि खराब की जा सके।

पार्टी ने इस बात की शिकायत की है यहां तक कि, केन्द्रीय जांच एजेंसी ने अपने इस अभियान में राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड (एन.एस.सी.) के बम निरोधक दस्ते को भी बुला लिया, जबकि राज्य सरकार पास भी बमों को निष्क्रिय करने वाला विशेषज्ञों का दस्ता है।

तृणमूल कांग्रेस ने यह भी आरोप लगाया कि केन्द्रीय जांच एजेंसियों ने कार्यवाही से पूर्व ही मीडिया को सूचित कर दिया था ताकि राज्य सरकार को इनकी कार्यवाहियों का पता चलने से पहले ही राष्ट्रीय मीडिया में खबरें चलनी शुरू हो जाएं।

इस सप्ताह के प्रारंभ में कलकत्ता हाई कोर्ट ने रोजगार के बदले रिश्वत से संबंधित मामले में राज्य सरकार के आचरण की जांच करने के लिए जांच का आदेश दिया था। साफ है कि राज्य सरकार ने स्कूलों ने नियुक्तियों से संबंधित घोटाले के सबूतों को छिपाने के लिए जानबूझकर आवश्यकता से अधिक पद सृजित किए थे।

इस बीच, जिस हैलीकॉप्टर से ममता बनर्जी यात्रा कर रही थी उसमें वे अचानक गिर गई। ऐसा लगता है जैसे वे चुनाव से पहले वह हमेशा घायल हो जाती हैं। यह उनके लिए एक अच्छा शगुन है चोट लगना-एक चुनाव के दौरान। परन्तु ऐसी घटनाएं उनके साथ अनेकों बार हुई है और यह भी।

# चीन पर लगा अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में हस्तक्षेप का आरोप

वॉशिंगटन, 7 अप्रेल। अमेरिका के राष्ट्रपति चुनाव में चीन दखल देने की कोशिश कर रहा है? इसे लेकर अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि यूएस ने चीन की ओर से अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव को प्रभावित करने और हस्तक्षेप करने के प्रयास के सबूत देखे हैं। मालूम हो कि अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव इसी साल नवंबर में होना है। इसमें मौजूदा राष्ट्रपति और डेमोक्रेटिक पार्टी के उम्मीदवार जो बाइडन और रिपब्लिकन पार्टी के संभावित उम्मीदवार पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच फिर से मुकाबला हो सकता है। 2020 के राष्ट्रपति चुनाव में बाइडन ने ट्रंप को हरा दिया था।

# जर्मनी ने भारत को हथियार एक्सपोर्ट करने पर प्रतिबंध हटाया

- जर्मनी ने शुरु से ही सभी गैर नाटो देशों को हथियारों की बिक्री को प्रतिबंधित कर रखा था लेकिन भारत को एक ‘‘एक्सैप्शन’’ के तौर पर रखकर इस प्रतिबंध से छूट दे दी गई है।

लंदन, 27 दिसम्बर। जर्मनी ने भारत के लिए हथियारों की बिक्री से प्रतिबंध हटा लिया है। जर्मनी ने कहा है कि वह भारत को अपवाद के तौर पर मानते हुए छोटे हथियारों की बिक्री पर से प्रतिबंध हटा रहा है। यूरोपीय देश का ये कदम भारत के साथ उसके बढ़ते रणनीतिक और सैन्य संबंधों को दर्शाता है। इससे पहले जर्मनी का अपना एक नियम था। उसने गैर-नाटो देशों को छोटे हथियारों की बिक्री पर प्रतिबंध लगाया था। द इंडियन एक्सप्रेस ने घटनाक्रम से जुड़े सूत्रों के हवाले से लिखा है कि जर्मनी से छूट मिलने के बाद भारत अब अपनी सेना और राज्य पुलिस बलों के लिए छोटे हथियारों को खरीद सकता है। राजनयिक सूत्रों के अनुसार, जर्मनी ने इस महीने की शुरुआत में राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड (एनएसजी) को उसकी एमपी5 सबमशीन गन के लिए स्पेयर पार्ट्स और अन्य उपकरण खरीदने की अनुमति दी है।

बता दें कि हेकलर एंड कोच एमपी5 एक सबमशीन गन है जिसे 1960 के दशक में जर्मन हथियार निर्माता हेकलर एंड कोच द्वारा बनाया गया था। खास बात ये है कि यही सबमशीन गन वर्तमान में और भारतीय नौसेना के समुद्री कमांडो द्वारा इस्तेमाल की जाती है। रिपोर्ट के अनुसार, जर्मनी ने अपने निर्यात लाइसेंसिंग नियमों में भी काफी ढील दी है। इसके चलते पिछले महीने कई भारतीय ऑर्डर को मंजूरी दी गई है। इससे पहले भी, छोटे हथियारों को छोड़कर, 95 प्रतिशत भारतीय खरीद सौदों को मंजूरी दे दी जाती थी, लेकिन प्रक्रिया में समय लगता था, जिससे जर्मनी को इस प्रक्रिया को आसान बनाना पड़ा।

रिपोर्ट के मुताबिक, भारत और जर्मनी के बीच रक्षा सहयोग तेजी से बढ़ रहा है। भारतीय वायु सेना अपने एएन-32 को रिप्लेस करने के लिए 18 से 30 टन की वहन क्षमता वाले मध्यम परिवहन विमान (एमटीए) की तलाश कर रही है, जिसमें जर्मनी सहित कई वैश्विक निर्माता रुचि ले रहे हैं। इसके अलावा, इसी साल अक्टूबर के अंत में, जर्मनी से दो जहाज (संभवतः एक फ्रिगेट और एक टैंकर) एक बड़ी तैनाती के हिस्से के रूप में भारत का दौरा करेंगे।

# जालोर-सिरोही...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

- अशोक गहलोत भारी धन राशि खर्च करके भी वैभव के पक्ष में जाति समीकरणों को नहीं साध पाए। अन्य जातियां तो दूर, वे अपनी ही जाति के वोट बैंक को एकजुट नहीं कर पाए।

पारम्परिक मतदाता हैं। इसलिए 62.89 प्रतिशत मतदान होना भाजपा प्रत्याशी के लिए राहत भरी खबर है।

जालोर -सिरोही में चौधरी, देवासी, एस.सी. - एस.टी., ओ.बी.सी. जाति के वोटर अधिक हैं, जिनमें चौधरी, देवासी व ओबीसी भाजपा के वोटर हैं। पूर्व सीएम ने यहाँ प्रचार तो खूब किया, लेकिन वे अपने पुत्र के पक्ष में मतदाताओं को रिझा नहीं पाये। यहाँ तक कहा जा रहा है कि, वे अपनी जाति के वोटरों को भी एक नहीं कर पाये। इस बार चौधरी समाज ने एकजुट होकर अपने भाजपा प्रत्याशी लुम्बाराम चौधरी के पक्ष में जमकर मतदान किया।

इस बार आहोर में 57.01 प्रतिशत मतदान हुआ, जबकि विधानसभा चुनाव में 61.24 प्रतिशत मतदान हुआ था। भीनमाल में 62.38 प्रतिशत मतदान हुआ जबकि विधानसभा चुनाव में 65.34 प्रतिशत, रानीवाडा में 63.95 प्रतिशत, विधानसभा चुनाव में 77.89 प्रतिशत हुआ था। सांचोर में इस बार 66.14 प्रतिशत मतदान हुआ, जबकि विधानसभा चुनाव में 80.91 प्रतिशत हुआ था। सिरोही में 58.10 प्रतिशत मतदान हुआ, और विधानसभा चुनाव में 66.01 प्रतिशत हुआ था। आबू पिण्डवाडा में 67.22 प्रतिशत मतदान, जबकि विधानसभा चुनाव में 70.06 प्रतिशत मतदान हुआ था। रेवदर में 65.84 प्रतिशत मतदान हुआ, जबकि विधानसभा चुनाव में 69.64 प्रतिशत मतदान हुआ था। जालोर में इस बार 63.19 प्रतिशत मतदान हुआ, जबकि विधानसभा चुनाव में 62.72 मतदान हुआ था। विधानसभा चुनाव की तुलना में लोकसभा चुनाव में स्थानीय नेताओं ने भी रूचि नहीं दिखाई। 62.89 प्रतिशत मतदान भाजपा प्रत्याशी को जीत दिला सकता है। भाजपा के कार्यकर्ता व आर.एस.एस. के कार्यकर्ताओं ने अंतिम समय में मतदाताओं को मतदान केन्द्र पर पहुंचकर मतदान करवाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

पूर्व सीएम ने चौधरी बहुल इस सीट पर अपने पुत्र वैभव की नैया पार करने के लिए पूरा जोर लगाया है। ऐसे कयास भी लगाये जा रहे हैं कि यदि वैभव के पक्ष में प्रचार करने सचिन पायलट आते तो वैभव को नुकसान की बजाय फायदा ही मिलता और कांग्रेस के पक्ष में मत प्रतिशत भी बढ़ता। लेकिन अशोक गहलोत ने अपने स्वाभिमान के खातिर सचिन को जालोर- सिरोही में प्रचार के लिए बुलाना मुनासिब नहीं समझा।

जालोर- सिरोही लोकसभा सीट भाजपा का गढ़ रहा है। वर्ष 2019 के चुनाव में मतदान 65.74 प्रतिशत था जिसमें भाजपा के देवजी पटेल को 56.76 प्रतिशत और कांग्रेस के रतन देवासी को 37.58 प्रतिशत मत प्राप्त हुए थे। कहा जा रहा है कि, देवासी समाज बहुल होने के बाद भी रतन देवासी जीत नहीं पाये, तो पूर्व मु.मंत्री के पुत्र का इस सीट पर जीतना आसान नहीं है। इसलिए गहलोत चिंतित नजर आ रहे हैं।

# भूखंड का कब्जा नहीं...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

आवंटित किया। उसने 25 हजार रुपए जमा करा दिए और 22 मार्च को उसे आवंटन पत्र भी जारी हो गया। उसने 4 अप्रैल, 2013 को 9,36,700 रुपए जमा करा दिए, लेकिन जे.डी.ए. ने कानूनी विवाद के चलते यह भूखंड निरस्त कर 2019 में उसे मौजूदा भूखंड से 25 वर्गमीटर कम क्षेत्रफल का नया भूखंड आवंटित किया, लेकिन इस भूखंड का भी कब्जा नहीं दिया। परिवादी ने इस मामले को उपभोक्ता अदालत में चुनौती देते हुए जे.डी.ए. से जमा राशि हर्जा-खर्चा सहित दिलाने का आग्रह किया। जे.डी.ए ने जवाब में कहा कि, आवासीय योजना में कानूनी विवाद आ गया था और उसका उन पर कोई नियंत्रण नहीं है। अब अमृत कुंज द्वितीय योजना में परिवादी को आवंटन की तैयारी कर रहे हैं। आयोग ने दोनों पक्षों को सुनकर परिवादी के पक्ष में फैसला देकर जे.डी.ए. पर 25 हजार रुपए का जुर्माना लगाते हुए उसे जमा राशि ब्याज सहित लौटाने का आदेश दिया है।

# सिख समाज की...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

तरुण चुघ, पार्टी के राष्ट्रीय सचिव मनजिंदर सिंह सिरसा और दिल्ली प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा भी उपस्थित थे। लोकसभा चुनावों के पहले इस महत्वपूर्ण घटनाक्रम में सिख समाज के लगभग एक हजार प्रतिष्ठित व्यक्तित्वों ने एक साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में अटूट विश्वास करते हुए भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। इन लोगों में दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधन कमेटी के सदस्य भूपेन्द्र सिंह गिन्नी, रमनदीप सिंह थापर, परविंदर सिंह लक्की, मंजीत सिंह औलख, रमनज्योत सिंह, जैस्मीन सिंह नौनी और हरजीत सिंह पप्पा भी इस अवसर पर भाजपा परिवार में शामिल हुए। भाजपा में शामिल होने वाले सभी सदस्यों को सदस्यता की पर्ची देकर और पट्टिका पहना कर भाजपा परिवार में शामिल किया गया। सभी ने एक स्वर में देश की विकास यात्रा में योगदान देने का अपना संकल्प दोहराया।

भाजपा अध्यक्ष नड्डा ने दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधन कमेटी के सदस्यों का भाजपा परिवार में स्वागत करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का सिख समुदाय के प्रति सदैव विशेष लगाव रहा है। प्रधानमंत्री मोदी के जन कल्याणकारी और विकास कार्यों से प्रभावित हो कर हर वर्ग और हर समुदाय के लोग भाजपा से जुड़ रहे हैं। दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधन कमेटी के सदस्यों समेत सभी लोग प्रधानमंत्री के विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने में योगदान देना चाहते हैं।

# अजमेर में भाजपा के...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

पर हुए उपचुनाव में सचिन पायलट की पैरवी के बाद कांग्रेस नेता डॉ. रघु शर्मा को उम्मीदवार बनाया गया था। इस उपचुनाव में सचिन पायलट ने जी जान से रघु शर्मा के लिए मेहनत की और उसी का नतीजा था कि, मोदी लहर होने के बावजूद कांग्रेस उम्मीदवार डॉ. रघु शर्मा विजयी हुए थे। अजमेर लोकसभा क्षेत्र में सबसे अधिक मतदान शहरी क्षेत्र में हुआ है। अजमेर शहर में कांग्रेस कार्यकर्ता भी दो फाड़ में बंटे हुए नज़र आते हैं एक ओर निवर्तमान शहर अध्यक्ष विजय जैन, हेमन्त भाटी, प्रताप यादव, महेन्द्र सिंह रलावता पायलट के खेमें में माने जाते हैं वहीं, पूर्व आर.टी.डी.सी. चैयरमैन धर्मेन्द्र राठौड़, गोपाल बाहेती, द्रोपदी कोली, नौरत गुर्जर आदि ने गहलोत का दामन थामा हुआ है। आम मतदाताओं की बात की जाए तो शहरी मतदाताओं में स्थानीय मुद्दे गौण होते हुए नज़र आए और लोगों ने राम मंदिर व राष्ट्रवाद के मुद्दे पर मतदान किया है।

# ‘कुछ निहित राजनीतिक स्वार्थ वाले एन.जी.ओ भारत की प्रगति में रोड़ा बन रहे हैं’

- सुप्रीम कोर्ट ने चुनावी आंकड़े जारी करने वाले एन.जी.ओ. एसोसिएशन फॉर डैमोक्रैटिक रिफॉर्म पर गंभीर सवाल उठाये
- जस्टिस दीपांकर दत्ता ने ई.वी.एम.-वी.वी-पैट पर फैसले के दौरान कहा कि, हाल के वर्षों में कुछ निहित स्वार्थी समूहों की ओर से एक प्रवृत्ति तेजी से विकसित हो रही है, जो राष्ट्र की उपलब्धियों को कम करने की कोशिश कर रही है।

नई दिल्ली, 27 अप्रेल। ईवीएम और वीवीपैट को लेकर याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। जिसमें सर्वोच्च अदालत ने इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) में विश्वास जताया। कोर्ट ने शुक्रवार हर वोट के वेरिफिकेशन की मांग को लेकर दायर अर्जियों को खारिज कर दिया। इसके साथ ही अदालत ने याचिकाकर्ता एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) पर गंभीर सवाल उठाए। कोर्ट ने कहा कि निहित स्वार्थी समूह ने ईवीएम को बदनाम करने और चुनावी प्रक्रिया पर नकारात्मक प्रभाव डालने का प्रयास किया है।

जस्टिस दीपांकर दत्ता ने ईवीएम-वीवीपैट पर फैसले के दौरान कहा कि हाल के वर्षों में कुछ निहित स्वार्थी समूह की ओर से एक प्रवृत्ति तेजी से विकसित हो रही, जो राष्ट्र की उपलब्धियों को कम करने की कोशिश कर रही। ऐसा लगता है कि हर संभव मोर्चे पर इस महान राष्ट्र की प्रगति को बदनाम करने, कम करने और कमजोर करने का एक ठोस प्रयास किया जा रहा है। इस तरह के किसी भी प्रयास को शुरुआत में ही खत्म कर दिया जाना चाहिए। कोई भी संवैधानिक अदालत तो बिल्कुल भी इस तरह के प्रयास को तब तक सफल नहीं होने देगी, जब तक कि मामले में उसकी बात मानी जाती है। कोर्ट की इस टिप्पणी के बाद एडीआर चर्चा में आ गया। आइये जानते हैं क्या है एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स।

एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स भारत में एक गैर-लाभकारी संगठन है। ये ऐसा समूह है जो चुनाव सुधारों पर ध्यान केंद्रित करता है। भारतीय प्रबंधन संस्थान अहमदाबाद के प्रोफेसरों के एक ग्रुप ने 1999 में इसकी स्थापना की थी। एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स, भारत की राजनीतिक और चुनावी प्रक्रियाओं में पारदर्शिता और जवाबदेही की वकालत करने में अहम रोल निभाता रहा है। पिछले दो दशकों के दौरान कोर्ट में एडीआर के हस्तक्षेप से कई महत्वपूर्ण चुनावी सुधार हुए हैं।

# केन्द्रीय सरकार में प्रमुख भूमिका मिलेगी शिवराज सिंह चौहान को?

## प्रधानमंत्री मोदी ने एक रैली के दौरान कहा था कि, वे शिवराज सिंह चौहान को दिल्ली, ले जाना चाहते हैं, प्रधानमंत्री के इस बयान के बाद कयासों का बाजार गर्म है

- गौरतलब है कि, शिवराज सिंह चौहान विदिशा से लोकसभा चुनाव लड़ रहे हैं। इस शहर को उनका गढ़ माना जाता है। यहां उनका मुकाबला कांग्रेस के प्रताप भानु शर्मा से है।

भोपाल, 27 अप्रेल। मध्य प्रदेश के सबसे लंबे समय तक मुख्यमंत्री रहने वाले और भाजपा के कद्दावर नेता शिवराज सिंह चौहान की राष्ट्रीय राजनीति में शानदार एंट्री होने वाली है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने खुद ही इसका हिंट दिया है। एक रैली के दौरान उन्होंने कहा था कि वह शिवराज सिंह चौहान को दिल्ली यानी कि केंद्र में ले जाना चाहते हैं। प्रधानमं के इस बयान के बाद कयासों का बाजार गर्म है।

आपको बता दें कि, शिवराज सिंह चौहान विदिशा से लोकसभा चुनाव लड़ रहे हैं। इस शहर को उनका गढ़ माना जाता है। यहां उनका मुकाबला कांग्रेस के प्रताप भानु शर्मा से है। 1980 और 1984 में आपातकाल के बाद इंदिरा गांधी की जीत और बाद में उनकी मृत्यु के कारण पैदा हुई सहानुभूति लहर के दम पर यह सीट जीती थी। 1967 में अस्तित्व में आने के बाद ये केवल दो मौके थे जब कांग्रेस ने यह सीट जीती।

24 अप्रैल को मध्य प्रदेश के हरदा में एक रैली को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने शिवराज सिंह चौहान की प्रशंसा करते हुए कहा कि पार्टी संगठन में हो या फिर मुख्यमंत्री रहते हुए, हमने साथ-साथ काम किया है। पीएम मोदी ने रैली में कहा, ''जब शिवराज संसद गए थे, तब मैं पार्टी महासचिव के रूप में साथ काम कर रहा था। अब मैं उन्हें एक बार फिर अपने साथ दिल्ली ले जाना चाहता हूं।''

आपको बता दें कि पिछले साल संपन्न हुए विधानसभा चुनाव में भाजपा ने मध्य प्रदेश में शानदार जीत दर्ज की थी। इसमें शिवराज सिंह चौहान का भी अहम योगदान था। हालांकि, उन्हें इस चुनाव में सीएम उम्मीदवार नहीं घोषित किया गया था। भगवा पार्टी ने चौंकाते हुए मोहन यादव को उनके उत्तराधिकारी के रूप में चुना।

शिवराज सिंह चौहान अपना छठा लोकसभा चुनाव विदिशा से लड़ रहे हैं। इस सीट का प्रतिनिधित्व दिवंगत अटल बिहारी वाजपेयी (1991) और सुषमा स्वराज (1991, 2009 और 2014) जैसे भाजपा के दिग्गज नेता कर चुके हैं। रामनाथ गोयनका 1971 में इस सीट से सांसद चुने गए थे।

अपने नाम की घोषणा के बाद शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि यह सीट उन्हें वाजपेयी ने सौंपी थी और यह खुशी की बात है कि उन्हें 20 साल बाद फिर से इसका प्रतिनिधित्व करने का मौका मिल रहा है। चौहान ने कहा था, भाजपा मेरी मां है, जिसने मुझे सब कुछ दिया है।

वरिष्ठ पत्रकार और राजनीतिक पर्यवेक्षक रशीद किदवई ने बताया कि भाजपा को अपने वैचारिक संरक्षक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के दबाव में शिवराज सिंह चौहान को इस सीट से मैदान में उतारने के लिए मजबूर होना पड़ा। किदवई ने कहा, ''यह एक खुला रहस्य है कि शिवराज की लोकप्रियता को जांचने की मांग की गई थी, लेकिन आरएसएस और महिला मतदाताओं के दबाव में भाजपा ने पूर्व मुख्यमंत्री को मैदान में उतारने का फैसला किया।''

उन्होने कहा, ''वह भारी अंतर से जीतने के लिए तैयार हैं। यदि वह राज्य या राष्ट्रीय स्तर पर सबसे बड़े अंतर से जीतते हैं तो इसकी खूब चर्चा होगी। इस सीट की तुलना वाराणसी, गांधीनगर, लखनऊ और अन्य सीटों पर हार-जीत के अंतर से की जाएगी।किदवई ने कहा कि हालांकि यह देखना बाकी है कि शिवराज पीएम मोदी और अमित शाह की व्यवस्था में कैसे फिट बैठते हैं।

आपको बता दें कि विदिशा लोकसभा सीट के आठ विधानसभा सीटों में से सात पर वर्तमान में भाजपा का कब्जा है। 2009 के लोकसभा चुनाव में सुषमा स्वराज करीब 3.90 लाख वोटों के बड़े अंतर से जीत हासिल की थी।

# मणिपुर में उग्रवादी हमले में सी.आर.पी.एफ के दो जवान शहीद

- कुकी उग्रवादियों ने सी.आर.पी.एफ के जवानों पर अंधाधुंध गोलीबारी की।

इंफाल, 27 अप्रैल (वार्ता) मणिपुर के नारानसेना इलाके में शनिवार को संदिग्ध कुकी उग्रवादियों के हमले में केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के दो जवान शहीद हो गए और चार अन्य घायल हो गए।

पुलिस ने कहा कि आतंकवादियों ने बिष्णुपुर जिले के मोइरंग पुलिस थाना क्षेत्र में नारायणसेना के एक गांव में कथित तौर पर सीआरपीएफ कर्मियों पर गोलीबारी करते हुए आधी रात को हमला किया।

कुकी आतंकवादियों ने नारायणसेना में सीआरपीएफ के बी/128 बीएन शिविर की ओर बम फेंके और गोलीबारी की।

विस्फोट में इंस्पेक्टर जादव दास, एसआई एन सरकार, एचसी अरूप सैनी और सीटी आफताब हुसैन सहित चार कर्मी घायल हो गए, जबकि एसआई/जीडी एन साकार और एचसी/जीडी अरूप सैनी की मौत हो गई। सभी घायलों को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया।

राष्ट्रदूत हिन्दु संयुक्त परिवार की ओर से सोमेश शर्मा द्वारा ज्वाईन्ट मीडिया, आजाद मार्ग, मैन रोड, आयड, उदयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-राजेश शर्मा, आर.एन.आई. नं. 57928/93 जयपुर कार्यालय: सुधर्मा एम.आई.रोड, जयपुर। फोन: 2372634, 4103333-34, फैक्स : 0141-2373513 कोटा कार्यालय : पलायथा हाऊस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन: 2386031, 2386032,फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालय : कुम्भाना हाऊस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन: 2200660, फैक्स 0151-2527371 अजमेर कार्यालय: राष्ट्रदूत भवन, चुंगी नाका के पास, अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन 226422,226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालय : एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन : 256906, 256907, फैक्स: 01562-256908